मंगलवार, 27 मई 2025
मौसम
तापमान 26 – 32
आर्द्रता 82%
सूर्योदय: 4:53 सूर्यास्त: 18:14

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
www.samagya.in
# समाज्ञा
स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर
कोलकाता, ज्येष्ठ कृष्णपक्ष अमावस्या, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये
सुविचार : हर कठिनाई के बाद सफलता का उजाला होता है।


मुंबई में 75 साल में सबसे जल्द मानसून आया, एक्वा लाइन स्टेशन जलमग्न –पृष्ठ 7




RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# किसी ने हमारी बहनों का सिंदूर मिटाने की हिमाकत की तो उसका अंत निश्चित है: प्रधानमंत्री मोदी

## प्रधानमंत्री मोदी दो दिवसीय दौरे पर गुजरात पहुंचे, वडोदरा में रोड शो किया



**दाहोद (गुजरात) :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि पाकिस्तान का एकमात्र लक्ष्य भारत से नफरत करना और इसे नुकसान पहुंचाने के तरीके सोचना है, जबकि हमारे देश ने गरीबी खत्म करने और आर्थिक विकास का लक्ष्य रखा है। गुजरात के दाहोद में एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की सराहना की और कहा कि यह महज सैन्य कार्रवाई नहीं थी, बल्कि ''भारत के लोकाचार और भावनाओं की अभिव्यक्ति'' थी। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में 26 लोग मारे गए थे। इसके बाद, भारत ने छह मई की देर रात पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकी ठिकानों के खिलाफ 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाया था, जिसके परिणामस्वरूप पाकिस्तान में आतंकी ढांचों को भारी नुकसान पहुंचा। प्रधानमंत्री ने उपस्थित लोगों से कहा, ''इस तरह के आतंकी हमले के बाद भारत और मोदी कैसे चुप बैठ सकते हैं? जो कोई भी हमारी बहनों का सिंदूर मिटाने की हिमाकत करेगा, उसका निश्चित ही सफाया कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों ने कभी सपने में भी नहीं सोचा होगा कि मोदी से लड़ना इतना मुश्किल होगा। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई उस जिम्मेदारी का हिस्सा है जो देश के नागरिकों ने उन्हें 26 मई 2014 को ''प्रधान सेवक'' बनाकर दी थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि मोदी ने देश की सशस्त्र सेनाओं के तीनों अंगों को खुली छूट दी और इसके योद्धाओं ने वह कर दिखाया जो दुनिया ने पिछले कई दशकों से नहीं देखा था। उन्होंने पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए कहा, ''विभाजन के बाद अस्तित्व में आया यह देश भारत के प्रति नफरत पाले हुए है। यह केवल भारत को नुकसान पहुंचाना चाहता है। वहीं, भारत का लक्ष्य गरीबी मिटाना, आर्थिक विकास करना और विकसित राष्ट्र बनना है।'' उन्होंने कहा, ''हमारी सरकार की नीति उन क्षेत्रों में विकास को ले जाने की है जो पिछड़े रह गए हैं।'' प्रधानमंत्री ने लोगों से होली, दिवाली और गणेश पूजा जैसे त्योहारों के दौरान भारत में बने उत्पादों को खरीदने और उपयोग करने का भी आग्रह किया। मोदी ने कहा, ''क्या आपको नहीं लगता कि हमें आयातित उत्पादों का उपयोग बंद करना चाहिए? हमारे त्योहारों के दौरान, हम पटाखे और गणेश मूर्तियों जैसी आयातित वस्तुओं का उपयोग करते हैं (जो अच्छा नहीं है)। हमारे देश की प्रगति सुनिश्चित करने के लिए, सभी को केवल भारत में बने उत्पादों को खरीदने का संकल्प लेना चाहिए।''

### भारत पर्यटन का पक्षधर है, पाकिस्तान आतंकवाद को ही पर्यटन मानता है

**भुज :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को पाकिस्तान की जनता से आतंकवाद के खिलाफ आवाज उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि जहां भारत पर्यटन में विश्वास करता है, वहीं पाकिस्तान आतंकवाद को ही पर्यटन मानता है । प्रधानमंत्री मोदी ने आगाह किया कि यह मानसिकता न केवल पाकिस्तान को बर्बाद कर रही है, बल्कि पूरे विश्व के लिए एक गंभीर खतरा भी पैदा कर रही है। गत 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार की सैन्य प्रतिक्रिया के रूप में 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद गुजरात की अपनी पहली यात्रा पर आए मोदी ने चेतावनी दी कि अगर पाकिस्तान के लोग शांति का रास्ता नहीं चुनते हैं, तो उन्हें भारतीय सेना की क्रोध का सामना करना पड़ेगा। सोमवार (26 मई) को प्रधानमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के 11 साल पूरे करने वाले मोदी ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि जापान को पीछे छोड़कर भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी नागरिकों को सोचना चाहिए कि उनका देश कहां खड़ा है। प्रधानमंत्री ने कहा, भारतीय अर्थव्यवस्था (2014 में) 11वें स्थान पर थी, लेकिन आज 11 साल बाद यह चौथे स्थान पर है।

### पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने सभी मुद्दों के हल के लिए भारत के साथ शांति वार्ता की इच्छा जताई

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कश्मीर, आतंकवाद, जल और व्यापार सहित सभी मुद्दों को सुलझाने के लिए भारत के साथ शांति वार्ता करने की सोमवार को इच्छा व्यक्त की। शरीफ ने यह टिप्पणी ईरान की राजधानी तेहरान में की, जहां वह चार देशों की अपनी यात्रा के दूसरे चरण में पहुंचे हैं। प्रधानमंत्री तुर्किये से ईरान की राजधानी पहुंचे, जहां राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने सादाबाद पैलेस में उनका स्वागत किया। शरीफ को 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया गया और उन्होंने राष्ट्रपति पेजेशकियन के साथ बातचीत की। पेजेशकियन के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए शरीफ ने कहा कि वह शांति के लिए भारत के साथ बातचीत करने को तैयार हैं। उन्होंने कहा, हम कश्मीर मुद्दे और जल मुद्दे सहित सभी विवादों को बातचीत के जरिए सुलझाना चाहते हैं और व्यापार तथा आतंकवाद-रोधी मुद्दों पर भी अपने पड़ोसी के साथ बातचीत करने के लिए तैयार हैं।

### बांग्लादेश के नए सेवा कानून के विरोध में कर्मचारियों ने सचिवालय के मुख्य द्वार पर ताला जड़ा

**ढाका/नयी दिल्ली :** नए सेवा कानून के खिलाफ विरोध तेज करते हुए सोमवार को सैकड़ों सरकारी कर्मचारियों ने राजधानी ढाका स्थित बांग्लादेश सचिवालय के मुख्य द्वार पर कुछ देर के लिए ताला जड़ दिया। नया कानून कदाचार के लिए अधिकारियों को आसानी से बर्खास्त करने का प्रावधान करता है। प्रत्यक्षदर्शियों और मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सचिवालय के अधिकारियों और कर्मचारियों ने लोक सेवा (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ अपने विरोध प्रदर्शन के तीसरे दिन मुख्य द्वार पर ताला लगा दिया।

### चिंता की कोई बात नहीं: आईसीएमआर महानिदेशक ने कोविड के बढ़ते मामलों पर कहा

**नयी दिल्ली :** देश के कुछ हिस्सों में कोविड के मामले बढ़ने के बीच, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के महानिदेशक डॉ. राजीव बहल ने सोमवार को कहा कि संक्रमण को लेकर गंभीरता की स्थिति अभी तक आमतौर पर हल्की है और चिंता की कोई बात नहीं है। कोविड के नए स्वरूपों का पता लगाए जाने के बारे में उन्होंने कहा कि पश्चिम और दक्षिण में नमूनों के जीनोम अनुक्रमण से पता चला है कि कोविड विषाणु के नए स्वरूप (वेरिएंट) गंभीर नहीं हैं और वे ओमीक्रॉन के उप-स्वरूप हैं। इनमें एलएफ.7, एक्सएफजी, जेएन.1 और एनबी. 1.8.1 हैं। डॉ. बहल ने कहा कि पहले तीन उप-स्वरूप अधिक प्रचलित हैं। उन्होंने कहा, ''अन्य स्थानों से नमूनों का अनुक्रमण किया जा रहा है और हमें एक या दो दिन में पता चल जाएगा कि क्या और भी स्वरूप हैं।'' आईसीएमआर महानिदेशक ने कहा कि कोरोना वायरस के मामलों में उछाल आया है और पहले दक्षिण से, फिर पश्चिम से और अब उत्तर भारत से इसके मामलों में वृद्धि देखी गई है। उन्होंने कहा कि इन सभी मामलों की निगरानी एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम (आईडीएसपी) के माध्यम से की जा रही है।

## मेट्रो प्लेटफॉर्म पर पीली लाइन पार करने वालों के खिलाफ अब होगी कड़ी कार्रवाई

**कोलकाता :** कोलकाता मेट्रो रेल प्रशासन ने यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक अहम कदम उठाया है। मेट्रो प्लेटफॉर्म पर पीली लाइन पार करने वालों के खिलाफ अब कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मेट्रो प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि ऐसे यात्री जो ट्रेन के आने से पहले प्लेटफॉर्म की पीली लाइन पार करते हैं, उन पर अब जुर्माना लगाया जाएगा। मेट्रो प्रशासन के अनुसार, लगातार सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से यात्रियों से अनुरोध किया जाता रहा है कि वे प्लेटफॉर्म की पीली सुरक्षा रेखा पार न करें। इसके बावजूद कुछ यात्री चेतावनियों की अनदेखी करते हुए अनावश्यक रूप से पीली लाइन पार करते देखे



गए हैं, जिससे न केवल उनकी खुद की सुरक्षा खतरे में पड़ती है, बल्कि यह एक अव्यवस्थित और असुरक्षित माहौल भी पैदा करता है। यही कारण है कि अब मेट्रो रेलवे ने ऐसे यात्रियों के खिलाफ विशेष अभियान शुरू करने का निर्णय लिया है। 1 जून (रविवार) से यदि कोई यात्री बिना वजह पीली लाइन पार करता पाया गया, तो उस पर 250/- का जुर्माना लगाया जाएगा। मेट्रो प्रशासन इसे एक सार्वजनिक उपद्रव की गतिविधि मानते हुए दंडित करेगा। इस नियम के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए मेट्रो स्टेशन परिसरों में पोस्टर लगाए जा रहे हैं, उद्घोषणाएं की जा रही हैं और यात्रियों को समझाने का प्रयास भी किया जा रहा है। मेट्रो अधिकारियों का कहना है कि यह कदम यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है और सभी यात्रियों से अपील की गई है कि वे नियमों का पालन करें और मेट्रो यात्रा को सुरक्षित बनाएं।

## पाकिस्तान के अनुरोध पर डीजीएमओ वार्ता के बाद ही रोका गया ऑपरेशन सिंदूर: जयशंकर



**नयी दिल्ली :** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को एक संसदीय समिति को बताया कि डीजीएमओ ने पाकिस्तान को उसके क्षेत्र में आतंकी शिविरों पर भारत की ओर से हमला किए जाने के बारे में जानकारी हमलों को अंजाम दिए जाने के बाद बाद दी थी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। जयशंकर ने यह भी कहा कि उन्होंने पाकिस्तान से कभी बात नहीं की और कथित अमेरिकी हस्तक्षेप के बारे में स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा कि सैन्य अभियान को रोकने का निर्णय पाकिस्तान के अनुरोध के बाद द्विपक्षीय रूप से लिया गया था। मंत्री ने विदेश मामलों की सलाहकार समिति के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' को तभी रोका गया जब पाकिस्तान के डीजीएमओ ने इसे रोकने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि दोनों के बीच अमेरिकी मध्यस्थता का कोई सवाल ही नहीं है। कांग्रेस और राहुल गांधी, जयशंकर पर निशाना साधते हुए आरोप लगा रहे हैं कि उन्होंने आतंकी शिविरों पर भारतीय हमलों के बारे में पाकिस्तान को पहले ही सूचित कर दिया था। कांग्रेस द्वारा की गई आलोचना का जिक्र करते हुए जयशंकर ने सांसदों से कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ नेता उनके बयान को गलत तरीके से पेश करके राजनीति कर रहे हैं। विदेश मंत्री ने इस दावे को भी सिरे से खारिज कर दिया कि उन्होंने पाकिस्तानी पक्ष से बात की है। सूत्रों ने बताया कि मंत्री ने बैठक में सांसदों को बताया कि केवल दोनों देशों के डीजीएमओ ने एक-दूसरे से बात की और किसी अन्य भारतीय अधिकारी ने पाकिस्तानी पक्ष से बात नहीं की। मंत्री ने सांसदों को यह भी बताया कि पाकिस्तान ने भारत की कार्रवाई रूकवाने के लिए अमेरिका से मदद मांगी, वहीं अमेरिकी पक्ष को स्पष्ट रूप से बता दिया गया था कि पाकिस्तान को भारत से सीधे बात करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अमेरिका भारत से पाकिस्तान से बात करने का आग्रह कर रहा था और उसे बताया दिया गया कि आतंकवाद और बातचीत एक साथ नहीं चल सकते।

## ऑपरेशन सिंदूर के दौरान राजस्थान पर 413 ड्रोन हमले हुए, सभी को निष्प्रभावी किया गया: बीएसएफ आईजी



**जोधपुर :** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिरीक्षक (राजस्थान फ्रंटियर) एमएल गर्ग ने सोमवार को कहा कि पाकिस्तान ने बाड़मेर, जैसलमेर, बीकानेर और श्रीगंगानगर जिलों में 413 ड्रोन हमले किए लेकिन उन सभी को भारत की हवाई रक्षा प्रणाली ने हवा में ही नाकाम कर दिया। जोधपुर स्थित बीएसएफ मुख्यालय में मीडिया से बातचीत में गर्ग ने पश्चिमी सीमा पर ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बीएसएफ की उपलब्धियों को साझा किया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी सेना ने फलौदी वायुसेना अड्डे सहित राजस्थान के संवेदनशील स्थानों को निशाना बनाया लेकिन सेना ने सटीक समय पर, जहां और जब जरूरत थी जवाब दिया। गर्ग ने कहा कि पाकिस्तान से आने वाली मिसाइलें और ड्रोन खाली नहीं थे लेकिन उनमें से एक भी भारतीय जमीन को नहीं छू सका और न ही वे यहां किसी भी सैन्य या नागरिक ढांचे को नुकसान पहुंचा सके। गर्ग ने कहा, ''उनके ज़मीन पर पहुंचने से पहले ही हमारी मिसाइल रोधी तकनीक और हवाई रक्षा प्रणालियों ने उन्हें हवा में ही नष्ट कर दिया।'' उन्होंने कहा कि यही कारण था कि भारतीय पक्ष को कोई नुकसान नहीं हुआ और जमीन पर जो भी गिरा वह केवल ड्रोन का मलबा था। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सीमा पार की तैयारियों के बारे में पूछे जाने पर गर्ग ने कहा कि पाकिस्तान ने सीमा पर अपनी सेना तैनात कर दी थी लेकिन एक भी भारतीय सैनिक एक इंच भी पीछे नहीं हटा।



## सत्ता का अस्त्र बनने पर कोर्ट की फटकार

यह कोई नई बात नहीं है कि देश की जांच एजेंसियों पर सरकार की आकांक्षाओं के अनुरूप कार्य करने को लेकर विपक्षी राजनीतिक दलों की तरफ से पक्षपात के आरोप लगे हों। सरकारी जांच एजेंसियों को वे विपक्ष के नेताओं को डराने-धमकाने का हथियार बताते रहे हैं। अब इन्हीं चिंताओं और सवालों पर देश की शीर्ष अदालत ने भी मोहर लगाई है। विपक्षी नेता खासकर धनशोधन निरोधक अधिनियम के तहत की जा रही कार्रवाइयों पर रोक लगाने की गुहार लगाते रहे हैं। उनका आरोप रहा है कि प्रवर्तन निदेशालय सरकार के हितों की पूर्ति के लिये दुराग्रह से कार्रवाई करता है। हालांकि, अदालत का मानना रहा है कि भ्रष्टाचार,देशविरोधी गतिविधियों तथा आतंकवादी संगठनों को मदद पहुंचाने वालों के खिलाफ कार्रवाई अतार्किक नहीं है। सवाल इस बात को लेकर भी उठते रहे हैं जितने आरोप पत्र ईडी द्वारा दायर किए जाते हैं, उसकी तुलना में दोषसिद्धि की संख्या में बेहद ज्यादा अंतर क्यों है। जो इस बात की ओर इशारा करता है कि मामले दुराग्रह से प्रेरित होते हैं। अदालत भी मानती है कि ठोस प्रमाण के बिना किसी के खिलाफ कार्रवाई नहीं होनी चाहिए। लेकिन एक हालिया मामले में प्रवर्तन निदेशालय की कारगुजारियों पर कोर्ट ने उसे कड़ी फटकार लगाते हुए सीमाएं लांघकर संघीय ढांचे के अतिक्रमण करने की बात कही है। कोर्ट ने यह टिप्पणी तमिलनाडु में शराब की दुकानों के लाइसेंस देने में बरती गई कथित धांधली में राज्य विपणन निगम के विरुद्ध धनशोधन मामले में ईडी की जांच पर की है।

दरअसल, निगम द्वारा शीर्ष अदालत में मामला ले जाए जाने पर सुप्रीम कोर्ट ने न केवल जांच रोकी बल्कि ईडी की कारगुजारियों पर सख्त टिप्पणियां भी की हैं। निस्संदेह, ईडी को इस सुप्रीम नसीहत पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। कोर्ट को यहां तक कहना पड़ा कि प्रवर्तन निदेशालय संघीय अवधारणा का उल्लंघन कर रहा है। उल्लेखनीय है कि पीएमएलए की धाराओं के दुरुपयोग को लेकर शीर्ष अदालत पहले भी ईडी के खिलाफ सख्त टिप्पणी कर चुकी है। निस्संदेह, अदालत की इस सख्त टिप्पणी से उन तमाम विपक्षी दलों को संबल मिलेगा जो आए दिन ईडी व अन्य जांच एजेंसियों का सत्तापक्ष द्वारा दुरुपयोग करने का आरोप लगाते थे। वहीं दूसरी ओर तमिलनाडु राज्य विपणन निगम की दलील थी कि जिन शराब की दुकानों के लाइसेंस देने में अनियमितताओं के मामले में ईडी ने हस्तक्षेप किया है, उसमें वर्ष 2014 से कार्रवाई की जा रही है। साथ ही इस मामले में चालीस से अधिक प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी हैं। वहीं निगम कई मामलों में शिकायतकर्ता है। ऐसे में इस मामले में ईडी के कूदने पर सवाल उठे हैं। यही वजह है कि कोर्ट ने ईडी की इस जांच पर रोक लगा दी है। उल्लेखनीय है कि तमिलनाडु सरकार भी ईडी की कार्रवाई को संवैधानिक अधिकारों व संघीय ढांचे का उल्लंघन बताती रही है। विश्वास किया जाना चाहिए कि कोर्ट की सख्त टिप्पणी के बाद ईडी केंद्र की इच्छाओं के अनुरूप आंख बंद कर कार्रवाई करने की बजाय अपनी कार्यशैली में अपेक्षित परिवर्तन करेगी।

# तेज प्रताप की प्रेम लीला पर चला लालू का सियासी चाबुक



अजय कुमार

बिहार की राजनीति एक बार फिर से उस मोड़ पर आ गई है जहां निजी रिश्ते, पारिवारिक कलह और सत्ता की लड़ाई एक-दूसरे में उलझती नज़र आ रही हैं। राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के मुखिया और बिहार के कद्दावर नेता लालू प्रसाद यादव ने अपने बड़े बेटे तेज प्रताप यादव को पार्टी और परिवार से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया है। यह फैसला जितना चौंकाने वाला है, उतना ही बिहार की राजनीति में दूरगामी प्रभाव डालने वाला भी साबित हो सकता है। तेजप्रताप का राजनीतिक जीवन हमेशा से विवादों में रहा है, लेकिन इस बार मामला निजी रिश्तों से शुरू होकर सार्वजनिक शर्मिंदगी, पार्टी अनुशासन और संवैधानिक संकट तक जा पहुंचा है।

तेज प्रताप यादव ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट साझा की, जिसमें उन्होंने अनुष्का यादव नाम की एक युवती के साथ अपनी कथित शादी की तस्वीरें साझा कीं। इन तस्वीरों में दोनों शादी के जोड़े में नजर आ रहे थे, और इसके साथ ही उन्होंने एक भावुक पोस्ट में लिखा कि यह प्रेम कहानी 12 साल पुरानी है और अब उन्होंने इसे शादी के बंधन में बदल दिया है। इस खुलासे के बाद सोशल मीडिया पर हंगामा मच गया, राजनीतिक गलियारों में खलबली मच गई और मीडिया में तेज प्रताप की 'गुप्त शादी' की चर्चा हर ओर होने लगी। लेकिन कुछ ही घंटों बाद तेज प्रताप ने एक वीडियो जारी कर सफाई दी कि उनका इंस्टाग्राम अकाउंट हैक हो गया था और ये तस्वीरें फर्जी थीं, एडिट की गई थीं। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि तस्वीरें कहां से आईं, किसने बनाईं, और उनका अनुष्का यादव से क्या संबंध है।

तेजप्रताप की सफाई ने विवाद को थमाया नहीं, बल्कि उसे और गहरा कर दिया। सोशल मीडिया पर पहले ही उनके अनुष्का यादव के साथ पुराने वीडियो और तस्वीरें वायरल हो चुकी थीं। इनकी पुष्टि करने वाली कई खबरें आने लगीं। कुछ रिपोर्ट्स में यह भी कहा गया कि दोनों ने कुछ साल पहले आर्य समाज मंदिर में शादी की थी और अनुष्का अब कानूनी रूप से उनकी पत्नी होने का दावा कर सकती हैं। दूसरी ओर, तेज प्रताप का अपनी पहली पत्नी ऐश्वर्या राय से तलाक का मामला अब तक अदालत में लंबित है। ऐश्वर्या, पूर्व मुख्यमंत्री दरोगा राय की पोती और वरिष्ठ कांग्रेस नेता चंद्रिका राय की बेटी हैं। ऐसे में तेज प्रताप की दूसरी शादी वैध नहीं मानी जा सकती। हिंदू विवाह अधिनियम के तहत जब तक पहली पत्नी से तलाक नहीं हो जाता, तब तक दूसरी शादी अपराध मानी जाती है, जो तेज प्रताप की विधायकी को भी संकट में डाल सकती है।

लालू प्रसाद यादव ने इस पूरे मामले को बेहद गंभीरता से लिया और तेज प्रताप को पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया। इस फैसले को उन्होंने पार्टी और परिवार की गरिमा के लिए जरूरी बताया। लालू यादव ने कहा कि तेज प्रताप की गतिविधियों से न सिर्फ पार्टी की साख पर असर पड़ा है, बल्कि यह सामाजिक न्याय की राजनीति के मूल्यों के भी खिलाफ है, जिसके लिए आरजेडी दशकों से लड़ती रही है। लालू प्रसाद यादव के इस निर्णय से यह स्पष्ट हो गया कि वह अपनी राजनीतिक विरासत को तेज प्रताप के बजाय तेजस्वी यादव को सौंपना चाहते हैं और तेज प्रताप के अनियंत्रित बयानों, व्यवहार और विवादों से अब वे पूरी तरह तंग आ चुके हैं।

इस फैसले ने राजनीतिक रूप से भी कई नई संभावनाओं को जन्म दिया है। बीजेपी और जेडीयू जैसे विरोधी दलों ने इस मौके को हाथों-हाथ लिया और लालू परिवार की कलह पर तीखी टिप्पणियां कीं। जेडीयू के प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा कि यह पूरा मामला जनता को भ्रमित करने और सहानुभूति बटोरने की कोशिश है। उन्होंने लालू परिवार पर सत्ता के लिए ड्रामा रचने का आरोप लगाया। बीजेपी के वरिष्ठ नेता शाहनवाज हुसैन ने कहा कि तेज प्रताप का आचरण 'जंगलराज' की याद दिलाता है, जो बिहार में लालू राज का प्रतीक रहा है। इन बयानों से स्पष्ट है कि विपक्ष इस मुद्दे को 2025 के विधानसभा चुनावों तक जिंदा रखना चाहता है।



तेज प्रताप के पार्टी से निष्कासन ने उनके भाई और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव की भूमिका को भी केंद्र में ला दिया है। तेजस्वी यादव इस समय आरजेडी के सबसे मजबूत और सर्वस्वीकार्य नेता माने जाते हैं। वे विपक्ष के नेता हैं और अगली बार मुख्यमंत्री पद के प्रमुख दावेदार भी। तेजस्वी ने इस मामले में साफ कहा कि पार्टी किसी भी तरह की अनुशासनहीनता को बर्दाश्त नहीं करेगी। उनका यह रुख न केवल उनके नेतृत्व कौशल को दर्शाता है, बल्कि यह भी संकेत देता है कि वह पार्टी में अपनी पकड़ मजबूत कर चुके हैं। कुछ राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि तेज प्रताप को तेजस्वी की बढ़ती लोकप्रियता और संगठनात्मक पकड़ से असुरक्षा महसूस होने लगी थी, और यही कारण था कि वे बार-बार मीडिया और सोशल मीडिया पर ऐसे बयान और हरकतें कर रहे थे जिससे पार्टी की छवि को नुकसान पहुंचा।

तेज प्रताप की राजनीतिक यात्रा शुरू से ही अजीबो-गरीब रही है। 2015 में जब आरजेडी-जेडीयू-कांग्रेस का महागठबंधन बना और नीतीश कुमार मुख्यमंत्री बने, तो तेज प्रताप को स्वास्थ्य मंत्री बनाया गया। लेकिन उनके विभागीय कार्यशैली, अपरिपक्व बयानों और विवादित पहनावे की वजह से वे लगातार सुर्खियों में रहे। उन्होंने खुद को 'कृष्ण' कहा, तो कभी गाय चराने और जंगलों में योग करने की तस्वीरें शेयर कीं। उन्होंने अपनी ही सरकार के अधिकारियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए और बार-बार अपने भाई तेजस्वी से भी टकराव की स्थिति बना ली। 2020 में उन्होंने हसनपुर से चुनाव लड़ा और जीते, लेकिन पार्टी के भीतर उनकी भूमिका गौण होती चली गई।

तेजप्रताप की यह ताज़ा हरकत उनके राजनीतिक करियर के लिए शायद सबसे बड़ा संकट बनकर सामने आई है। पार्टी से निष्कासन के बाद न तो वे चुनाव लड़ सकते हैं, न ही किसी पद की उम्मीद कर सकते हैं। उनके समर्थन में अभी तक पार्टी के किसी बड़े नेता ने कोई बयान नहीं दिया है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि वे संगठन में पूरी तरह अकेले पड़ चुके हैं। दूसरी ओर, यह विवाद अगर कानूनी मोड़ लेता है, तो उन्हें अपनी विधायकी से भी हाथ धोना पड़ सकता है।

बिहार की राजनीति में यह पहला मौका नहीं है जब किसी पिता ने अपने ही बेटे को पार्टी से बाहर निकाला हो। इससे पहले समाजवादी पार्टी में भी ऐसा ही दृश्य देखने को मिला था, जब मुलायम सिंह यादव ने अपने बेटे अखिलेश यादव को पार्टी से बाहर करने की घोषणा की थी। लेकिन कुछ ही महीनों में अखिलेश ने पार्टी की कमान संभाल ली और अब वे सपा के निर्विवाद नेता हैं। हालांकि तेज प्रताप की स्थिति अखिलेश जैसी नहीं है, क्योंकि न तो उनके पास संगठन पर नियंत्रण है और न ही जनाधार। लालू परिवार में भी यह स्पष्ट हो चुका है कि अब राजनीतिक उत्तराधिकार तेजस्वी को ही मिलेगा।

यह पूरा विवाद उस समय सामने आया है जब बिहार में 2025 के विधानसभा चुनाव की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। विपक्षी दलों की एकजुटता, जातिगत जनगणना, रोजगार, शिक्षा और महंगाई जैसे मुद्दों पर केंद्र सरकार को घेरने की रणनीति बनाई जा रही है। ऐसे में तेज प्रताप का यह प्रकरण आरजेडी की रणनीति को कमजोर कर सकता है। तेजस्वी यादव को अब न सिर्फ जनता, बल्कि पार्टी कार्यकर्ताओं और सहयोगी दलों को यह भरोसा दिलाना होगा कि पार्टी पूरी तरह अनुशासित है और उसका नेतृत्व स्थिर और जिम्मेदार हाथों में है।

तेज प्रताप यादव की कथित प्रेम कहानी और उस पर फैला विवाद एक व्यक्ति की निजी जिंदगी से निकलकर पूरे राजनीतिक परिदृश्य को प्रभावित कर रहा है। यह दिखाता है कि किस तरह एक नेता का निजी आचरण और सार्वजनिक छवि आपस में जुड़ी होती है और किस तरह राजनीति में पारिवारिक कलह एक पूरी पार्टी की साख को प्रभावित कर सकती है। लालू प्रसाद यादव ने इस बार सख्ती दिखाकर यह संकेत दे दिया है कि अब वे पार्टी को एक नया रूप देना चाहते हैं, जिसमें अनुशासन, नैतिकता और नेतृत्व क्षमता को प्राथमिकता दी जाएगी। तेज प्रताप के लिए यह न केवल एक चेतावनी है, बल्कि उनके राजनीतिक जीवन की सबसे बड़ी चुनौती भी। अब यह देखना बाकी है कि वे इस संकट से उबरने की कोई कोशिश करते हैं या खुद को हाशिए पर धकेलते चले जाते हैं। बिहार की जनता, राजनीतिक पर्यवेक्षक और विरोधी दल सभी इस घटनाक्रम पर बारीकी से नजर रखे हुए हैं, क्योंकि इसका असर आने वाले चुनावों और राज्य की राजनीति पर पड़ना तय है।

-वरिष्ठ पत्रकार

## गाजा में इजराइली हमलों में 52 लोगों की मौत, स्कूल में शरण लेने वाले 36 लोग भी शामिल : चिकित्सक

**दीर अल-बलाह :** गाजा पट्टी में सोमवार को इजराइली हमलों में कम से कम 52 लोगों की मौत हो गयी। मारे गये लोगों में एक स्कूल में शरण लेने वाले 36 लोग भी शामिल हैं, जो हमले के वक्त सो रहे थे और हमले से उनके सामान में आग लग गई। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सेना ने बताया कि उन्होंने स्कूल से साजिश रच रहे चरमपंथियों को निशाना बनाया। इजराइल ने हमास के साथ युद्ध विराम समाप्त करने के बाद मार्च से सिलसिलेवार हमले शुरू किये हैं। इजराइल ने गाजा पर कब्जा करने और हमास को नष्ट करने या फिर चरमपंथियों के हथियार डालने तक लड़ाई जारी रखने का संकल्प लिया है। आपात सेवा मंत्रालय के प्रमुख फहमी अवाद ने बताया कि गाजा शहर के दाराज इलाके में स्थित स्कूल पर हुए हमले में दर्जनों लोग घायल भी हुए हैं। उन्होंने बताया कि मृतकों में एक पिता और उसके पांच बच्चे शामिल हैं। गाजा शहर के शिफा और अल-अहली अस्पतालों ने कुल मौतों की पुष्टि की है। अवाद ने बताया कि स्कूल पर हमला उस समय हुआ, जब लोग सो रहे थे और तीन बार हुए हमले से उनके सामान में आग लग गई। ऑनलाइन प्रसारित फुटेज में बचावकर्मियों को आग बुझाने और झुलसे हुए शवों को निकालने के लिए संघर्ष करते हुए देखा जा सकता है।

# भारत की कूटनीति से 60 साल बाद मॉरीशस को मिला चागोस द्वीपसमूह



संजय सक्सेना

चागोस द्वीपसमूह पर ब्रिटेन के 60 साल पुराने कब्जे का अंत एक ऐसे ऐतिहासिक क्षण के रूप में दर्ज हुआ है, जिसने औपनिवेशिक शासन की उन स्याह परतों को मिटा दिया है, जो आज़ादी के इतने वर्षों बाद भी विश्व के कई हिस्सों पर छाई हुई थीं। 22 मई 2025 को ब्रिटेन और मॉरीशस के प्रधानमंत्रियों कीर स्टार्मर और नवीन रामगुलाम ने एक डिजिटल समारोह में उस समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिससे चागोस द्वीपसमूह, जिसमें डिएगो गार्सिया जैसे रणनीतिक और सैन्य दृष्टिकोण से अहम ठिकाने शामिल हैं, आधिकारिक तौर पर मॉरीशस को सौंप दिए गए। इस सौदे के पीछे एक और नाम बिना किसी शोरगुल के खड़ा रहा भारत। खासतौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भूमिका इस पूरे कूटनीतिक घटनाक्रम में बेहद अहम और निर्णायक रही, हालांकि वह हमेशा पर्दे के पीछे ही रहे।

चागोस द्वीपसमूह की कहानी केवल भूगोल या रणनीति की नहीं, बल्कि न्याय, संप्रभुता और आत्मसम्मान की भी है। 1965 में जब मॉरीशस को ब्रिटेन से स्वतंत्रता मिलने वाली थी, ठीक उसी वक्त ब्रिटेन ने इस द्वीपसमूह को मॉरीशस से अलग कर लिया और अपने अधीन रखा। इसके बाद हजारों स्थानीय निवासियों को जबरन उनके घरों से बेदखल किया गया और डिएगो गार्सिया द्वीप पर अमेरिका के लिए एक विशाल सैन्य अड्डा बनाया गया, जो आज भी अमेरिका के वैश्विक रणनीतिक ढांचे का अहम हिस्सा है। तब से मॉरीशस इस ज़मीन की वापसी की लड़ाई लड़ रहा था, जो अब जाकर सफल हुई है।

इस समझौते के तहत ब्रिटेन ने द्वीपसमूह की संप्रभुता मॉरीशस को लौटा दी है, लेकिन डिएगो गार्सिया को ब्रिटेन 99 साल की लीज़ पर अमेरिका के साथ मिलकर इस्तेमाल करता रहेगा। इसके बदले मॉरीशस को हर साल लगभग 101 मिलियन पाउंड की राशि दी जाएगी। यह व्यवस्था उस सैन्य संतुलन को भी बनाए रखेगी, जो हिंद महासागर में अमेरिका और उसके सहयोगियों के लिए रणनीतिक दृष्टि से जरूरी माना जाता है। लेकिन इस पूरे घटनाक्रम का सबसे बड़ा पहलू यह है कि आखिरकार उपनिवेशवाद के एक गहरे जख्म पर मरहम लगाया गया है।

यह समझौता यूं ही नहीं हुआ। इसके पीछे कई सालों की बातचीत, अंतरराष्ट्रीय मंचों पर हुई बहसें और चुपचाप की गई कूटनीति शामिल है। भारत की भूमिका यहां खासतौर पर ध्यान देने योग्य है। 2019 में जब अंतरराष्ट्रीय न्यायालय ने इस पूरे विवाद पर अपनी परामर्शी राय दी और ब्रिटेन के कब्जे को गैरकानूनी ठहराया, तब से लेकर अब तक भारत ने लगातार मॉरीशस के दावे का समर्थन किया। चाहे वह संयुक्त राष्ट्र महासभा में हो, या हिंद महासागर के देशों के समूहों में भारत ने हर स्तर पर यह स्पष्ट किया कि चागोस मॉरीशस का अभिन्न अंग है और इसकी वापसी केवल समय की बात है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस पूरे मामले को केवल एक सहयोगी देश की मदद के रूप में नहीं देखा, बल्कि इसे 'ग्लोबल साउथ' यानी वैश्विक दक्षिण के देशों की आवाज़ को मजबूत करने और औपनिवेशिक इतिहास के खिलाफ एक नैतिक पहल के रूप में लिया। यही कारण है कि इस पूरे घटनाक्रम में भारत की भूमिका तो रही, लेकिन प्रचार या राजनीतिक लाभ की कोई होड़ नहीं देखी गई। भारत ने न तो कोई बड़ा आधिकारिक बयान जारी किया और न ही इसे अपनी कूटनीतिक जीत के तौर पर पेश किया। लेकिन मॉरीशस ने इस सहयोग को पूरे दिल से स्वीकारा और खुले तौर पर प्रधानमंत्री मोदी का नाम लेकर धन्यवाद दिया।

मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीन रामगुलाम ने डिजिटल समारोह में कहा कि भारत की लगातार कूटनीतिक सहायता और भरोसे ने इस संघर्ष को मुकाम तक पहुंचाया। उनके अनुसार, चागोस की वापसी केवल भूभाग की वापसी नहीं, बल्कि आत्म-सम्मान की वापसी है और इसमें भारत की भूमिका अमूल्य रही। भारत के विदेश मंत्रालय ने इस समझौते को 'एक ऐतिहासिक समाधान' करार दिया और कहा कि यह हिंद महासागर क्षेत्र में स्थायित्व, सहयोग और शांति के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

इस समझौते के रास्ते में एक छोटा लेकिन संवेदनशील मोड़ भी आया, जब चागोस द्वीपसमूह की एक महिला नागरिक बर्ट्रिस पोंप ने ब्रिटिश अदालत में याचिका दायर की कि यदि द्वीप मॉरीशस को सौंप दिए गए तो उन्हें वहां लौटने की अनुमति शायद न मिले। इस पर अदालत ने कुछ समय के लिए सौदे पर अस्थायी रोक लगा दी। लेकिन बाद में सुनवाई पूरी होने के बाद यह रोक हटा ली गई और समझौते पर अंततः हस्ताक्षर हो गए।

डिएगो गार्सिया द्वीप की बात करें तो यह अमेरिकी सेनाओं के लिए एक बेहद अहम ठिकाना है, खासकर अफगानिस्तान, ईरान और चीन की निगरानी के लिहाज़ से। इसलिए यह सौदा केवल ऐतिहासिक या भावनात्मक नहीं था, बल्कि इसमें रणनीतिक और सुरक्षा की भी कई परतें शामिल थीं। यही कारण है कि इसमें संतुलन साधना बेहद जरूरी था और भारत ने इसमें बड़ी भूमिका निभाई।

यह सौदा 'न्यू वर्ल्ड ऑर्डर' यानी नए वैश्विक व्यवस्था की एक झलक भी देता है। आज जब पश्चिमी ताकतें अपने पुराने औपनिवेशिक पदचिह्नों को मिटा रही हैं, तब भारत जैसे देश सामने आकर न केवल सा-झेदारी निभा रहे हैं, बल्कि न्याय और नैतिक मूल्यों को केंद्र में रखकर अपनी भूमिका तय कर रहे हैं। यह केवल भूगोल का नहीं, वैश्विक मानसिकता का भी परिवर्तन है।

इस पूरे घटनाक्रम ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि न्याय भले देर से मिले, लेकिन वह संभव है बशर्ते उसके लिए दृढ़ इच्छाशक्ति, निरंतर कूटनीतिक प्रयास और अंतरराष्ट्रीय सहयोग हो। चागोस की वापसी न केवल मॉरीशस की जीत है, बल्कि यह उन लाखों लोगों के लिए भी एक आशा की किरण है, जिनकी ज़मीनें, पहचान और अधिकार औपनिवेशिक साजिशों के चलते उनसे छीन लिए गए थे।

भारत के लिए यह एक अवसर भी है और एक जिम्मेदारी भी। अवसर इसलिए कि हिंद महासागर में उसका प्रभाव और अधिक स्थिर और स्वीकार्य हुआ है। जिम्मेदारी इसलिए कि अब जब भारत 'ग्लोबल साउथ' की आवाज बनना चाहता है, तो उसे आगे भी ऐसे ही मुद्दों पर न्याय और नैतिकता के पक्ष में खड़े रहना होगा चाहे वह अफ्रीका के किसी छोटे देश की बात हो या दक्षिण एशिया के किसी द्वीप राष्ट्र की।

चागोस द्वीपसमूह की वापसी कोई साधारण घटना नहीं है। यह इतिहास का वह मोड़ है जहां उपनिवेशवाद का एक दरवाज़ा बंद हुआ और वैश्विक न्याय का एक नया अध्याय शुरू हुआ। इस जीत में भारत की भूमिका एक मौन लेकिन मजबूत नींव की तरह रही और यह दिखाता है कि सच्ची कूटनीति हमेशा शोर नहीं मचाती, लेकिन इतिहास ज़रूर बदल देती है। -वरिष्ठ पत्रकार

## विदेश की खबरें

### 'बिल्कुल उन्मादी हो गए हैं' रूसी नेता व्लादिमीर पुतिनः ट्रंप

**वाशिंगटन :** रूस द्वारा लगातार तीसरी रात कीव और अन्य यूक्रेनी शहरों पर ड्रोन एवं मिसाइल हमले किए जाने के मद्देनजर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि वह ''पूरी तरह उन्मादी हो गए'' हैं। ट्रंप ने रविवार रात सोशल मीडिया पर एक 'पोस्ट' में लिखा, ''रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ मेरे हमेशा से बहुत अच्छे संबंध रहे हैं लेकिन उन्हें कुछ हो गया है। वह बिल्कुल उन्मादी हो गए हैं। उन्होंने कहा कि पुतिन ''बहुत से लोगों की अनावश्यक रूप से जान ले रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि ''बिना किसी कारण के यूक्रेन के शहरों में मिसाइल और ड्रोन दागे जा रहे हैं।

### बांग्लादेश के सरकारी कर्मचारियों ने नये सेवा कानून के खिलाफ अपना विरोध जारी रखने का संकल्प जताया

**ढाका/नयी दिल्ली :** बांग्लादेश में सैकड़ों सरकारी कर्मचारियों ने सोमवार को राजधानी ढाका स्थित सचिवालय पर अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखने का संकल्प जताया और अपने सहकर्मियों से उस नए सेवा कानून के खिलाफ देशव्यापी प्रदर्शन करने का आग्रह किया, जो कदाचार के लिए अधिकारियों को आसानी से बर्खास्त करने की अनुमति देता है। नए सेवा कानून के खिलाफ विरोध तेज करते हुए आज सैकड़ों सरकारी कर्मचारियों ने बांग्लादेश सचिवालय के मुख्य द्वार पर कुछ देर के लिए ताला जड़ दिया। प्रत्यक्षदर्शियों और मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सचिवालय के अधिकारियों और कर्मचारियों ने लोक सेवा (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ अपने विरोध प्रदर्शन के तीसरे दिन मुख्य द्वार पर ताला लगा दिया। उन्होंने देश भर के अधिकारियों और कर्मचारियों से मंगलवार को 'दमनकारी' और 'काले कानून' के खिलाफ प्रदर्शन करने का आग्रह किया।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 27 मई, मंगलवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, ज्येष्ठ कृष्णपक्ष अमावस्या, 08:33 तक, नक्षत्र : कृत्तिका, 05:31 तक, योग : सुकर्माण, 22:53 तक, सूर्योदयः 4:53, सूर्यास्तः 18:14, चन्द्रोदय : 04:35, चन्द्रास्तः 18:44, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : वृषभ, चन्द्र राशि : वृषभ, राहू काल : 14:52 से 16:31

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि वालों के लिए दिन आर्थिक और पेशेवर दृष्टि से फायदेमंद साबित होगा। कार्यक्षेत्र में आपकी नेतृत्व क्षमता की सराहना होगी और किसी बड़ी ज़िम्मेदारी के लिए चयन हो सकता है।

**वृष :** वृषभ राशि वालों के लिए व्यवसाय में नई साझेदारी शुरू करने के लिए दिन उत्तम है। आपका आर्थिक दृष्टिकोण मजबूत रहेगा और किसी अधूरे पड़े काम को भी पूरा करने में सफलता मिलेगी।

**मिथुन :** मिथुन राशि वालों के लोगों का भाग्य साथ दे रहा है और नौकरीपेशा लोगों के लिए दिन विशेष रूप से शुभ है। आपकी योग्यता और कुशल संवाद शैली से नए ग्राहक या प्रॉजेक्ट मिल सकते हैं।

**कर्क :** कर्क राशि वालों का दिन शुभ है और आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। कार्यक्षेत्र में प्रयासों का परिणाम अच्छा मिलेगा, विशेष रूप से यदि आप खुद का व्यवसाय करते हैं।

**सिंह :** सिंह राशि के लोगों का भाग्य साथ दे रहा है और आपको अपने करियर में नई ऊंचाइयों पर पहुंचने के अवसर मिल सकते हैं। नौकरी बदलने की सोच रहे लोगों को सकारात्मक संकेत मिलेंगे।

**कन्या :** कन्या राशि के लोगों के लिए लाभ के योग हैं और आपको मेहनत के अनुपात में अच्छे परिणाम मिलने की संभावना है। हालांकि दिनभर कुछ अनावश्यक खर्च आपकी चिंता बढ़ा सकते हैं।

**तुला :** तुला राशि के लोगों को लेनदेन से जुड़े हर मामले में सावधानी रखने की सलाह है। हालांकि आय के स्रोत बने रहेंगे, परंतु खर्चे भी अचानक बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि के लोगों का दिन सफलता से भरा होगा। आप अपने आत्मविश्वास से कठिन कार्य भी सरलता से पूर्ण कर पाएंगे। आर्थिक मामलों में निर्णय सोच-समझकर लें।

**धनु :** धनु राशि के लोगों का भाग्य साथ दे रहा है और आपके लिए तरक्की के योग बने हैं। रुका हुआ धन मिल सकता है या कोई पुरानी देनदारी खत्म होगी। उच्चाधिकारियों से सहयोग मिलेगा।

**मकर :** मकर राशि के लोगों का दिन तरक्की हासिल करने वाला होगा। आपको कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं, जो आगे चलकर प्रमोशन या वित्तीय वृद्धि का मार्ग प्रशस्त करेंगी।

**कुम्भ :** कुंभ राशि के लोगों के लिए दिन निर्णय लेने के लिए उत्तम है। नई परियोजनाओं की शुरुआत हो सकती है जो लंबे समय में बड़ा लाभ देंगी। पुराने कर्ज चुकता करने का अवसर मिलेगा।

**मीन :** मीन राशि के लोग मानसिक रूप से मजबूत रहेंगे और कठिन कार्यों में भी सफलता प्राप्त करेंगे। कार्यस्थल पर आपका व्यवहार सकारात्मक रहेगा और सहकर्मी भी सहयोगी बनेंगे।

## वर्ग पहेली नं. 3104



*बायें से दायें:-* 1) विरोध जताने का एक नारा, 4) सिर्फ़, 7) उच्चस्वरीय; उत्साही, 9) खुले में, 10) एक धातु, 12) एक प्रकार का बढ़िया महीन सूती कपड़ा, 14) देह, 15) किस समय, 16) अंगीकार, 17) स्त्रियों का एक पहनावा, 18) एक पौधा जिसके रेशे से बोरे बनते हैं, 20) अज्ञातवासी भीम का नाम, 21) आरंभ, 23) अभिवादन, 25) मुरगीख़ाना, 27) चोकर, 29) कुपुत्र, 30) एक मेवा, 31) बहाना.

*ऊपर से नीचे:-* 2) मेघ, 3) ताकत, 4) भारत का एक राज्य, 5) छलकता, 6) बीच में, 8) कमीज़ का पल्ला, 11) ऋषि, 13) अपने मुँह से निकले लार से जाला बुनने-वाला अष्टपद कीड़ा, 14) गीला, 17) एक हिंदु महीना, 18) *महाभारत* के संदर्भ में हरियाणा का *कुरुक्षेत्र*, 19) जानवर, 22) स्वभाव; व्यसन, 24) न बढ़िया न घटिया, 26) साधु, 28) पतिमाता.

*(उत्तरः अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सा | ढ़े | ■ | ठ | ■ | म | ध्य | मा | ■ | स |
| र्व | ■ | अ | प | मा | न | ■ | रे | श | मी |
| ज | यं | ती | ■ | था | प | ना | ■ | ■ | प |
| नि | ■ | त | प | ■ | सं | ता | न | ■ | व |
| क | स | ■ | खा | ■ | द | ■ | ग | ■ | ती |
| ■ | ल | का | ल | क | ■ | अं | जा | म | ■ |
| ■ | वा | ■ | ■ | ल | ह | क | ■ | ल | त |
| च | र | प | रा | ह | ट | ■ | अं | बा | र |
| र्चा | ■ | ता | ज | ■ | ना | पि | त | ■ | ल |

## सुडोकू-पहेली-3061

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | 3 | 2 | | 9 |
| | 9 | | 1 | | | | 7 | 3 |
| | | 1 | | | | 8 | | |
| | | | | | 2 | | | |
| 2 | | 5 | | | 6 | | | 7 |
| | | | | 8 | | 4 | | |
| | | 9 | 6 | | 8 | | | 4 |
| | | | | | | | 5 | |
| | | | 7 | 5 | 9 | | 3 | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

### सुडोकू पहेली - 3060 का उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 9 | 3 | 7 | 1 | 2 | 4 | 5 |
| 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 1 | 8 | 3 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 4 | 8 | 7 | 6 | 9 |
| 2 | 3 | 8 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 6 |
| 4 | 9 | 7 | 6 | 8 | 2 | 5 | 3 | 1 |
| 1 | 5 | 6 | 9 | 3 | 4 | 8 | 2 | 7 |
| 6 | 7 | 2 | 8 | 9 | 5 | 3 | 1 | 4 |
| 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 3 | 6 | 7 | 2 |
| 3 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 9 | 5 | 8 |

# ‘पाकिस्तान किस तरह आतंकवाद को पनाह दे रहा है, दुनिया को ध्यान देने की जरूरत’



**सियोल/कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसद अभिषेक बनर्जी ने सोमवार को चेतावनी दी कि दुनिया को इस बात को लेकर बहुत सावधान और सचेत रहने की जरूरत है कि पाकिस्तान किस तरह से आतंकवाद को पनाह दे रहा है। बनर्जी, दक्षिण कोरिया की यात्रा पर पहुंचे सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल हैं। बनर्जी ने सियोल में कोरियाई ‘थिंक टैंक’ के साथ एक उच्च स्तरीय वार्ता में कहा, पीठ पीछे सांप पालना और उम्मीद करना कि वह सिर्फ आपके पड़ोसी को ही डसे, यह आखिरी चीज है जिसके बारे में सोचना चाहिए। उन्होंने कहा, एक बार जब वह सांप बाहर आ जाता है, तो वह जिसे चाहे काट सकता है। सांप तो सांप ही रहता है। इसलिए हमें इस बात को लेकर बहुत सावधान और सचेत रहने की जरूरत है कि पाकिस्तान किस तरह से 11 सितंबर (2001), 26 नवंबर (2008) से लेकर उरी, पहलगाम तक लगातार एक के बाद एक आतंकी हमलों के जरिए आतंकवाद और आतंकवादियों को पनाह दे रहा है। ओसामा बिन लादेन पाकिस्तान के एबटाबाद में छिपा था। बनर्जी ने कहा, हम पूरी विनम्रता और शालीनता के साथ यह बताना चाहते हैं कि पाकिस्तान को दिया गया कोई भी समर्थन आतंकी संगठनों को समर्थन है। पाकिस्तान की हरकतों का समर्थन या बचाव करने वाला कोई भी व्यक्ति, वास्तव में आतंकवाद का समर्थन कर रहा है। बनर्जी, जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राज्यसभा सजस्य संजय कुमार झा के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुआ आतंकी हमला अब भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला नहीं रह गया है, बल्कि यह अब वैश्विक अनिवार्यता बन गया है। टीएमसी नेता ने कहा, हम बार-बार यह कहते रहे हैं कि पाकिस्तान किस तरह से अपनी धरती पर आतंकवादियों को पनाह, सुरक्षा और आश्रय दे रहा है। उन्होंने कहा कि पहलगाम में हुआ हमला इस बात का सबूत है कि पाकिस्तान नहीं चाहता कि भारतीय अर्थव्यवस्था समृद्ध हो। बनर्जी ने कहा, अगर आप भारत और पाकिस्तान की अर्थव्यवस्थाओं के प्रक्षेप पथ को देखें तो दोनों में स्वर्ग और नरक का अंतर है। भारत ने छलांग लगाकर विकास किया है, जबकि पाकिस्तान अपने आर्थिक संकट से जूझ रहा है। उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले के बाद भारत को उम्मीद थी कि पाकिस्तान न्याय करेगा और अपराधियों को सजा दिलाएगा। टीएमसी नेता ने कहा, हमने 14 दिनों तक धैर्यपूर्वक इंतजार किया और फिर लगभग दो सप्ताह के इंतजार के बाद सात मई को हवाई हमले किए। उन्होंने कहा, लेकिन जब कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो भारत ने सटीक तरीके से जवाब दिया। हमारे हवाई हमलों ने एक भी नागरिक को नुकसान पहुंचाए बिना नौ आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया, जिससे हिंसा के सूत्रधारों को स्पष्ट, निर्णायक संदेश गया। बनर्जी ने कहा, मैं बंगाल से आता हूं, एक ऐसी भूमि जो कोरिया के साथ सभ्यतागत बंधन साझा करती है, कविगुरु रवींद्रनाथ टैगोर की भूमि, जिनकी कविता ‘लैंप ऑफ द ईस्ट’ आज भी इस देश में गहराई से गूंजती है। भारत शांति, मानवता और अहिंसा के मूल्यों को आत्मसात करता है। लेकिन समझने में कोई गलती न हो: हमारी सहिष्णुता कायरता नहीं है। पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया था जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत हो गयी थी। प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को कोरियाई राष्ट्रीय असेंबली के कोरिया-भारत संसदीय मैत्री समूह के अध्यक्ष यून हो-जंग से मुलाकात की और उन्हें ‘ऑपरेशन सिंदूर’ के बारे में जानकारी दी। अध्यक्ष यून ने कहा कि आतंकवाद का कोई भी कृत्य अस्वीकार्य है और उसे उचित नहीं ठहराया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के कारण किसी निर्दोष व्यक्ति की जान नहीं जानी चाहिए। यून ने आतंकवाद के खिलाफ दक्षिण कोरिया के मजबूत रुख की पुष्टि की।

## ममता ने विद्रोही कवि काजी नजरुल इस्लाम को जयंती पर श्रद्धांजलि दी

❑ **मुख्यमंत्री ने कहा– कवि नजरुल संकट के समय में खड़े रहने वाले दिग्गज थे**



**कोलकाता :** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विद्रोही कवि काजी नजरुल इस्लाम को सोमवार को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि वह संकट के समय में खड़े रहने वाले दिग्गज थे। ममता ने कहा कि उनकी सरकार ने कवि के नाम पर अंडाल में एक ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे का नाम रखा है और उनकी याद में एक विश्वविद्यालय भी स्थापित किया है। मुख्यमंत्री ने एक्स पर लिखा, विद्रोही कवि काजी नजरुल इस्लाम को उनकी जयंती पर मेरी हार्दिक श्रद्धांजलि। हमने कवि की याद में उनके नाम पर उनके जन्मस्थान के पास आसनस-ोल में काजी नजरुल विश्वविद्यालय का नाम रखा और उस क्षेत्र में हमने अंडाल में अपने ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे का नाम भी काजी नजरुल इस्लाम हवाई अड्डा रखा है। राज्य सरकार ने बांग्ला साहित्य में उनके योगदान को सम्मानित करने के लिए कोलकाता के पूर्व में स्थित न्यू टाउन में एक सांस्कृतिक केंद्र नजरुल तीर्थ और ह्यपश्चिम बंगाल काजी नजरुल इस्लाम अकादमी को कवि को समर्पित किया है।

ममता ने आगे कहा कि हमने कवि पर कई शोध पुस्तकें भी प्रकाशित की हैं। वह हमारे हमेशा याद किए जाने वाले, संकट के समय में खड़े रहने वाले कवि हैं। काजी नजरुल इस्लाम का जन्म 1899 में हुआ था और उन्हें बांग्लादेश के राष्ट्रीय कवि के रूप में मान्यता प्राप्त है। वह एक ऐसे कवि और संगीतकार थे जिन्होंने फासीवाद और उत्पीड़न के खिलाफ तीव्र आध्यात्मिक विद्रोह को बढ़ावा देने वाली काव्य रचनाएं कीं। उन्होंने लगभग 4,000 गीतों (ग्रामोफोन रिकार्ड सहित) के लिए संगीत दिया जिन्हें सामूहिक रूप से नजरुलगीती के रूप में जाना जाता है। उन्होंने हिंदू और मुस्लिम समुदायों के बीच भाईचारे की भी वकालत की।

## तृणमूल के शीर्ष नेतृत्व का सभी स्तर के नेताओं को निर्देश

❑ **किसी भी सरकारी संस्था की नियुक्ति में ‘राजनीतिक सिफारिशें’ प्रतिबंधित**

**कोलकाता :** पिछले 14 वर्षों के शासन के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को शिक्षा विभाग में भर्ती घोटाले के कारण सबसे अधिक शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा है। इस घटना में तृणमूल के पूर्व महासचिव और पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी अभी भी जेल में हैं। पलाशीपाड़ा के तृणमूल विधायक माणिक भट्टाचार्य और ब्रांचा के विधायक जीवन कृष्ण साहा घोटाले आरोप में लंबे समय तक जेल में रहे हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि ऐसी घटनाओं से पार्टी की छवि धूमिल हुई है। सत्तारूढ़ पार्टी का शीर्ष नेतृत्व अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले उस छवि को बेहतर करने के लिए कमर कस रहा है।

पार्टी के मुख्य संगठन ही नहीं, बल्कि शाखा संगठनों के प्रमुखों को भी निर्देश दिया गया है कि वे किसी भी निजी या फिर सरकारी किसी भी संस्था में नियुक्ति करते समय पार्टी का नाम लेकर कोई सिफारिश न करें।

निजी कंपनियों के साथ-साथ नगर पालिकाओं को भी प्रतिबंध के दायरे में लाया जा रहा है। कोई भी पार्टी नेता, मेयर, चेयरमैन, पार्षद या पंचायत प्रशासन का कोई भी निर्वाचित जनप्रतिनिधि यह सिफारिश नहीं कर सकता कि कौन सी नगर पालिका किस ठेका कंपनी को काम पर रखेगी। तृणमूल के एक शीर्ष नेता ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को कुछ ऐसे आरोप मिले हैं जो काफी गंभीर हैं। उदाहरण के लिए, किसी ठेकेदार कंपनी को सड़कों की मरम्मत या किसी विभाग में काम करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। हालांकि, पार्टी नेताओं ने जानबूझकर अपने लोगों को वहां रखा है। ऐसे आरोपों के भी साक्ष्य मिले हैं कि नियुक्तिकर्ता नेता ने कई श्रमिकों को नियुक्त किया था और उनसे रिश्वत ली थी। ऐसे अनुभवों के आधार पर पार्टी नेताओं को सख्त निर्देश देते हुए सभी प्रकार की नियुक्तियों से दूर रहने को कहा गया है।

**दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा**

**ई– निविदा सूचना सं.: एम_केजीपी_एमसीसी_2025** भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है : **कार्य के नाम का संक्षिप्त विवरण और इसका स्थान:** 04 (चार) वर्षों के लिए कोचिंग डिपो खड़गपुर में कोचों की यंत्रचालित सफाई एवं पिट लाइनों और डिपो परिसरों की सफाई। **विज्ञापित मूल्य :** रु.6,70,06,875.20, **बयाना राशि :** रु.4,85,000/-, **ई-निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 20.06.2025 को 15.00 बजे। **वेबसाइट का वर्णन और विवरण: www.ireps.gov.in बोली प्रारंभ होने की तिथि:** 06.06.2025, यह प्रमाणित किया जाता है कि दिनांक 22.05.2025 को उपर्युक्त ई-निविदा सूचना को वरिष्ठ डीएमई/केजीपी के कार्यालय द्वारा वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर अपलोड कर दिया गया है। **(PR-197)**

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : 222-एस/1/डब्ल्यू-II, दिनांक 21.05.2025,** वरिष्ठ मंडल अभियंता/I, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए निम्नलिखित ई-निविदाएँ ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं.: टीएन-31-25-26, कार्य का नाम:** स्पैन नं. 5, 6 एवं 7 के लिए ब्रिज नं. 13 सीसीआर की सैंड ब्लास्टिंग एवं मेटलाइजिंग के लिए प्रावधान। **निविदा मूल्य :** रु. 4,33,37,665.50, **बयाना राशि :** रु.3,66,700/-, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 13.06.2025 को 15.00 बजे। **कार्य की समापन अवधि:** 18 (अठारह) माह। **निविदा के खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 13.06.2025 को 15.30 बजे। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। SDAH-63/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सं. 25_2025-26, दिनांक 23.05.2025** वरिष्ठ मंडल अभियंता/सी, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **वरिष्ठ डीईएन/ मुख्यालय/हावड़ा** के अधीन। **कार्य का विवरण** : हावड़ा (फेज-1) में नए डिवीजनल रेलवे हॉस्पिटल बिल्डिंग का निर्माण। **अनुमानित मूल्य :** रु. 44,75,48,482.67, **बयाना राशि:** रु. 23,87,800/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** रु.0.00, **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह । यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय : दिनांक 20.06.2025 को 14.00 बजे।** निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। **ईएमडी और टीडीसी का भुगतान**-ई-निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणी:** आईआरईपीएस (ई-निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में कोई फिक्सड डिपॉजिट रिसीट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा। HWH-101/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**संक्षिप्त ई-निविदा सं. : डीसीपीएम-जीएस-ईएनजी-एसडीएएच-04-25-26 (एकल पैकेट प्रणाली में खुली निविदा), दिनांक: 22.05.2025,** उप मुख्य परियोजना प्रबंधक, गति शक्ति इकाई/अभियांत्रिकी/सियालदह, पूर्व रेलवे, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा प्रणाली के तहत निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम** : सियालदह मंडल-गति शक्ति इकाई-एसएसई/डब्ल्यू/बनगांव के अधीन ठाकुरनगर में तीसरी लाइन के निर्माण के लिए प्रावधान के संबंध में ठाकुरनगर स्टेशन पर 6 मी. चौड़े आरडीएसओ स्टैंडर्ड फुट ओवर-ब्रिज का प्रावधान एवं सहायक कार्य। **अनुमानित मूल्य :** रु.3,08,57,191.43, **बयाना राशि :** रु. 3,04,300/-, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **समापन अवधि** : 06 माह। **खुलने की तिथि :** दिनांक 06.06.2025 को 15.00 बजे। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** से प्राप्त किए जा सकते हैं। निविदा के लिए बोली उक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। इस निविदा के लिए कोई मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। SDAH-62/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## खगड़ागढ़ विस्फोट कांड के 10 साल बाद फिर एनआइए सक्रिय

❑ **मुर्शिदाबाद के कांग्रेस नेता और ईरिक्शा चालक को केंद्रीय एजेंसी ने किया तलब**

**कोलकाता :** पश्चिम बर्द्धमान जिले के खगड़ागढ़ विस्फोट कांड के करीब 10 साल बाद राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) फिर से कार्रवाई शुरू की है। एजेंसी ने इस मामले में मुर्शिदाबाद से एक कांग्रेस नेता और शिक्षक तथा एक ई रिक्शा (टोटो) चालक को तलब किया है। कथित तौर पर उन्हें अगले मंगलवार दोपहर 12 बजे तक उपस्थित होने का आदेश दिया गया है। बताया जा रहा है कि उन्हें खगड़ागढ़ विस्फोट कांड के मामले में बुलाया गया है।

अब्दुल जब्बार मुर्शिदाबाद के सागरपाड़ा थाना क्षेत्र के एक प्राथमिक विद्यालय में पढ़ाते हैं। वह क्षेत्र में कांग्रेस नेता के रूप में भी जाने जाते हैं। नोटिस मिलने की बात स्वीकार करते हुए कांग्रेस नेता अब्दुल ने कहा कि मैं किसी साजिश के बारे में बात नहीं करूंगा। हालांकि, जिस घटना के लिए मुझे बुलाया गया था, उसके बारे में मुझे कुछ भी पता नहीं है। लेकिन जब मुझे बुलाया जाएगा तो मैं अवश्य उपस्थित होऊंगा। दूसरी ओर, बेलडांगा के बटाला इलाके के अजीज नामक टोटो चालक का परिवार परेशान है। टोटो चालक का कहना है कि पांच लोगों का भोजन मेरी टोटो पर निर्भर हैं। मुझे नहीं मालूम कि मुझे क्यों बुलाया गया। मेरे पास कोलकाता जाने के लिए भी पैसे नहीं हैं। देखते हैं हम कैसे जा सकते हैं।

दो अक्टूबर 2014 को दुर्गा पूजा के दौरान खगड़ागढ़ में एक घर में आईईडी बनाते समय विस्फोट हो गया था। दो आतंकवादी मारे गए थे। पुलिस ने एक अन्य व्यक्ति को गंभीर रूप से घायल अवस्था पाया था। इस विस्फोट कांड के बाद बांग्लादेश आतंकी संगठन जमात-उली-मुजाहिद्दीन (जेएमबी) के बड़े माड्यूल का पता चला था। एनआइए इस घटना की जांच कर रही है। हाल ही में असम एसटीएफ के जाल में फंसे कई लोगों के जरिए खगड़ागढ़ विस्फोट कांड के मास्टरमाइंड और जेएमबी के सदस्य सादिक उर्फ तारिकुल इस्लाम का नाम फिर से सामने आया है। पता चला है कि मुर्शिदाबाद के हरिहरपाड़ा निवासी और अंसारुल्लाह बांग्ला टीम के सदस्य अब्बास अली ने जेल में तारिकुल से प्रभावित हुआ था। पिछले हफ्ते एनआइए ने देश विरोधी गतिविधियों के आरोप में मुर्शिदाबाद के दो निवासियों हबीबुर रहमान और गोलाम किबरिया को तलब किया था।

## घुसपैठिये का बड़ा खुलासा, 15 हजार रुपये में मिला था भारतीय होने का दस्तावेज

**बांग्लादेशी घुसपैंठिये को अपना भाई बता कर दस्तावेज बनवाने वाले को पुलिस ने दबोचा, दलाल की तलाश जारी**

**कोलकाता :** एक पुलिस अधिकारी के कार से धक्के मारने के मामले में गिरफ्तारी के बाद 41 वर्षीय आजाद शेख के बांग्लादेशी घुसपैठिया हो का पता चला था। अब उसने बांग्लादेश से घुसपैठ कर भारतीय फर्जी दस्तावेज बनान के बारे में बड़ा खुलासा किया है। उसने 15,000 रुपये में फर्जी भारतीय पहचान दस्तावेज बनवाया था। शेख को 18 मई को कालीघाट पुलिस ने गिरफ्तार किया था, जब वह कार चला रहा था तो उसने ड्यूटी पर तैनात नेताजी नगर थाने के एएसआइ सुसेन दास को टक्कर मार दी थी। इसके बाद उसकी कार को जब्त कर लिया गया और उसके ड्राइविंग लाइसेंस व आधार कार्ड की जांच की गई तो उसके सभी दस्तावेज फर्जी निकलें। इसके बाद जब उससे सख्ती से पूछताछ की गई तो उसने कबूल कर लिया कि वह असल में बांग्लादेशी है और अवैध रूप से कोलकाता पहुंचा था। जांच में पुलिस को पता चला कि वह बांग्लादेश के फरीदपुर के बोलमारी थाना अंतर्गत सहसरिल बाजार का रहने वाला है। अक्टूबर 2023 के बाद से उत्तर 24 परगना के खासांकदाहा में रह रहा था। उसके खिलाफ कालीघाट थाने में विदेशी अधिनियम की धारा 14 ए (बी) और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 212 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पूछताछ के दौरान, शेख ने पुलिस को बताया कि वह एक दलाल की मदद से भारत में घुसा था, जिसने उसे उत्तर 24 परगना जिले के नाजत थाना क्षेत्र में जफर अली शेख के साथ रहने की व्यवस्था की थी। जफर ने आजाद को अपने बड़े भाई के रूप में पेश किया और उसे फर्जी आधार, राशन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस और प्रधानमंत्री आवास योजना का कार्ड बनाने में मदद की। जाली दस्तावेजों में जफर ने अपने माता-पिता का नाम आजाद के माता-पिता के रूप में दर्ज कराया था। इसके बाद पुलिस ने फर्जी दस्तावेज बनवाने के मामले में जफर अली शेख को भी गिरफ्तार कर लिया है, जबकि उस दलाल की तलाश की जा रही है, जिसने उसे सीमापार से घुसपैठ और शेख तक पहुंचाया था।

**बईजलास सिविल जज सिनियर डिविजन-प्रथम, मोकाम – बक्सर ।**

नम्बरी वाद नम्बर – 65 सन् 2024

जर्नादन राय, ........... वादी

बनाम

सदानन्द राय वगैरह ....... प्रतिवादीगण

नोटिस बनाम

1. सदानन्द राय पिता स्व0 आदित्य नाथ राय उर्फ अजित राय साकिन + पो0 – चुन्नी, थाना- बक्सर मुफसिल, जिला- बक्सर
2. विजय कुमार राय पिता स्व0 आदित्यनाथ राय उर्फ अजित राय साकिन +पो0 – चुन्नी, थाना- बक्सर मुफसिल, जिला- बक्सर हाल मोकाम – फ्लैट नं0 403 ब्लाक सी0 टुयुलिप गार्डन 219-220 चान्दमारी रोड अंदुल रोड हाबड़ा
3. उर्मिला राय पति श्री सदानन्द राय साकिन + पो0 – चुन्नी, थाना – बक्सर मुफसिल, जिला- बक्सर
4. आशा राय पति श्री विजय राय साकिन +पो0 – चुन्नी, थाना- बक्सर मुफसिल, जिला- बक्सर हाल मोकाम फ्लैट नं0 403 ब्लाक सी0 ट्रयुलिप गार्डेन 219-220 चन्दमारी रोड अंदुल रोड हाबड़ा
5. बिमलेश कुमार सिंह पिता राधेश्या सिंह साकिन-लक्ष्मीपुर, थाना बक्सर मुफसिल, जिला बक्सर।
6. रंजना राय पति ओंकारनाथ राय साकिन-हकिमपुर, पोस्ट- सुक्रवलिया, थाना इटाढी, जिला बक्सर

चूँ बावजुद जोटिश समन के आपलोग मोकदमें में हाजिर नहीं हो रहे हैं अतः बजरिये गजट प्रकाशन के माध्यम से आपलोगों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 13.06.025 तक न्यायालय में हाजिर होकर जो कुछ उजुर/एतराज करना हो करे अन्यथा आपलोगो की अनुपस्थिति में मोकदमे में एकपक्षीय सुनवाई की जायेगी।

इसे सख्त ताकिद जाने।

सिविल जज सिनियर डिविजन प्रथम, बक्सर।

**मेट्रो रेलवे, कोलकाता**

**मेट्रो रेलवे के प्रधान मुख्य अभियंता द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य का नाम:** पार्क स्ट्रीट स्टेशन, मेट्रो रेलवे कोलकाता के गेट नंबर-3 पर हैवी ड्यूटी एस्केलेटर की स्थापना के सिलसिले में एस्केलेटर पिट के डिज़ाइन एवं ड्राइंग सहित सिविल इंजीनियरिंग संबंधी कार्यों का निष्पादन तथा अन्य संबंधित कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 2992575.69, **बयाना राशि:** ₹ 59,900.00, **कार्य की पूर्णता अवधि:** दो (02) महीने, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 16.06.2025 को दोपहर 12:00 बजे। निविदा दस्तावेज़ एवं अन्य विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in से प्राप्त किए जा सकते हैं। **यदि कोई संशोधन या परिशिष्ट जारी किया जाता है, तो वह केवल उपर्युक्त वेबसाइट पर ही उपलब्ध होगा।**

**संक्षिप्त ई-निविदा सूचना संख्या: सिविल - 2526-2025 (खुला)**

हमें अनुसरण करें: /metrorailwaykol /metorailkolkata

**मेट्रो रेलवे, कोलकाता**

**प्रधान मुख्य अभियंता, मेट्रो रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा प्रणाली के तहत निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: कार्य का नाम:** मेट्रो रेलवे कोलकाता की ब्लू लाइन के महानायक उत्तम कुमार से कवि सुभाष (पूर्वी शाखा) तक संबंधित कार्यों के साथ वायाडक्ट के पियर पर शार्प कर्व के बाहरी तरफ लैटरल रेस्ट्रेनर प्रदान करना और लगाना। **कार्य का अनुमानित मूल्य:** रु.1,07,68,707.20, **बयाना राशि:** रु.2,03,900/-, **समापन अवधि:** नौ (09) माह। **अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 17.06.2025 को 12.00 बजे। निविदा कागजात और अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से प्राप्त किए जा सकते हैं। किसी संयोजनी/संशोधनी को केवल वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा।

**संक्षिप्त ई-निविदा सूचना सं. : सिविल-2524-2025 (खुली)**

हमें यहाँ देखें: /metrorailwaykol /metrorailkolkata

**Office of The Purulia-I Panchayat Samity**
**P.O.: Kotlai, Dist.: Purulia, Pin: 723103**

**Memo No.: 349/EO/Pur-I** **Date: 26.05.2025**

**Notice**

Executive Officer, Purulia-I Panchayat Samity invites E-tender as follows: **NIeT No.- WBPUR/EO/Niet-01/2025-26, dt. 26.05.2025, for 2 nos. scheme (Tender ID 2025_DM_851913_1 & 2025_DM_851913_2) Const. of of ACR building & AWC building** within the jurisdiction of Purulia-I Panchayat Samity. Last Date of Tender Submission is **09.06.2025 up to 06:55 pm respectively.** Details may obtained from website : https://wbtenders.gov.in.

Sd/-
Executive Officer
Purulia-I Panchayat Samity

**OFFICE OF THE PURULIA-II PANCHAYET SAMITY**
**Vill. Bongabari, P.O. : V-Nagar, Dist. : Purulia (W.B.) ;**
**Mobile No. 8373068635, E-mail ID : bdoeopurulia2@gmail.com**

e-Tender is being invited by the Executive Officer, Purulia-II of Village : Bongabari, Post : V. Nagar, Dist : Purulia, for the various developmental work under Purulia-II PS vide **Tender Notice (eNIT) No. : WBPUR/EO/P-II/NIT(e)-01/2025-26, NIT-01/EO/P-II, Dated 23/05/2025.** For more details requisting to the follow the Office Notice Board, www.wbtenders.gov.in & www.purulia.gov.in or may contact General Section of the undersigned on office day & time.

Sd/-
Executive Officer
Purulia-II Panchayet Samity

## राज्यपाल की मंज़ूरी की समयसीमा तय करने के लिए विधानसभा में आएगा संविधान संशोधन प्रस्ताव



**कोलकाता :** राज्य विधानसभा के आगामी सत्र में एक महत्वपूर्ण संविधान संशोधन प्रस्ताव लाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य है- विधानसभा से पारित विधेयकों पर राज्यपाल की स्वीकृति देने की एक निश्चित समयसीमा निर्धारित करना। यह कदम सुप्रीम कोर्ट की हालिया टिप्पणी के बाद उठाया जा रहा है, जिसमें कहा गया था कि राज्यपाल या राष्ट्रपति किसी भी विधेयक को अनिश्चितकाल तक लंबित नहीं रख सकते।

9 जून से शुरू हो रहे विधानसभा सत्र, जो करीब दो सप्ताह चलेगा, उसी में यह प्रस्ताव लाया जाएगा। इस संदर्भ में विधानसभा अध्यक्ष बिमान बंद्योपाध्याय ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के आलोक में जिन विधेयकों को राज्यपाल के पास भेजा गया है, उन पर मंज़ूरी के विषय में स्पष्ट समयसीमा तय करने के लिए संविधान संशोधन प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। यह प्रस्ताव केंद्र सरकार को भी भेजा जाएगा।

स्पीकर ने आगे कहा, अगर विधेयक को कानून में बदलने के लिए समयसीमा बांधनी हो, तो इसके लिए संविधान में संशोधन आवश्यक है। सुप्रीम कोर्ट ने जो दिशा-निर्देश दिया है, उसे लागू करने के लिए हम यही रास्ता अपना रहे हैं।

गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट की दो-न्यायाधीशों की पीठ ने अपने फैसले में कहा था कि कोई भी राज्यपाल या राष्ट्रपति विधानसभा से पारित किसी विधेयक को अनिश्चितकाल तक रोके नहीं रख सकते। उन्हें विधेयक पर एक तय समय के भीतर निर्णय लेना ही होगा। हालांकि तकनीकी रूप से सुप्रीम कोर्ट राज्यपाल या राष्ट्रपति को सीधे आदेश नहीं दे सकता, लेकिन संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत, न्याय सुनिश्चित करने के लिए वह विशेष निर्णय दे सकता है, जो सामान्य कानून के दायरे से बाहर भी हो सकता है।

राज्य सरकार का आरोप है कि वर्तमान राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने विधानसभा से पारित कई विधेयकों को बिना किसी निर्णय के लंबे समय से रोके रखा है। इसे ‘संवैधानिक प्रक्रिया की बाधा’ मानते हुए अब तृणमूल कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार इसे लेकर केंद्र को प्रस्ताव भेजेगी और मांग करेगी कि राज्यपाल के हस्ताक्षर की एक तय समयसीमा निर्धारित की जाए।

इस कदम को राज्य सरकार के संविधानिक अधिकारों की रक्षा के रूप में देखा जा रहा है, जिससे विधायी प्रक्रियाओं को बाधारहित और प्रभावी बनाया जा सके।

### बिधानसभा में ‘ऑपरेशन सिन्दूर’ पर होगी चर्चा, 9 जून से शुरू हो रहा सत्र

**कोलकाता :** राज्य विधानसभा के आगामी सत्र में ‘ऑपरेशन सिन्दूर’ पर प्रस्ताव लाया जाएगा और इस पर विस्तृत चर्चा होगी। सोमवार को विधानसभा अध्यक्ष बिमान बंद्योपाध्याय ने यह जानकारी दी। 9 जून से शुरू हो रहे इस सत्र का संचालन लगभग दो सप्ताह तक चलेगा। उल्लेखनीय है कि हाल ही में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने संसद में ‘ऑपरेशन सिन्दूर’ पर चर्चा की मांग की थी। अब विधानसभा में भी इसे लेकर प्रस्ताव लाने की तैयारी है। इस अभियान में भारतीय सेना की उल्लेखनीय सफलता को ध्यान में रखते हुए राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस इस पर चर्चा कराने की पहल कर रही है। स्पीकर ने स्पष्ट किया कि यदि शासक दल यह प्रस्ताव नहीं लाता, तो वे स्वयं अपने अधिकार का प्रयोग करते हुए यह प्रस्ताव सदन में रखेंगे। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस प्रस्ताव के ज़रिए तृणमूल कांग्रेस ‘राष्ट्रवाद’ के मुद्दे पर भाजपा को किसी तरह की बढ़त नहीं देना चाहती। हाल के दिनों में सभाओं, रैलियों और विभिन्न आयोजनों में तृणमूल ने राष्ट्रीय गौरव को केंद्र में रखकर अपना रुख स्पष्ट किया है। अब विधानसभा में यह रुख और मजबूत रूप से प्रस्तुत किया जाएगा। पत्रकारों द्वारा यह पूछे जाने पर कि यदि विपक्ष ‘ऑपरेशन सिन्दूर’ के साथ-साथ मुर्शिदाबाद की घटनाओं पर भी चर्चा की मांग करे तो क्या होगा, इस पर स्पीकर ने कहा, विपक्ष को यदि चर्चा करनी है तो प्रस्ताव लाएं, फिर देखा जाएगा। वे कई छोटे-बड़े विषयों पर प्रस्ताव लाते हैं, लेकिन मुख्यमंत्री के वक्तव्य के समय वॉकआउट कर जाते हैं। विधानसभा में प्रस्ताव के ज़रिए ‘ऑपरेशन सिन्दूर’ में भारतीय सेना की वीरता और सफलता को औपचारिक रूप से सम्मानित किया जाएगा।

## अब स्वास्थ्य भवन को बम से उड़ाने की धमकी

**ईमेल पर भेजकर दी गई थी सूचना, पुलिस और बम निरोधक दस्ते ने की जांच, कुछ नहीं मिला**

**कोलकाता :** एयर, भारतीय संग्रहालय, विभिन्न निजी स्कूलों में बम होने की धमकी के बाद अब मेल भेजर साल्टलेक स्थित स्वास्थ्य भवन को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। इसके बाद राज्य के स्वास्थ्य विभाग के मुख्यालय में हड़कंप मच गया है। एक ईमेल में कहा गया कि स्वास्थ्य भवन के अंदर विस्फोटक रखे गए हैं और भवन को उड़ा दिया जाएगा। वहां चार आईईडी लगा दिए गए हैं। मेल पहुंचने के लगभग 7-8 घंटे बाद तक किसी का उस पर ध्यान नहीं गया। बाद में मेल देखते ही कर्मचारी आतंकी हो गए। सूचना तुरंत स्थानीय थाने को दी गई। इसके बाद पुलिस की टीम बम निरोधक दस्ता के साथ मौके पर पहुंची और तलाशी अभियान शुरू किया गया। परंतु, जांच के बाद कुछ नहीं मिला।

पुलिस सूत्रों के अनुसार कोई विस्फोटक बरामद नहीं हुआ है। फिर भी, एहतियात के तौर पर स्वास्थ्य भवन के हर तल और कमरे की गहन तलाशी ली गई। पुलिस ने मैनहोल का ढक्कन हटाकर तलाशी ली। यह पता लगाने के लिए भी जांच चल रही है कि धमकी भरा ईमेल किसने भेजा। जांच के लिए साइबर सेल की विशेष टीम को लगाया गया है। बम निरोधक दस्ता करीब ढाई घंटे की तलाशी के बाद वापस लौट आया।

बताते चलें कि अप्रैल की शुरुआत में कोलकाता के भारतीय संग्रहालय को धमकी भरे ईमेल मिला था, जिसमें कहा गया था कि संग्रहालय के अंदर एक बम है और विस्फोट से कई लोग मारे जा सकते हैं।

हालांकि बाद में कुछ भी नहीं मिला। घटना के कुछ दिनों बाद शहर के चार स्कूलों को इसी प्रकार के धमकी भरे ईमेल भेजे गए थे। इसी तरह से अभी कुछ दिन पहले एक विमान में बम की अफवाह फैलाने वाले एक यात्री को पकड़ा गया था। प्रशासन इस तरह के मेल के लगातार आने से चिंतित है।

पुलिस का मानना है कि इस तरह के धमकी भरे ईमेल दहशत फैलाने के उद्देश्य से भेजे जा रहे हैं।

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

समाज्ञा

NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION

- MATRIMONIAL
- PROPERTY
- RECRUITMENT
- EDUCATION
- NAME CHANGE
- PUBLIC NOTICE
- OBITUARY
- REMEMBRANCE
- DISPLAY

TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT

samagyaadvt@gmail.com | www samagya.in

81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# प्रदर्शनकारी शिक्षकों ने दोबारा परीक्षा न देने का संकल्प लिया, दिल्ली में करेंगे आंदोलन

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में प्रदर्शन कर रहे शिक्षकों ने दोबारा भर्ती परीक्षाओं में न बैठने की सोमवार को घोषणा की और कहा कि वे अपना आंदोलन राष्ट्रीय राजधानी तक ले जाएंगे।उच्चतम न्यायालय ने तीन अप्रैल को राज्य सरकार द्वारा सहायता प्राप्त विद्यालयों के 25,753 शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्तियों को अमान्य करार देते हुए उनकी सेवाएं समाप्त करने का आदेश दिया था।योग्य शिक्षक अधिकार मंच के सदस्य वृंदावन घोष ने कहा, आने वाले दिनों में शहर में विरोध प्रदर्शन जारी रखने के अलावा हम देश को उन हजारों योग्य शिक्षकों के साथ हुए अन्याय के बारे में बताना चाहते हैं, जिन्होंने अपनी योग्यता के आधार पर 2016 में एसएससी की परीक्षा उत्तीर्ण की थी।



उन्होंने कहा, अभ्यर्थियों के एक वर्ग द्वारा की गई गलती के लिए बेदाग शिक्षकों को दंडित क्यों किया जाना चाहिए? उपलब्ध 'ओएमआर शीट' का उपयोग 'दागी' और 'बेदाग' के बीच अंतर करने के लिए क्यों नहीं किया जा सकता है?घोष, उस छह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा थे, जिसने शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव विनोद कुमार और सचिव शुभ्रा चक्रवर्ती से मुलाकात की। घोष ने जोर देकर कहा, 2016 में पश्चिम बंगाल कर्मचारी चयन आयोग (डब्ल्यूबीएसएससी) भर्ती परीक्षाओं के लिए इतनी कठिन तैयारी और नौकरियों के लिए योग्य माने जाने के बाद हम किसी भी नयी परीक्षा के लिए तैयार नहीं हैं।उन्होंने कहा, अगर चंद प्रतिशत लोग ही अवैध गतिविधियों में शामिल थे, तो हर योग्य उम्मीदवार को क्यों दंडित किया जाना चाहिए?घोष ने कहा, हम पूरी विनम्रता के साथ राज्य सरकार से फिर आग्रह करते हैं कि वह सुनिश्चित करे कि लगभग 26,000 अभ्यर्थियों की प्रत्येक ओएमआर शीट की जांच कर दागी लोगों को चिन्हित किया जाए।मंच के एक अन्य सदस्य हबीबुर रहमान ने कहा, भले ही पिछली सुनवाई में इस मुद्दे पर उच्चतम न्यायालय की पीठ और राज्य के बीच गलतफहमी हुई हो, लेकिन अब हम विनम्रतापूर्वक न्यायालय से मानवीय दृष्टिकोण से हमारी स्थिति पर विचार करने का आग्रह करते हैं। रहमान ने इस बात पर खेद व्यक्त किया कि न तो मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और न ही शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु ने उनकी मांगों को सुनने के लिए उनके साथ बैठकर बात की। उन्होंने कहा, शिक्षा विभाग के दोनों (प्रधान सचिव और सचिव) शीर्ष अधिकारियों ने हमारी स्थिति के बारे में अपनी सहानुभूति व्यक्त की। उन्होंने कहा कि वे हमारे रुख के बारे में सरकार से बात करेंगे। रहमान ने कहा, लेकिन कुछ मुद्दे ऐसे हैं जिन्हें केवल मंत्री स्तर पर ही सुलझाया जा सकता है। हम कल (मंगलवार) तक शिक्षा मंत्री को एक नया ईमेल भेजकर आमने-सामने चर्चा का अनुरोध करेंगे।

उच्चतम न्यायालय द्वारा एसएससी को 2016 की भर्ती के संबंध में 31 मई तक नई अधिसूचना जारी करने के निर्देश के बारे में पूछे जाने पर घोष ने जवाब दिया, हम कोई नई अधिसूचना नहीं चाहते हैं। सरकार को माननीय न्यायाधीशों को हमारी स्थिति से अवगत कराने के लिए कानूनी विशेषज्ञों से परामर्श करना चाहिए। हम प्रार्थना करते हैं कि राज्य सरकार न्यायालय के समक्ष बेदाग अभ्यर्थियों के नामों वाले एक नए पैनल के गठन की बात रखे।इससे पहले योग्य शिक्षक अधिकार मंच के सदस्यों ने सॉल्ट लेक स्थित शिक्षा विभाग के मुख्यालय विकास भवन में शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव और एक अन्य वरिष्ठ अधिकारी के साथ दो घंटे तक बैठक की।प्रतिनिधिमंडल ने बातचीत के परिणाम के बारे में कोई प्रतिबद्धता नहीं जताई और मीडिया से उनकी आधिकारिक प्रतिक्रिया के लिए कुछ इंतजार करने को कहा।यह पूछे जाने पर कि क्या बातचीत को 'सकारात्मक' कहा जा सकता है, मंच के सदस्य चिन्मय मंडल ने कहा, 'हम ऐसा नहीं कह सकते। चर्चा के दौरान कई मुद्दे सामने आए। सरकार ने अपने विचार व्यक्त किए और स्पष्ट किया कि वह वर्तमान स्थिति में क्या कर सकती है और क्या नहीं।' उन्होंने कहा, 'हम आपस में चर्चा करेंगे और फिर जल्द ही अपनी आधिकारिक प्रतिक्रिया देंगे। तब तक हम कुछ नहीं कह सकते।' प्रदर्शनकारी शिक्षक विकास भवन के पास कई दिनों से धरना दे रहे हैं और मांग कर रहे हैं कि उन्हें बहाल किया जाए। उन्होंने शीर्ष अदालत के आदेश के अनुसार नयी भर्ती परीक्षा में भाग लेने से भी इनकार कर दिया।

## बंगाल : नौकरी गंवाने वाले शिक्षकों ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों से मुलाकात की

**कोलकाता :** हाल ही में उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद अपनी नौकरी गंवाने वाले आंदोलनकारी शिक्षकों के छह-सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने गतिरोध का समाधान खोजने के लिए सोमवार को पश्चिम बंगाल शिक्षा विभाग के अधिकारियों से मुलाकात की। योग्य शिक्षक अधिकार मंच के सदस्यों ने साल्ट लेक स्थित शिक्षा विभाग के मुख्यालय विकास भवन में शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव और एक अन्य वरिष्ठ अधिकारी के साथ दो घंटे तक बैठक की। प्रतिनिधिमंडल ने बातचीत के परिणाम के बारे में कोई प्रतिबद्धता नहीं जताई और मीडिया से उनकी आधिकारिक प्रतिक्रिया के लिए कुछ इंतजार करने को कहा।यह पूछे जाने पर कि क्या बातचीत को सकारात्मक कहा जा सकता है, मंच के सदस्य चिन्मय मंडल ने कहा, 'हम ऐसा नहीं कह सकते। चर्चा के दौरान कई मुद्दे सामने आए। सरकार ने अपने विचार व्यक्त किए और स्पष्ट किया कि वह वर्तमान स्थिति में क्या कर सकती है और क्या नहीं।' उन्होंने कहा, 'हम आपस में चर्चा करेंगे और फिर जल्द ही अपनी आधिकारिक प्रतिक्रिया देंगे। तब तक हम कुछ नहीं कह सकते।' प्रदर्शनकारी शिक्षक विकास भवन के पास कई दिनों से धरना दे रहे हैं और मांग कर रहे हैं कि उन्हें बहाल किया जाए। उन्होंने शीर्ष अदालत के आदेश के अनुसार नयी भर्ती परीक्षा में भाग लेने से भी इनकार कर दिया।

## पेंशन, सेवानिवृत्ति लाभ में देरी नहीं की जा सकती : कलकत्ता उच्च न्यायालय

**कोलकाता :** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने कहा कि किसी कर्मचारी को लंबी और निरंतर सेवा के बाद मिलने वाली पेंशन और अन्य सेवानिवृत्ति लाभों में एक दिन की भी देरी नहीं की जा सकती। न्यायमूर्ति गौरांग कंठ ने 23 मई के अपने आदेश में कहा कि ऐसे मामलों में देरी से सेवानिवृत्त कर्मचारियों को कठिनाई होती है, जो जीविका के लिए इस बकाया राशि पर निर्भर होते हैं। यह टिप्पणी पश्चिम बंगाल के एक नगर निकाय की चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी द्वारा दायर याचिका के जवाब में आई। याचिकाकर्ता ने कहा कि वह 30 नवंबर, 2023 को सेवानिवृत्त हुईं और उनका अंतिम मासिक वेतन लगभग 40,000 रुपये था। हालांकि, उनके पदनाम में विसंगतियों के कारण, उनके पक्ष में अभी तक कोई पेंशन स्वीकृत नहीं की गई है। न्यायमूर्ति कंठ ने कहा कि न्यायालय वर्तमान स्थिति पर अपनी गंभीर चिंता व्यक्त करने के लिए विवश है, जहां प्रशासनिक दक्षता और पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से अद्यतन डिजिटल अवसंरचना के परिणामस्वरूप संक्रमणकालीन अकुशलताएं उत्पन्न हो गई हैं, जिससे चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के लिए पेंशन लाभों को अंतिम रूप देने में अस्थायी रूप से बाधा उत्पन्न हो रही है। आदेश में उन्होंने कहा कि न्यायालय सभी संबंधित पक्षों को यह याद दिलाना उचित समझता है कि पेंशन कोई दान का कार्य नहीं है, बल्कि यह कर्मचारियों द्वारा उनकी लंबी और समर्पित सेवा के परिणामस्वरूप अर्जित कानूनी रूप से लागू अधिकार है। आदेश में आगे कहा गया है कि पेंशन के वितरण में किसी भी प्रकार की अनुचित देरी अस्वीकार्य है और यह समानता और न्याय के सिद्धांतों के विपरीत है।

# वाम-कांग्रेस गठबंधन ने मुर्शिदाबाद में कृषि सहकारिता चुनाव जीता

### 43 में से 39 सीट पर मिली बंपर जीत, सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस को केवल चार सीटें मिली

**कोलकाता :** वाम- कांग्रेस गठबंधन ने रविवार को बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के दौलताबाद में महाराजपुर कृषि समबाय (सहकारी) समिति के चुनाव में 43 में से 39 सीट पर जीत हासिल की।

कांग्रेस नेताओं ने इसे 2026 के विधानसभा चुनावों से पहले जनता के मिजाज का संकेत बताया है। मुर्शिदाबाद में पिछले महीने की शुरुआत में वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान जमकर हिंसा भी हुई थी, जिसमें तीन लोगों की जानें चली गई थी।

कांग्रेस नेता मनोज चक्रवर्ती ने कहा कि गठबंधन ने क्रेडिट सोसाइटी में 39 सीट जीती हैं, जबकि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस को केवल चार सीट पर जीत मिली है। यह सिर्फ शुरुआत है। उन्होंने कहा कि पिछले महीने धमकी का सामना करने के बावजूद लोग वोट देने के लिए आगे आए। इस चुनाव के जरिए आम आदमी ने तृणमूल को स्पष्ट संदेश दिया है कि अत्याचार और भ्रष्टाचार को उखाड़ फेंका जाएगा और यह परिणाम उसी का प्रतिबिंब है।

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी-कांग्रेस गठबंधन ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस ने उनके उम्मीदवारों को चुनाव में भाग लेने से रोकने के लिए बल प्रयोग किया, इसके बावजूद उन्हें बहुमत का समर्थन मिला है।

माकपा के एक स्थानीय नेता ने कहा, नामांकन से लेकर मतदान तक, तृणमूल ने प्रक्रिया को पटरी से उतारने की कोशिश की। लेकिन लोगों ने उन्हें उचित जवाब दिया है।

हालांकि, तृणमूल कांग्रेस ने सभी आरोपों से इन्कार किया और अशांति पैदा करने के लिए विपक्ष को दोषी ठहराया। महाराजपुर कृषि समबाय समिति मुख्य रूप से मुर्शिदाबाद जिले में कृषि और संबद्ध क्षेत्र की गतिविधियों को पूरा करती है।

## कालीगंज विस उपचुनाव को लेकर आयोग सक्रिय, अगले सप्ताह से शुरू होगी केंद्रीय बलों की तैनाती

**कोलकाता :** चुनाव आयोग ने नदिया की कालीगंज विधानसभा सीट के लिए होने वाले उपचुनाव में शुरुआत से ही केंद्रीय बलों की 18-20 कंपनियां तैनात करने का फैसला किया है। आयोग सूत्रों ने सोमवार को बताया कि केंद्रीय बल अगले सप्ताह तक राज्य में पहुंच जाएंगे। आयोग ने निर्णय लिया है कि कालीगंज उपचुनाव के दिन हर बूथ पर 'वेब कास्टिंग' की जाएगी। रविवार को आयोग ने घोषणा की कि कालीगंज सहित चार राज्यों के पांच विधानसभा क्षेत्रों में 19 जून को उपचुनाव होंगे।

कालीगंज के तृणमूल विधायक नसीरुद्दीन अहमद का पिछले फरवरी में निधन हो गया था। इसीलिए वहां उपचुनाव कराया जा रहा है। 2016 के विधानसभा चुनाव में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पार्टी ने राज्य में भारी बहुमत हासिल किया था, लेकिन नदिया में अल्पसंख्यक बहुल निर्वाचन क्षेत्र कालीगंज अपवाद था। यहां वाम समर्थित कांग्रेस उम्मीदवार हसनुज्जमां शेख जीते थे। 2021 के विधानसभा चुनाव में वाम-कांग्रेस गठबंधन तीसरे स्थान पर रहा, जिसे मात्र 12 प्रतिशत वोट मिले। तृणमूल के नसीरुद्दीन 53 प्रतिशत से अधिक वोटों से जीते। दूसरे स्थान पर रहे भाजपा उम्मीदवार रहे थे और तृणमूल की जीत का अंतर 46,000 से अधिक वोटों का था।

## बिना किसी सीमा के आगे बढ़ें: बाटा ने नया पावर मूव+ कलेक्शन लॉन्च किया

**कोलकाता :** फुटवियर ब्रांड बाटा अपने नए पावर मूव+ कलेक्शन के लॉन्च के साथ रोज़मर्रा के एक्टिववियर को फिर से परिभाषित कर रहा है - जिसे उन लोगों के लिए डिज़ाइन किया गया है जो चलते-फिरते जीवन जीते हैं। स्टाइल, आराम और रोज़मर्रा के मूल्य पर ध्यान देने के साथ, यह कलेक्शन उन लोगों का समर्थन करता है जो मूवमेंट को कसरत के रूप में नहीं, बल्कि पूरी तरह से जीने और बिना किसी सीमा के आगे बढ़ने के तरीके के रूप में देखते हैं। स्टाइल के स्पर्श के साथ स्वस्थ जीवनशैली अपनाने वालों के लिए तैयार की गई मूव+ रेंज में सांस लेने योग्य सामग्री, हल्के कुशनिंग और तकनीक से चलने वाली सुविधा है। मूव+ रोज़मर्रा की हरकतों और आधुनिक जीवनशैली में नवीनता लाता है।

## शम्मी तिवारी पुनः बड़ाबाजार जिला छात्र परिषद अध्यक्ष नियुक्त

**कोलकाता, समाज्ञा**

समाज सेवा और छात्र हितों के प्रति उनकी सतत निष्ठा और समर्पित कार्यों को देखते हुए शम्मी तिवारी को एक बार फिर बड़ाबाजार जिला छात्र परिषद का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनके सामाजिक योगदान और नेतृत्व क्षमता की व्यापक सराहना की जा रही है। समाज में सक्रिय रूप से कार्यरत रहने वाले श्री तिवारी को इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी जा रही है।




वार्ड नंबर 23 के पार्षद विजय ओझा द्वारा रविवार को आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में भाजपा नेता तापस राय, संजय सिंह और संजय हरलालका एक छात्रा को सम्मानित करते हुए।

## हेरिटेज स्कूल की छात्राएं सीआईएससीई नेशनल प्री-योग ओलंपियाड 2025 में संयुक्त विजेता घोषित

**कोलकाता/देहरादून :** सेंट जोसेफ्स एकेडमी, देहरादून ने रविवार को सीआईएससीई राष्ट्रीय प्री-योग ओलंपियाड 2025 के समापन समारोह की भव्य मेजबानी की। इस अवसर पर देशभर से आए युवा योग प्रतिभागियों, प्रशिक्षकों और गणमान्य अतिथियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उत्तराखंड सरकार की रेखा आर्य थीं। उनके साथ सीआईएससीई के वरिष्ठ अधिकारी अरिजीत बसु, अर्नव कुमार साव, मिशेल ए. गार्डनर, अनुज सिंह तथा हिमाचल टाइम्स की मालिक इंद्राणी पांधी भी उप-स्थित रहीं। समारोह की शुरुआत शांतिपूर्ण प्रार्थना के साथ हुई, जिसके बाद मंत्री रेखा आर्य ने राज्य में खेल



और युवा विकास की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और योग जैसे आयोजनों की भूमिका को सराहा।

इस आयोजन में 15 क्षेत्रों के 150 खिलाड़ियों ने अंडर-14 और अंडर-17 श्रेणियों में भाग लिया। प्रतियोगिता में हेरिटेज स्कूल, पश्चिम बंगाल की छात्राएं अदित्री डे और अनन्या सेनगुप्ता ने अंडर-14 लड़कियों की श्रेणी में संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त कर स्कूल को गौरवान्वित किया। अन्य विजेताओं में सवेरा (उत्तर भारत), देवांशी शिंदे (महाराष्ट्र), हिमोग्न नाथ, हिमांशु कुमार साव (पश्चिम बंगाल), दीपांशु मंडल, गोकर्ण शर्मा (महाराष्ट्र), नैषा सरकार (बिहार-झारखंड) और मान्या शर्मा (उत्तर भारत) शामिल हैं।

समापन समारोह में आरंभ है प्रचंड गीत पर प्रस्तुत नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आयोजन ने योग के माध्यम से अनुशासन, समर्पण और मानसिक-शारीरिक सशक्तिकरण के महत्व को उजागर किया। सेंट जोसेफ्स एकेडमी की सफल मेजबानी समग्र शिक्षा और राष्ट्रीय एकता के प्रति उसकी प्रतिबद्धता का प्रतीक रही।

## विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी भी उम्मीदवार उतारेगी : फहाद




**हावड़ा :** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) द्वारा सोमवार को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन हॉल में आयोजित 'युवा मंथन- विचार से विजय तक' कार्यक्रम में पहुंचे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष फहाद अहमद ने घोषणा की अगले साल बंगाल में होने जा रही विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी भी उम्मीदवार उतारेगी। उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वे एनसीपी के साथ जुड़े और एक ऐसा बंगाल बनायें, जो रवींद्रनाथ टैगोर, स्वामी विवेकानंद और नेताजी सुभाषचंद्र का सपना था। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि उनकी पार्टी प्रत्येक सीटों पर अपना उम्मीदवार उतारेगी। पहलगाम हमले के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा की गयी जवाबी कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर में पूरा देश एक साथ है, लेकिन केंद्र सरकार यह भी हमलोगों को बताये कि आखिर जिन आंतकवादियों ने सिंदूर उजाड़ा था, वे कहां हैं और भारत कैसे आये। इस मौके पर अर्सलान खालिद, हबीबुर रहमान सहित अन्य उपस्थित थे।

## पूर्व रेलवे ने रेल पटरी पर पशु दुर्घटना रोकने के लिए शुरू किया जागरूकता अभियान

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने रेल परिचालन की सुरक्षा और समयपालन सुनिश्चित करने के लिए पशु दुर्घटना (कैटल रन ओवर - सीआरओ) की घटनाओं को कम करने हेतु व्यापक जागरूकता अभियान तेज कर दिया है। ग्रामीण क्षेत्रों में जहां रेलवे ट्रैक खुले खेतों और गांवों से होकर गुजरता है, वहां पशुओं का पटरी पर आना गंभीर समस्या बन चुका है। इस वजह से न केवल जानवरों की मौत होती है, बल्कि ट्रेन परिचालन में बाधा, यात्रियों एवं रेलवे कर्मियों के लिए जोखिम और रेलवे संपत्ति को भी नुकसान पहुंचता है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 19 मई तक पूर्वी रेलवे क्षेत्र में 65 पशु दुर्घटना के मामले सामने आए हैं, जो पिछले वर्ष के समान अवधि में दर्ज 61 मामलों से 6.6 प्रतिशत अधिक हैं। इस बढ़ोतरी को देखते हुए रेलवे ने स्थानीय ग्रामीणों से अपने पशुओं को रेल पटरी से दूर सुरक्षित चरागाहों में रखने का विशेष



आग्रह किया है ताकि पशुओं की सुरक्षा के साथ-साथ ट्रेनों का संचालन बिना बाधा जारी रह सके।

मालदह डिवीजन में बार्हरवा-बकुडीह, टिनपहाड़-राजमहल, काहलगांव-लैलख मामलखा, बरहाट-हंसडीहा, सुजनिपाड़ा-निमटीटा, गांकर-मनिग्राम और मंडर हिल-हंसडीहा क्षेत्रों में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि एक भी पशु दुर्घटना कई ट्रेनों की देरी का कारण बनती है, जिससे हजारों यात्री और मालवाहक ट्रेनें प्रभावित होती हैं। पूर्व रेलवे के हावड़ा, सियालदह और आसनसोल डिवीजनों में भी इसी प्रकार के जागरूकता अभियान जारी हैं। ग्रामीणों से अपील की गई है कि वे अपने पशुओं को सुरक्षित बाड़ों में रखें, पटरी के पास चराने से बचें और रेलवे को असुरक्षित गतिविधियों की सूचना दें।

## पूर्व रेलवे के नए आईजी-सह प्रधान सुरक्षा आयुक्त बने अमिय नंदन सिन्हा

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय रेलवे सुरक्षा बल सेवा के वरिष्ठ अधिकारी अमिय नंदन सिन्हा ने सोमवार को पूर्व रेलवे के रेलवे सुरक्षा बल के निरीक्षक जनरल सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त का पदभार संभाला। उन्होंने यह जिम्मेदारी परम शिव से ग्रहण की है, जो अब इसी पद पर पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे, मालीगांव (असम) स्थानांतरित हो गए हैं। पूर्व रेलवे में शामिल होने से पहले, श्री सिन्हा उत्तर मध्य रेलवे में खत्रक्ष-सह-पीसीएससी के पद पर कार्यरत थे। अपने लंबित सेवा काल में उन्होंने कई प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त किए हैं, जिनमें 2012 में इंडियन पुलिस मेडल फॉर मेरिटोरियस सर्विस, 2009 में नेशनल अवॉर्ड फॉर आउटस्टैंडिंग सर्विस और 2008 तथा 2024 में डीजी का प्रतीक चिन्ह शामिल हैं। ये पुरस्कार उनकी उत्कृष्ट सेवा और



रेलवे सुरक्षा बल में उल्लेखनीय यो-गदान का परिचायक हैं। पूर्व रेलवे प्रशासन ने अमिय नंदन सिन्हा का हार्दिक स्वागत किया है और श्री परम शिव के कुशल नेतृत्व तथा समर्पित सेवा के लिए आभार व्यक्त किया है। इस नेतृत्व परिवर्तन को रेलवे सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## एस्प्लेनेड मेट्रो स्टेशन पर धुआं निकलने से अफरा-तफरी

**कोलकाता :** महानगर के सबसे व्यस्त व महत्वपूर्ण एस्प्लेनेड मेट्रो स्टेशन पर सोमवार दोपहर आग लगने की खबर से अफरा-तफरी मच गई। मेट्रो सूत्रों ने बताया है कि एस्प्लेनेड मेट्रो स्टेशन लगभग धुएं से भर गया था। यह घटना दोपहर करीब 3.30 बजे की है, जब स्टेशन के डाउन लाइन प्लेटफार्म पर यात्रियों ने धुंआ निकलते देखा। यह धुआं चलती सीढ़ियों या एस्केलेटर के पास से निकलता दिखा। यह देखकर यात्रियों में स्वाभाविक रूप से घबराहट फैल गई। तुरंत इसकी सूचना मेट्रो अधिकारियों को दी गई। इसके बाद वरिष्ठ अधिकारी और मेट्रो के इंजीनियर घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। यह धुआं कैसे और कहां से निकला, कहीं कोई गड़बड़ी या त्रुटि तो नहीं थी, इन सबकी जांच की जा रही है। मेट्रो रेल प्रशासन ने दावा किया कि इस घटना के कारण कोई सेवा बाधित नहीं हुई।

## अखिल भारतीय क्षत्रिय समाज की हुगली यूनिट का वार्षिक सम्मेलन संपन्न

**कोलकाता, समाज्ञा :** अखिल भारतीय क्षत्रिय समाज की हुगली यूनिट (तारकेश्वर) का तीसरा वार्षिक सम्मेलन हरिपाल शीतलातला में आयोजित हुआ। इसमें स्थानीय यूनिट के साथ ही केंद्रीय कमेटी और अन्य विभिन्न शाखाओं के प्रतिनिधि सम्मिलित हुए। अखिल भारतीय क्षत्रिय समाज के मुख्य संरक्षक जयप्रकाश सिंह ने संस्था के विकास में हर सदस्य की भूमिका को सराहा एवं उन्हें और सक्रिय होने के लिए प्रेरित किया। मौके पर समाज के अध्यक्ष शेखर सिंह, महासचिव शंकर बक्श सिंह, अखिल भारतीय क्षत्रिय सेवा ट्रस्ट के सचिव कृष्णा सिंह, हुगली यूनिट के अध्यक्ष (पूर्व) आलोक सिंह राय, मुख्य संरक्षक देवी प्रसाद सिंह राय, सचिव सायंतन सिंह राय सहित अन्य पदाधिकारियों ने अपने विचार रखे। इसके पहले पहलगाम हमले में मारे गए लोगों को समाज की तरफ से श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उक्त यूनिट की नई कमेटी गठित की गई जिसमें गोराचन्द सिंह राय को



अध्यक्ष व सायंतन सिंह राय को सचिव नियुक्त किया गया है।

इस दौरान सारनाथ सिंह, ओम प्रकाश सिंह, दिनेश सिंह, आरपी सिंह, प्रभुनाथ सिंह, अजय बहादुर सिंह, आनंद मोहन सिंह, देवेंद्र प्रताप सिंह, अरुण कुमार सिंह, दामोदर सिंह, कमलेश सिंह, रंग बहादुर सिंह, सुधीर सिंह, संजय सिंह, उमेश सिंह, शैलेंद्र सिंह, विमल सिंह, अजय सिंह, विजय सिंह, देवेंद्र सिंह, शंकर सिंह, आरके सिंह, जेपी सिंह, सुनीता सिंह, हेमंत कुमार सिंह, परशुराम सिंह, शिवजी सिंह, जंग बहादुर सिंह, ब्रह्म सिंह, अक्षयवर कुमार सिंह, महेश सिंह, धीरज सिंह, रोहित सिंह, शिव कुमार सिंह, धनंजय सिंह, गोराचंद सिंह राय, समर सिंह राय, मोहन सिंह राय, असीत सिंह राय, रुद्र सिंह राय, दीनबंधु सिंह राय, अपूर्वा सिंह राय, तापसी सिंह राय, शंपा सिंह राय, मलय सिंह राय सहित अन्य पदाधिकरी एवं सदस्य उपस्थित थे।

## ई-रिक्शा की टक्कर से वृद्धा और पालतू कुत्ते की मौत, राज्य मानवाधिकार आयोग ने तलब की रिपोर्ट

**कोलकाता, समाज्ञा :** सॉल्टलेक में ई-रिक्शा की टक्कर से एक वृद्धा और उनके पालतू कुत्ते की मौत के मामले में राज्य मानवाधिकार आयोग ने संज्ञान लिया है। आयोग ने इस संबंध में राज्य सरकार से घटना की पूरी रिपोर्ट मांगी है, साथ ही यह भी जानना चाहा है कि अब तक क्या कार्रवाई की गई है। जानकारी के अनुसार, घटना 1 मई की रात सॉल्टलेक के बीएल-98 ब्लॉक में हुई, जब 72 वर्षीय शिखा दत्ता अपने घर के सामने टहल रही थीं। तभी एक तेज रफ्तार ई-रिक्शा ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वे गंभीर रूप से घायल हो गईं और अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान 13 मई को उनकी मौत हो गई। इस दुर्घटना में उनका पालतू कुत्ता भी मारा गया। इस घटना के बाद ई-रिक्शा की तेज रफ्तार और बेतरतीब संचालन को लेकर सवाल खड़े हो गए। इसके मद्देनजर पुलिस ने ई-रिक्शा की अधिकतम गति 25 किमी प्रति घंटा तय कर दी है और आम लोगों के पैदल चलने को लेकर भी नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इनमें कहा गया है कि वाहन केवल पक्की सड़कों पर चलेंगे और पैदल यात्री फुटपाथ का उपयोग करेंगे। जहां फुटपाथ नहीं है, वहां सड़क के किनारे आने वाले ट्रैफिक की दिशा की ओर मुंह करके चलने की सलाह दी गई है। साथ ही चलते समय हेडफोन का उपयोग न करने की अपील भी की गई है। फुटपाथों के रखरखाव की जिम्मेदारी नगर निगम को सौंपी गई है, जबकि शेष व्यवस्था की निगरानी पुलिस करेगी। वहीं, पुराने पैडल रिक्शा में बैटरी लगाकर उन्हें 'इम्प्रोवाइज्ड इलेक्ट्रिक रिक्शा' में बदला जा रहा है।

# कोलकाता में कुत्ते को डायलिसिस के जरिए मिली नई जिंदगी

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता में आठ साल की लैब्राडोर नस्ल के कुत्ते कोको के लिए पशु चिकित्सा क्षेत्र में एक नई पहल के तौर पर डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। कोको की तबियत लगभग 10-12 दिनों से काले मल और उल्टी की समस्या के कारण बेहद खराब हो गई थी। उसका हीमोग्लोबिन स्तर चार तक गिर गया था, जबकि क्रिएटिनिन का स्तर 14 से अधिक हो चुका था। लगातार रक्त चढ़ाने के बाद भी क्रिएटिनिन नियंत्रित नहीं हो सका, जिसके कारण डायलिसिस के अलावा कोई दूसरा उपाय नहीं बचा था। कोको के मालिक प्रिंस त्रिपाठी, जो उलुबेड़िया के बाउड़िया के निवासी हैं, ने अपने पालतू को लेकर कोलकाता के कई अस्पतालों में डायलिसिस कराने की कोशिश की, लेकिन अधिकांश अस्पतालों में यह सुविधा उपलब्ध नहीं थी। अंततः दक्षिण कोलकाता के बाघाजतिन में स्थित 'पसवेल पेट क्लिनिक' के माध्यम से देशप्रिया पार्क के एचपीएल में कोको का डायलिसिस सफलतापूर्वक किया गया। करीब एक घंटे सात मिनट चली इस प्रक्रिया के बाद कोको की स्थिति में सुधार देखा गया।

डायलिसिस के बाद कोको का क्रिएटिनिन स्तर 18 से घटकर 15 हो गया है। किडनी की स्थिति सुधारने और रक्त संक्रमण कम करने के लिए सोमवार को पुनः डायलिसिस की गई। यह पूर्वी भारत में निजी केंद्र द्वारा पहली बार किसी पशु के लिए डायलिसिस की उपलब्धि है। कोको के गर्भाशय में गंभीर संक्रमण (पायोमेट्रा) पाया गया है, जिसके कारण ऑपरेशन आवश्यक है। ऑपरेशन से पहले उसकी स्थिति को स्थिर करना जरूरी है।

प्रिंस त्रिपाठी ने कोलकाता में सरकारी पशु चिकित्सा सुविधाओं की कमी पर चिंता व्यक्त करते हुए बताया कि बेलघरिया के सरकारी अस्पताल में डायलिसिस मशीन खराब होने के कारण मदद नहीं मिल पाई। एचपीएल के प्रमुख प्रतिप चक्रवर्ती ने बताया कि विशेषज्ञ तकनीशियनों की निगरानी में यह डायलिसिस पूर्वी भारत में पहली बार सफलतापूर्वक की गई है। डायलिसिस के बाद संक्रमण कम होने पर ऑपरेशन की योजना बनाई जाएगी।

# शुभेंदु ने काकद्वीप में फर्जी मतदाता मामले की जांच सीबीआइ से कराने की मांग की

**❑ शुभेंदु के नेतृत्व में भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को सौंपा ज्ञापन**

**❑ भाजपा का आरोप– तृणमूल 10,000 रुपये के बदले रोहिंग्या व बांग्लादेशियों के नाम मतदाता सूची में शामिल करा रही**



**कोलकाता :** बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष व भाजपा विधायक शुभेंदु अधिकारी ने सोमवार को आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस सरकार व ममता बनर्जी की पार्टी 10,000 रुपये के बदले रोहिंग्या व बांग्लादेशियों के नाम मतदाता सूची में शामिल करा रही है। भाजपा प्रतिनिधिमंडल के साथ शाम में राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) मनोज कुमार अग्रवाल से मुलाकात व ज्ञापन सौंपने के बाद आयोग कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में शुभेंदु ने दावा किया कि दक्षिण 24 परगना जिले के काकद्वीप में तृणमूल ने 10,000 रुपये के बदले रोहिंग्याओं के नाम मतदाता सूची में जुड़वाए हैं। शुभेंदु ने कहा कि यह केवल काकद्वीप तक सीमित नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि मतदाता सूची में फर्जी नाम डालने के लिए प्रशासन का उपयोग करके सभी जिलों में इसी तरह की गतिविधियां की जा रही हैं। उन्होंने आयोग से काकद्वीप में फर्जी मतदाता सूची मामले की सीबीआइ जांच की मांग की। साथ ही मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, जो राज्य की गृह मंत्री भी हैं, के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने की मांग की।

शुभेंदु ने यह आरोप उस घटना के बाद लगाया है जब एक बांग्लादेशी नागरिक ने हाल में एक बांग्ला न्यूज चैनल के साथ बातचीत में दावा किया कि उसने एक तृणमूल नेता को 10 हजार रुपये देकर मतदाता सूची में नाम शामिल कराए और वोटर आइ कार्ड बनावाए हैं। इस दावे के बाद रविवार को काकद्वीप के तृणमूल विधायक मंटूराम पाखिरा ने भी आरोप लगाया था कि रुपये लेकर कुछ सरकारी कर्मचारी अवैध लोगों के नाम वोटर लिस्ट में दर्ज किए हैं। पाखिरा ने आरोप लगाया कि काकद्वीप एसडीओ और बीडीओ कार्यालय के कर्मचारी रुपये लेकर अवैध काम कर रहे हैं। इसके पीछे एक बड़ा रैकेट है।

शुभेंदु ने इसका भी उल्लेख किया और चिंता जताते हुए इसे राष्ट्रीय मुद्दा बताते हुए चुनाव आयोग से मामले में कार्रवाई करने का आग्रह किया। भाजपा नेता ने कहा कि पिछले दो मौकों 2016 और 2021 विधानसभा चुनाव की तरह इस बार मैं तृणमूल को हेरफेर के जरिए फिर से जीतने नहीं दूंगा।

**❑ 'पुलिस ने दो दिन तक हिंदुओं के फोन काल का नहीं दिया जवाब'**.

उन्हें पिछले महीने मुर्शिदाबाद जिले के कुछ हिस्सों में हुई हिंसा के बारे में भी उल्लेख किया। कलकत्ता उच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त समिति की रिपोर्ट का हवाला देते हुए शुभेंदु ने आरोप लगाया कि हिंसा के दौरान मुर्शिदाबाद के धुलियान और समसेरगंज में पुलिस ने दो दिनों तक पीड़ित हिंदुओं के फोन काल का कोई जवाब नहीं दिया।

उन्होंने कहा कि हर कोई जानता है कि अगर ऐसी पुलिस को चुनाव कराने का काम सौंपा जाता है तो क्या होगा। इसीलिए उन्होंने आयोग से मांग की कि अगले साल राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव के दौरान किसी भी हिस्से में राज्य पुलिस का इस्तेमाल न किया जाए। उन्होंने पुलिस पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए नए मानक संचालक प्रक्रिया (एसअ-ोपी) की भी मांग की।

**❑ 'राज्य पुलिस स्वतंत्र और पारदर्शी चुनाव कराने में अक्षम'**.

शुभेंदु ने कहा– हिंसा के दौरान पुलिस अधिकारियों, ग्राम पुलिस और अन्य कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने एक भी काल का जवाब नहीं दिया। बंगाल में यही वास्तविक स्थिति है। हमने मांग की है कि केंद्रीय चुनाव आयोग से परामर्श कर बंगाल में 2026 के विधानसभा चुनाव से पहले एक नया एसओपी तैयार किया जाना चाहिए, क्योंकि वर्तमान पुलिस प्रशासन स्वतंत्र और पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित करने में अक्षम है।

उन्होंने आगे आरोप लगाया कि राज्य सरकार अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले तृणमूल के हितों की सेवा के लिए पुलिस अधिकारियों का तबादला शुरू कर देगी। उन्होंने चुनाव आयोग से इस प्रक्रिया की बारीकी से निगरानी करने और यह सुनिश्चित करने का आह्वान किया कि सत्तारूढ़ पार्टी को कोई अनुचित लाभ न मिले। शुभेंदु की अगुवाई में आयोग से मुलाकात करने वाले भाजपा प्रतिनिधिमंडल में विधानसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक शंकर घोष, पूर्व सांसद अर्जुन सिंह, वरिष्ठ नेता तापस राय, शिशिर बाजोरिया, कौस्तव बागची आदि शामिल थे।

## रिलायंस जनरल इंश्योरेंस ने 12.5% की साल-दर-साल वृद्धि के साथ 315 करोड़ रुपये का पीएटी हासिल किया

**कोलकाता :** रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (कंपनी) ने वित्त वर्ष 2024-25 में अपनी डिजिटल-प्रथम रणनीति, ग्राहक-केंद्रित उत्पादों और विविध वितरण रणनीति के दम पर मजबूत प्रदर्शन किया। कंपनी ने रिटेल, कॉर्पोरेट और सरकारी व्यवसाय खंडों में अपनी पहुंच का विस्तार करते हुए मजबूत जोखिम प्रबंधन प्रथाओं को बनाए रखा। कंपनी के प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए, रिलायंस जनरल इंश्योरेंस के सीईओ, श्री राकेश जैन ने कहा: वित्त वर्ष 2024-25 एक अनुशासित कार्यान्वयन, रणनीतिक निवेश और लचीले विकास का वर्ष रहा, भले ही बाजार गतिशील और चुनौतीपूर्ण रहा। निर्बाध ग्राहक अनुभव प्रदान करने, अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों को अपनाने और प्रतिभा में निवेश पर हमारा निरंतर ध्यान हमें एक मजबूत, भविष्य के लिए तैयार संगठन बनाने में मदद करता है।

# सड़क दुर्घटना में एक की मौत, कई घायल

**कोलकाता :** हेयर स्ट्रीट थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक भीषण सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। यह हादसा सोमवार देर रात करीब 12:55 बजे इंडियन एक्सचेंज प्लेस और ब्रेबोर्न रोड के चौराहे पर हुआ, जो चाय बोर्ड के सामने स्थित है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, एक मोटरसाइकिल जिस पर तीन व्यक्ति सवार थे, को एक तेज रफ्तार निजी कार ने टक्कर मार दी। मोटरसाइकिल पर सवार 36 वर्षीय रबी जायसवाल, जो टिकीपाड़ा, हावड़ा के निवासी थे, को एसएसकेएम अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वह बिना हेलमेट पहने हुए थे। दूसरे पिलियन राइडर 39 वर्षीय रबी दास को आवश्यक इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। मोटरसाइकिल चला रहे अमित कुमार जायसवाल, उम्र 39 वर्ष, भी टिकीपाड़ा, हावड़ा के निवासी हैं और वह भी हेलमेट नहीं पहने हुए थे। उन्हें भी इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई।

इस दुर्घटना में दो अन्य वाहन भी शामिल थे-एक लग्जरी टैक्सी और एक निजी कार। लग्जरी टैक्सी में बैठे 30 वर्षीय पिंटू कुमार यादव और रोहन यादव, जो कि एज़रा स्ट्रीट के निवासी हैं, को मामूली चोटें आईं और उन्हें मेडिकल कॉलेज और अस्पताल से उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

निजी कार में सवार 22 वर्षीय जाहिद हुसैन, 19 वर्षीय सर्मिन शमीम और 21 वर्षीय लाइबा अमद, तथा कार के चालक 21 वर्षीय मोहम्मद औविफ खान को भी हल्की चोटें आईं। सभी को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में भर्ती कराया गया और बाद में छुट्टी दे दी गई।

दुर्घटना की जांच में सामने आया है कि निजी कार ने पहले मोटरसाइकिल को टक्कर मारी और फिर एक ट्रैफिक पुलिस की अस्थायी चौकी तथा खड़ी लग्जरी टैक्सी से जा टकराई। मोटरसाइकिल सहित सभी वाहनों को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है और आगे की जांच जारी है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, दुर्घटना में शामिल वाहन और प्राइवेट कार चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। इस दुर्घटना ने एक बार फिर से ट्रैफिक नियमों के पालन की आवश्यकता और हेलमेट पहनने की अनिवार्यता को उजागर किया है।



चक्रवात 'शक्ति' से निपटने के लिए सागर ब्लॉक प्रशासन पूरी तरह तैयार

# कोलकाता, दक्षिण बंगाल के कुछ हिस्सों में बारिश, 28 मई से भारी बारिश का अनुमान

**कोलकाता :** कोलकाता शहर और दक्षिण बंगाल के कुछ हिस्सों में सोमवार को हल्की से मध्यम बारिश हुई। इसे भारतीय मौसम विभाग ने उस दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगमन से पहले की वर्षा बताया, जो वर्तमान में पूर्वोत्तर क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में आगे बढ़ रहा है। मौसम विभाग के अधिकारियों के अनुसार, 27 मई के आसपास बंगाल की खाड़ी के पश्चिम-मध्य और उससे सटे उत्तरी भाग में कम दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है। मौसम विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि इसके प्रभाव से 28 मई से राज्य के कुछ जिलों में भारी बारिश होने की संभावना है। प्रवक्ता ने कहा, 'दक्षिण-पश्चिम मानसून पश्चिम मध्य और उत्तर बंगाल की खाड़ी के कुछ और हिस्सों, मिजोरम के शेष हिस्सों, पूरे त्रिपुरा, मणिपुर, नगालैंड, अरुणाचल प्रदेश और असम और मेघालय के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ गया है।' उन्होंने बताया कि सोमवार सुबह 8:30 बजे से शहर में 2.4 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे में कोलकाता और इसके आसपास के हावड़ा, हुगली, उत्तर 24 परगना, दक्षिण 24 परगना, पूर्व मेदिनीपुर, पश्चिम मेदिनीपुर, झाड़ग्राम, पुरुलिया, बांकुड़ा, पश्चिम बर्धमान, बीरभूम जिलों में हल्की से मध्यम बारिश का पूर्वानुमान जताया है। मौसम विभाग के अधिकारियों ने बताया कि राज्य के उत्तरी भागों में दार्जिलिंग, कलिम्पोंग, जलपाईगुड़ी, अलीपुरद्वार, कूचबिहार, उत्तर-दक्षिण दिनाजपुर, कूचबिहार और मालदा जिलों में हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान है। उन्होंने कहा, 'अगले तीन दिनों के दौरान उत्तर बंगाल की खाड़ी के कुछ और हिस्सों और पूर्वोत्तर राज्यों के शेष हिस्सों तथा उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल एवं सिक्किम के कुछ हिस्सों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं। साथ ही, बंगाल की खाड़ी से अनुकूल वायु प्रवाह और नमी के आने के कारण, अगले 3-4 दिनों तक गरज-चमक के साथ बारिश और तेज हवा की गतिविधियां जारी रहने की संभावना है।



# भवानीपुर में होम्योपैथिक चिकित्सक पर यौन उत्पीड़न का गंभीर आरोप

## आरोपी डॉक्टर फरार, पुलिस तलाश में जुटी

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के भवानीपुर इलाके में एक होम्योपैथिक चिकित्सक पर यौन उत्पीड़न का गंभीर आरोप लगा है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि इलाज के बहाने डॉक्टर ने उसे अपने चेंबर में बुलाकर गलत हरकत की। इस संबंध में शनिवार को दक्षिण कोलकाता के भवानीपुर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है, जिसके आधार पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, आरोपी चिकित्सक का चेंबर भवानीपुर के श्यामाप्रसाद मुखर्जी रोड पर स्थित एक प्रसिद्ध होम्योपैथिक दवा दुकान के पास है। युवती ने बताया कि वह शारीरिक परेशानी के कारण इलाज कराने के लिए उक्त डॉक्टर के पास गई थी। वहीं, डॉक्टर ने चेंबर के अंदर उसके साथ अनुचित व्यवहार किया। शिकायत में पीड़िता ने बताया कि डॉक्टर ने स्वास्थ्य जांच के नाम पर उससे कई बार अश्लील हरकतें कीं। जब उसने विरोध किया, तो डॉक्टर ने दावा किया कि यह सब जांच प्रक्रिया का हिस्सा है। हालांकि, युवती ने स्पष्ट रूप से कहा है कि चिकित्सक ने स्वास्थ्य परीक्षण की आड़ में उसका यौन उत्पीड़न किया। घटना के बाद से आरोपी डॉक्टर चेंबर नहीं आ रहा है और उसके घर पर भी ताला लगा है। पुलिस को संदेह है कि वह घटना के बाद से फरार हो गया है। भवानीपुर थाना पुलिस की एक टीम उसकी तलाश में लगातार जुटी हुई है।

# पत्नी की खुदकुशी करने के छठवें दिन ब्याज के कारोबारी ने लगाई फांसी

**❑ मृतक लोगों से बैंक से ज्यादा ब्याज देने का लालच देकर पैसे जमा करवाता था**

**हावड़ा :** जिले के उलुबेड़िया इलाके में ब्याज के एक कारोबारी ने पत्नी की खुदकुशी करने के छठवें दिन खुदकुशी कर ली। उक्त घटना से जहां हड़कंप मच गया है वहीं वारदात को लेकर तमाम लोगों का कहना है कि, घटना को लेकर कोई न कोई रहस्य छुपा हुआ है। पुलिस ने घटनास्थल से एक सुसाइड नोट बरामद किया है, जिसमें आर्थिक तंगी को आत्महत्या का कारण बताया गया है। मृतक की पहचान सुब्रत दास (64) के रूप में हुई है, जो उलुबेड़िया के खलीसानी मालपाड़ा में एक आभूषण की दुकान और साथ ही ब्याज पर पैसा देने का काम करते थे। पुलिस के अनुसार, सोमवार की सुब्रत का शव उनके घर की छत पर लटकता मिला। सूचना मिलते ही स्थानीय लोग उनकी दुकान पर जमा हो गए और अपने जमा पैसों की मांग करने लगे। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सुब्रत उन्हें बैंक से ज्यादा ब्याज देने का लालच देकर पैसे जमा करवाते थे। कुछ लोगों ने 50 हजार से लेकर एक लाख तक उनके पास जमा कर रखे थे। अचानक हुई उनकी मौत से निवेशकों में घबराहट फैल गई है और कई लोग दुकान के बाहर प्रदर्शन कर रहे हैं। पुलिस ने दुकान और घर की तलाशी में कुछ छोटी-बड़ी डायरी बरामद की हैं, जिनमें लेन-देन का ब्योरा दर्ज है। इसके साथ ही मृतक की शर्ट की जेब से एक चिट्ठी मिली है, जिसमें उन्होंने आर्थिक संकट का ज़िक्र किया है। परिवार वालों ने बताया कि सुब्रत पिछले कुछ समय से गहरे आर्थिक संकट में थे। कुछ दिन पहले उन्होंने अपनी स्थिति अपनी पत्नी से साझा की थी, जिसके बाद पत्नी ने आत्महत्या कर ली। पांच दिन बाद सुब्रत ने भी खुदकुशी कर ली। मृतक के बेटे शुभाशीष दास, जो एक दवा दुकान चलाते हैं, ने बताया कि दो दिन पहले उन्हें पिता के व्यवसाय की खराब हालत के बारे में जानकारी मिली थी। उन्हें अंदाजा नहीं था कि हालात इतने गंभीर हैं। उन्होंने यह भी बताया कि अंतिम दिनों में उनके पिता लॉटरी टिकट तक खरीद रहे थे, जिससे लगता है कि उन्हें पैसों की सख्त जरूरत थी। राजापुर थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए उलुबेड़िया शरतचंद्र मेडिकल कॉलेज भेज दिया है। पुलिस अब आत्महत्या की वजह और आर्थिक लेन-देन से जुड़ी पूरी जानकारी इकट्ठा कर रही है। मामले की जांच जारी है।

# जीआरएसई ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 102.52 करोड़ का लाभांश अदा किया

**कोलकाता, समाज्ञा :** गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अपने शेयरधारकों को कुल 102.52 करोड़ रुपये का अंतरिम लाभांश अदा किया है। इसमें से भारत सरकार के हिस्से के रूप में 76.38 करोड़ रुपये का लाभांश चेक जीआ-रएसई के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक कमोडोर (सेवानिवृत्त) पी.आर. हरि ने मंगलवार को नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को सौंपा। इस अवसर पर रक्षा उत्पादन विभाग के सचिव संजीव कुमार, संयुक्त सचिव (एनएस) राजीव प्रकाश, संयुक्त सचिव (डीआईपी) अमित सतीजा और जीआरएसई के निदेशक (वित्त) आर.के. दास भी उपस्थित थे। यह कार्यक्रम सार्वजनिक उपक्रमों की वित्तीय उत्तरदायित्व और पारदर्शिता को दर्शाने वाला महत्वपूर्ण क्षण रहा।



जीआरएसई ने इस वर्ष 10 के प्रत्येक इक्विटी शेयर पर 8.95 का अंतरिम लाभांश घोषित किया है, जो पिछले वित्त वर्ष 2023-24 के 7.92 प्रति शेयर से अधिक है। कंपनी पिछले 31 वर्षों से लगातार अपने शेयरधारकों को लाभांश देती आ रही है, जो इसके स्थिर वित्तीय प्रदर्शन और शेयरधारक मूल्य के प्रति प्रतिबद्धता का परिचायक है। वर्तमान में जीआरएसई के पास 31 मार्च 2025 तक कुल 22,680.75 करोड़ रुपये की ऑर्डर बुक है। यह आंकड़ा कंपनी की रक्षा क्षेत्र में मजबूती, तकनीकी उत्कृष्टता और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में योगदान को दर्शाता है। जीआरएसई का यह प्रदर्शन सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के लिए एक अनुकरणीय मॉडल बन गया है।

## बिलटेक बिल्डिंग एलिमेंट्स ने दीवार सुदृढ़ीकरण की बढ़ती आवश्यकता पर जताया ध्यान

**कोलकाता, समाज्ञा :** दिल्ली एन-सीआर और देश के अन्य हिस्सों में तेज तूफानों के कारण दीवार ढहने की घटनाओं में वृद्धि को देखते हुए, बिलटेक बिल्डिंग एलिमेंट्स लिमिटेड ने दीवार सुदृढ़ीकरण की अहमियत पर जोर दिया है। कंपनी ने मेरफोर कॉम्पेक्ट नामक तकनीक को प्रस्तुत किया है, जो तेज हवाओं और भूकंपीय गतिविधियों से उत्पन्न तनावों के खिलाफ दीवारों को मजबूत बनाती है। यह उत्पाद उच्च तन्यता शक्ति वाले स्टील से बना है और मोर्टार जोड़ों के बीच स्थापित किया जाता है, जिससे दीवार की मजबूती, स्थायित्व और अखंडता बढ़ती है। बिलटेक के सीईओ रजत एन बहल ने कहा कि निर्माण सुरक्षा में बदलाव के लिए साझा जागरूकता आवश्यक है। बिलटेक भारत में निर्माण को सुरक्षित, स्मार्ट और टिकाऊ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि घरों और बुनियादी ढांचे की मजबूती सुनिश्चित हो सके।


# भवानीपुर में होम्योपैथिक चिकित्सक पर यौन उत्पीड़न का गंभीर आरोप

## आरोपी डॉक्टर फरार, पुलिस तलाश में जुटी

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के भवानीपुर इलाके में एक होम्योपैथिक चिकित्सक पर यौन उत्पीड़न का गंभीर आरोप लगा है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि इलाज के बहाने डॉक्टर ने उसे अपने चेंबर में बुलाकर गलत हरकत की। इस संबंध में शनिवार को दक्षिण कोलकाता के भवानीपुर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है, जिसके आधार पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, आरोपी चिकित्सक का चेंबर भवानीपुर के श्यामाप्रसाद मुखर्जी रोड पर स्थित एक प्रसिद्ध होम्योपैथिक दवा दुकान के पास है। युवती ने बताया कि वह शारीरिक परेशानी के कारण इलाज कराने के लिए उक्त डॉक्टर के पास गई थी। वहीं, डॉक्टर ने चेंबर के अंदर उसके साथ अनुचित व्यवहार किया। शिकायत में पीड़िता ने बताया कि डॉक्टर ने स्वास्थ्य जांच के नाम पर उससे कई बार अश्लील हरकतें कीं। जब उसने विरोध किया, तो डॉक्टर ने दावा किया कि यह सब जांच प्रक्रिया का हिस्सा है। हालांकि, युवती ने स्पष्ट रूप से कहा है कि चिकित्सक ने स्वास्थ्य परीक्षण की आड़ में उसका यौन उत्पीड़न किया। घटना के बाद से आरोपी डॉक्टर चेंबर नहीं आ रहा है और उसके घर पर भी ताला लगा है। पुलिस को संदेह है कि वह घटना के बाद से फरार हो गया है। भवानीपुर थाना पुलिस की एक टीम उसकी तलाश में लगातार जुटी हुई है।


# अगर कीर्ति-यूसुफ-शत्रुघ्न बाहरी, तो वाराणसी में मोदी भी! : तृणमूल का बीजेपी को करारा जवाब

**कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस ने भाजपा के उस आरोप का तीखा जवाब दिया है, जिसमें बंगाल से तृणमूल द्वारा लड़े कुछ उम्मीदवारों को बाहरी कहा गया था। भाजपा द्वारा क्रिकेटर यूसुफ पठान, कीर्ति आजाद, अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा और समाजसेविका सुष्मिता देव जैसे दिग्गजों को 'बाहरी' करार दिए जाने पर तृणमूल ने पलटवार करते हुए कहा है कि अगर ये लोग बाहरी हैं, तो फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद वाराणसी से कैसे चुनाव लड़ सकते हैं, जबकि वे गुजरात के निवासी हैं?

तृणमूल कांग्रेस के राज्य महासचिव कुणाल घोष ने इस मुद्दे पर भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए कहा, राज्यसभा और लोकसभा चुनावों में संविधान के अनुसार कोई भी व्यक्ति देश के किसी भी कोने से चुनाव लड़ सकता है। भाजपा के शीर्ष नेता और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात के होते हुए भी उत्तर प्रदेश के वाराणसी से चुनाव लड़ते हैं। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह पंजाब के निवासी होते हुए असम से राज्यसभा में गए थे। ऐसे कई उदाहरण भारत में हैं।

उन्होंने आगे कहा, अगर मोदी वाराणसी में बाहरी नहीं माने जाते, तो फिर अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त क्रिकेटर यूसुफ पठान, विश्व कप विजेता कीर्ति आजाद और लोकप्रिय अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा को बंगाल से चुना जाना कैसे 'बाहरी' हो सकता है? क्या सुष्मिता देव भी बाहरी हैं, सिर्फ इसलिए कि वह असम की रहने वाली हैं, जबकि वे राज्यसभा में बंगाल से गई हैं?

तृणमूल का कहना है कि भाजपा, राजनीतिक तौर पर तृणमूल से लगातार हारने के कारण हताशा में इस तरह के निराधार आरोप लगा रही है। पार्टी का तर्क है कि ममता बनर्जी ने हमेशा विभिन्न क्षेत्रों - खेल, कला, शिक्षा, समाजसेवा आदि - से प्रतिष्ठित लोगों को सम्मान देकर राजनीति में जगह दी है।

ममता बनर्जी ने क्रिकेटर से लेकर अभिनेता, शिक्षक से लेकर कलाकार, महिलाओं से लेकर चिंतकों तक-हर क्षेत्र के प्रतिनिधियों को राजनीति में स्थान दिया है, जो किसी भी दल ने इस स्तर पर नहीं किया है। भाजपा सिर्फ ईर्ष्या में जल रही है, - ऐसा कहना है तृणमूल नेताओं का।

तृणमूल का स्पष्ट आरोप है कि जब भाजपा वैचारिक या विकास के मुद्दों पर टक्कर नहीं दे पाती, तब वह 'बाहरी' का आरोप लगाकर भ्रम फैलाने की कोशिश करती है। लेकिन बंगाल की जनता इन चालों को समझ चुकी है और उसका जवाब बार-बार चुनावों में दे चुकी है।

## चुंचुड़ा अस्पताल में बिजली गिरने से मची अफरा-तफरी, आग लगने से बाल-बाल बचे मरीज



**हुगली, समाज्ञा :** सोमवार की दोपहर अचानक मौसम बिगड़ने के बाद तेज बारिश और गरज-चमक के बीच चुंचुड़ा इमामबाड़ा अस्पताल में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। अस्पताल की तीसरी मंजिल पर स्थित महिला जनरल वार्ड के पास अचानक बिजली गिरने से ऑक्सीजन पाइपलाइन और बिजली की लाइन में आग लग गई। तेज धमाके की आवाज सुनते ही मरीजों और परिजनों में हड़कंप मच गया। अस्पताल कर्मचारियों ने तुरंत सतर्कता दिखाते हुए सभी मरीजों को सुरक्षित बाहर निकाला। सूचना मिलने पर दमकल विभाग की एक गाड़ी मौके पर पहुंची, लेकिन उससे पहले ही अस्पताल कर्मियों ने फायर एक्सटिंग्विशर की मदद से आग पर काबू पा लिया। अस्पताल अधीक्षक डॉ. अमिताभ मंडल ने बताया कि घटना में कोई घायल नहीं हुआ है। तकनीकी कर्मचारी तुरंत मरम्मत कार्य में जुट गए हैं और प्रभावित मरीजों को अन्य वार्डों में स्थानांतरित कर दिया गया है। घटना के समय वार्ड में मौजूद आया महामाया कुंडू ने बताया, बिजली गिरते ही तेज आवाज के साथ आग लग गई। मैंने तुरंत चिल्लाकर सबको सतर्क किया। अगर समय पर प्रतिक्रिया नहीं होती, तो बड़ा हादसा हो सकता था।

# ओडिशा: समुद्र में स्पीडबोट पलटी, सौरव गांगुली के भाई और भाभी बाल-बाल बचे

**पुरी/कोलकाता :** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली के बड़े भाई स्नेहाशीष गांगुली और उनकी पत्नी अर्पिता पुरी समुद्र में स्पीडबोट का आनंद ले रहे थे तभी उनकी स्पीडबोट पलट गई लेकिन सुयोग से वे बाल-बाल बच गए। जिला प्रशासन ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं। यह घटना 24 मई की शाम को हुई लेकिन इसका खुलासा सोमवार को हुआ। पुरी के जिलाधिकारी सिद्धार्थ शंकर स्वैन ने कहा, 'मैंने दुर्घटना के कारणों की जांच के आदेश दे दिए हैं। यदि सुरक्षा प्रोटोकॉल के संबंध में ऑपरेटर की ओर से कोई चूक पाई जाती है तो कार्रवाई की जाएगी।' आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि निजी ऑपरेटर 'स्काई ड्राइव एडवेंचर एंड वाटर स्पोर्ट्स' को ओडिशा तटीय क्षेत्र प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जल क्रीड़ा गतिविधियां संचालित करने की अनुमति दी गई है। पुरी के पुलिस अधीक्षक विनीत अग्रवाल ने बताया, 'हालांकि यह दुर्घटना शनिवार दोपहर को हुई लेकिन परिवार के सदस्यों ने नजदीकी पुलिस थाने में कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई। सूचना मिलने के बाद हमने परिवार से संपर्क किया और यदि ऑपरेटर की ओर से कोई चूक पाई गई तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय बालीपांडा पुलिस थाने को यह सत्यापित करने के लिए कहा गया है कि यह घटना प्राकृतिक कारणों से हुई या मानवीय भूल से।' स्थानीय टेलीविजन चैनलों द्वारा प्रसारित एक वीडियो में नौका को एक विशाल लहर से टकराकर संतुलन बिगड़ते हुए और पानी में पलटते देखा जा सकता है। एक वीडियो संदेश में अर्पिता ने कहा, 'भगवान की कृपा से हम बच गए। मैं अब भी सदमे में हूं। ऐसा नहीं होना चाहिए और समुद्र में जलक्रीड़ा की व्यवस्था सही तरीके से की जानी चाहिए। मैं कोलकाता लौटने के बाद पुरी के पुलिस अधीक्षक और ओडिशा के मुख्यमंत्री को पत्र लिखूंगी।' इस घटना को याद करते हुए उन्होंने कहा कि नौका लगभग दस मंजिल जितनी ऊंची लहर से टकरा कर पलट गई और वह तथा उनके पति स्नेहाशीष सहित सभी यात्री समुद्र में गिर गए। उन्होंने कहा, 'शुक्र है कि 'लाइफगार्ड' द्वारा तुरंत कार्रवाई किए जाने से हमारी जान बच गई।' स्थानीय पुलिस ने कहा कि समुद्र तट पर तैनात 'लाइफगार्ड' मौके पर पहुंचे और पर्यटकों को बचाया। उन्होंने पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ट्यूब की नौकाओं का इस्तेमाल किया। साफ तौर पर सहमी दिख रही अर्पिता ने आरोप लगाया कि 'एडवेंचर स्पोर्ट्स' संचालकों के 'लालच' के कारण यह हादसा हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि 10 यात्रियों के लिए बनी नौका पर केवल चार यात्री सवार थे जिसके कारण नौका का संतुलन बिगड़ गया और वह लहरों का सामना नहीं कर पाई। उन्होंने कहा, 'वजन कम होने के कारण, नौका का संतुलन बिगड़ गया और वह विशाल लहर के सामने टिक नहीं सकी। समुद्र में पहले ही काफी ऊंची लहरें उठ रही थीं।' अर्पिता ने कहा, 'हालांकि हमने समुद्र में उच्च ज्वार के कारण सुरक्षा को लेकर चिंता जताई थी, लेकिन संचालकों ने हमें आश्वासन दिया कि यह सुरक्षित है। लेकिन जैसे ही नौका समुद्र की तरफ बढ़ी तो कुछ समय बाद ही वह एक बड़ी लहर की चपेट में आकर पलट गई।' सरकार से क्षेत्र में जल क्रीड़ाओं के लिए नियम सख्त करने की मांग करते हुए उन्होंने कहा कि अधिकारियों को यहां ऐसी गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने पर विचार करना चाहिए। स्थानीय लोगों ने दावा किया कि 'स्पीडबोट' को एक निजी कंपनी के अप्रशिक्षित कर्मचारी संचालित कर रहे थे। एक प्रत्यक्षदर्शी ने कहा, 'चालक दल ऊंची लहरों में बोट को संभालने के लिए सक्षम नहीं था और कंपनी ने ऐसी गतिविधियों के लिए अनिवार्य सुरक्षा प्रोटोकॉल की अनदेखी की।' यह भी आरोप लगाया गया कि कंपनी पुरी जिला प्रशासन से अपेक्षित अनुमति के बिना जल क्रीड़ा आयोजित कर रही थी। सूत्रों ने बताया कि निजी ऑपरेटर ने वन्य जीव प्रभाग, पुरी के प्रभागीय वन अधिकारी (डीएफओ), जिला पर्यटन अधिकारी, पुरी और पुरी पुलिस से 'अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्राप्त किया था। सूत्रों ने दावा किया कि इसे ओडिशा तटीय क्षेत्र प्रबंधन प्राधिकरण से समुद्री खेल गतिविधियों को शुरू करने की अनुमति भी दी गई थी।



# वट सावित्री पर्व पर सुहागिनों ने की वटवृक्ष की पूजा, पति की दीर्घायु की कामना की

**हुगली, समाज्ञा :** सोमवार को वट सावित्री व्रत के पावन अवसर पर क्षेत्र की सुहागिन महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ वटवृक्ष की पूजा की और अपने पति की लंबी उम्र व अखंड सौभाग्य की कामना की। श्रद्धालु महिलाओं ने वटवृक्ष की परिक्रमा कर उसे पवित्र धागों से बांधा और ब्रह्मा, विष्णु व महेश की विधिवत पूजा-अर्चना की। यह पर्व पश्चिम बंगाल के बांसबेड़िया, चुंचुड़ा, चंदननगर, भद्रेश्वर, वैद्यवाटी, सेवड़ाफुली, श्रीरामपुर, रिसड़ा, कोन्नगर तथा उत्त-रपाड़ा समेत अनेक स्थानों पर आस्था और श्रद्धा के साथ मनाया गया। खासकर रिसड़ा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक और दो के पास स्थित वटवृक्षों के नीचे श्रद्धालु महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ी।



मान्यता है कि सावित्री ने वटवृक्ष के नीचे यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस लिए थे। अतः इस दिन वटवृक्ष की पूजा करना और व्रत रखना विशेष फलदायी माना जाता है, खासकर जब यह व्रत सोमवती अमावस्या के शुभ योग में आता है। पूजा के पश्चात महिलाओं ने अपने पतियों को पंखा झेलकर उनके कष्टों के निवारण और सुख-समृद्धि की कामना की। पारंपरिक परिधान, मांग में सिंदूर, सुहाग चिन्हों से सजी महिलाओं की श्रद्धा और समर्पण ने इस पर्व को अत्यंत पावन बना दिया।

## न्यूज इन ब्रीफ

### बिना अनुमति के बनायी गयी मस्जिद सील, मुतवल्ली समेत दो गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर (उप्र) :** मुजफ्फरनगर जिले के भोपा क्षेत्र में बिना अनुमति के बनाई गयी नवनिर्मित मस्जिद को जिला प्रशासन ने सोमवार को सील कर दिया। इस मामले में मस्जिद प्रबंधन के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) आदित्य बंसल ने यहां संवाददाताओं को बताया कि सूचना पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मोरना गांव पहुंचे और 'बिना अनुमति' के बनायी गयी नवनिर्मित मस्जिद को सील कर दिया। उन्होंने बताया कि इस मामले में मस्जिद के प्रबंधक (मुतवल्ली) निजामुद्दीन और जमीन के मालिक यूनुस के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है।

### बरेली में रोहिंग्या और बांग्लादेशी संदिग्धों की पहचान के लिए अभियान शुरू

**बरेली (उप्र) :** पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बरेली में संदिग्ध रोहिंग्या और बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान के लिए सोमवाार को 15 दिवसीय विशेष अभियान शुरू हुआ। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अनुराग आर्य ने अपने कार्यालय में एक वर्चुअल बैठक के दौरान इस पहल की शुरुआत की। बैठक में जिले के सभी अपर पुलिस अधीक्षकों, पुलिस क्षेत्राधिकारियों, स्थानीय अभिसूचना इकाई के अधिकारियों, थानाध्यक्षों तथा अन्य संबंधित अधिकारियों ने भाग लिया। आर्य ने बताया कि अभियान के लिए जिला पुलिस ने थानावार टीम बनाई हैं। जिले भर के सभी थानाध्यक्षों को अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने के निर्देश दिये गये हैं। एसएसपी ने निर्देश दिया कि अभियान के तहत जिले में अस्थायी रूप से तम्बुओं और झुग्गियों में रहने वाले लोगों की पहचान की जाएगी। उन्होंने कहा, 'इसका लक्ष्य अवैध प्रवासियों का पता लगाना और उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही शुरू करना है।' आर्य ने दोहराया कि पूरी तरह से पहचान और कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों की कड़ी निगरानी में विभिन्न टीम काम करेंगी।

# उप्र में पहले आम नागरिक भी परिषद के स्कूलों में बच्चों को नहीं भेजना चाहता था: योगी आदित्यनाथ




**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष की पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए सोमवार को दावा किया कि 2017 के पहले आम व्यक्ति भी बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में अपने बच्चों को भेजना नहीं चाहता था। मुख्यमंत्री ने यहां मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालयों एवं मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालयों का शिलान्यास करने के बाद आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों की पूर्व में दुर्दशा और मौजूदा सुधारों पर विस्तार से बात की। योगी ने कहा कि 2017 से पहले बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में जर्जर इमारतें, गंदगी और अव्यवस्था का बोलबाला था, छात्रों की कमी थी और बच्चों के स्कूल छोड़ने की दर अधिक थी, लेकिन 'ऑपरेशन कायाकल्प' ने इस तस्वीर को बदल दिया। उन्होंने प्रस्तावित कार्यक्रमों के बारे में कहा कि आज 3,300 करोड़ रुपये की परियोजनाओं के साथ ही बेसिक शिक्षा परिषद अपने कुछ कार्यक्रमों के जरिए उत्तर प्रदेश के भविष्य को संवारने के लिए एक नये कार्यक्रम की शुरुआत करने जा रहा है। बुनियादी शिक्षा के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों की सराहना करते हुए योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन और नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने विगत आठ वर्षों में बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में आमूल चूल परिवर्तन करने की दिशा में कदम बढ़ाये हैं। उन्होंने राज्य के विद्यालयों के जीर्णोद्धार और बेहतर व्यवस्था के लिए शुरू किये 'आपरेशन कायाकल्प' के बारे में कहा, 'इस अभियान (2018 में) के साथ स्कूलों के कायाकल्प की यात्रा प्रारंभ हुई थी और आज मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय और मुख्यमंत्री अभ्युदय विद्यालय के रूप में शिक्षा के एक नये मॉडल को प्रस्तुत करने के लिए बेसिक शिक्षा परिषद उतावला दिखाई दे रहा है।' उन्होंने पूर्ववर्ती की सरकारों के कार्यकाल में सरकारी विद्यालयों की दुर्दशा का जिक्र करते हुए कहा, 'याद कीजिए वह समय जब विद्यालयों में छात्र-छात्राएं नहीं थे, विद्यालय बंद होने की कगार पर थे, भवन जर्जर थे, गंदगी हुआ करती थी, अव्यवस्था हुआ करती थी। ऐसे में एक पहल की आवश्यकता थी।'

### अयोध्या और काशी की तरह होगा बाबा तामेश्वरनाथ धाम का कायाकल्प: आदित्यनाथ

**संत कबीर नगर (उप्र) :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को संत कबीर नगर में विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करते हुए कहा कि जिले में स्थित बाबा तामेश्वरनाथ धाम को अयोध्या और काशी की तर्ज पर सुनियोजित तरीके से विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने 1,515 करोड़ रुपये की 528 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने बाबा तामेश्वरनाथ धाम के कायाकल्प और इसे एक भव्य तीर्थ स्थल में बदलने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। आदित्यनाथ ने कहा, बाबा तामेश्वरनाथ धाम को अयोध्या और काशी की तर्ज पर एक सुनियोजित और व्यवस्थित संरचना के साथ विकसित किया जाएगा। भक्तों के लिए सुरक्षित, निर्बाध और सुविधाजनक दर्शन सुनिश्चित करने के लिए एक गलियारे का निर्माण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने स्थानीय लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा, किसी को भी विस्थापित नहीं किया जाएगा। इसके बजाय, एक व्यवस्थित पुनर्वास योजना लागू की जाएगी, जिसमें स्थानीय व्यापारियों और अन्य लोगों के हितों की पूरी तरह से रक्षा की जाएगी।

## यह नाटक है, नजर चुनावों पर : तेजप्रताप की अलग रह रहीं पत्नी ने राजद से उनके निष्कासन पर कहा



**पटना :** राष्ट्रीयय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद की अलग रह रहीं बहू ऐश्वर्या ने सोमवार को दावा किया कि उनके पति तेजप्रताप यादव को पार्टी से निष्कासित करना आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखकर किया गया एक 'नाटक' है। लालू प्रसाद ने रविवार को अपने बड़े बेटे तेजप्रताप यादव को 'गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार' के कारण छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया और उनके साथ सभी पारिवारिक संबंध भी तोड़ दिए। ऐश्वर्या ने आज यहां संवाददाताओं से बात करते हुए अपने ससुराल वालों पर एक ऐसे व्यक्ति से उनकी शादी कराकर जीवन बर्बाद करने का आरोप लगाया, जिसका व्यवहार असामान्य है। ऐश्वर्या ने कहा, 'यह नाटक चुनावों को ध्यान में रखकर किया गया है। मुझे नहीं लगता कि कोई दरार है। वे सभी मिले हुए हैं। मुझे यकीन है कि कल भी राबड़ी देवी (ऐश्वर्या की सास) ने तेजप्रताप के आंसू पोंछकर और यह आश्वस्त करके उन्हें सांत्वना देने की कोशिश की होगी कि सभी चीजें सुलझ जाएंगी।' तेजप्रताप और ऐश्वर्या ने 2018 में शादी की थी, लेकिन कुछ महीनों के बाद, ऐश्वर्या ने शारीरिक और भावनात्मक यातना का आरोप लगाते हुए ससुराल छोड़ दिया था। तेजप्रताप के फेसबुक पेज से शनिवार शाम को घोषणा की गई थी कि वह एक युवती के साथ '12 साल से रिश्ते में हैं।' हालांकि, उन्होंने कुछ घंटों बाद ही यह पोस्ट हटा दी और 'एक्स' पर दावा किया कि उनका फेसबुक पेज 'हैक' हो गया है। जब ऐश्वर्या से इस पोस्ट के बारे में पूछा गया तो उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा, 'तो, वह (तेजप्रताप) खुद कह रहे हैं कि वह किसी और के साथ रिश्ते में हैं।

## अमेठी से मेरा पारिवारिक रिश्ता, यह कभी नहीं टूटेगा: स्मृति ईरानी



**अमेठी (उप्र) :** पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी सोमवार को अपने पूर्व संसदीय निर्वाचन क्षेत्र अमेठी पहुंचीं और कहा कि अमेठी से उनका घर-परिवार का रिश्ता है और ऐसे रिश्ते कभी नहीं टूटते। अमेठी से पूर्व सांसद स्मृति ईरानी आज गौरीगंज के रणंजय माध्यमिक विद्यालय के मैदान में अहिल्याबाई होल्कर की जयंती के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित संगोष्ठी में हिस्सा लेने आई थीं। पिछले लोकसभा चुनाव में पराजय के 11 महीने बाद पहली बार अमेठी आयीं ईरानी ने भावुक लहजे में कहा, 'अमेठी से मेरा पुराना रिश्ता है। घर-परिवार का रिश्ता है। खून का रिश्ता है। ऐसे रिश्ते कमजोर नहीं होते और ना ही टूटते हैं। अमेठी ने मुझे दीदी माना है और दीदी का रिश्ता घर से तभी टूटता है जब उसकी अर्थी उठती है। आप सबने जो रिश्ता स्थापित किया है यह टूटने नहीं पाएगा।' उन्होंने यह भी कहा कि अब अमेठी आने में वह 11 महीने की देर नहीं करेंगी। ईरानी ने इस अवसर पर कहा कि गांव और समाज का विकास किये बिना एक सशक्त राष्ट्र की परिकल्पना नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जब भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी तो उसने भारत के ग्रामीण क्षेत्रों के विकास पर जोर दिया। उन्होंने कांग्रेस का नाम लिये बगैर उस पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा, 'वर्ष 2014 से पहले जो बजट पंचायत के विकास के लिए 70 हजार करोड़ रुपये था, उसे बढ़ाकर ढाई लाख करोड़ रुपये किया गया। इसका परिणाम है कि आज भारत मजबूत ही नहीं हुआ है बल्कि हमारी अर्थव्यवस्था भी दुनिया में चौथे स्थान पर पहुंच गई है।' ईरानी ने अपने संबोधन में बिना नाम लिए कांग्रेस को लगातार निशाने पर रखा। उन्होंने कहा कि 32 वर्षों तक अमेठी स्थित सेना भर्ती कार्यालय से फौज में भर्ती नहीं हुई। यहां से भर्ती का काम नरेन्द्र मोदी की सरकार ने किया और 10 हजार युवा सेना में गए।

## न्यूज अपडेट

### राजस्थान: कार के पेड़ से टकराने पर चार युवकों की मौत, दो घायल

**जयपुर :** श्रीगंगानगर जिले में तेज गति से गुजर रही कार के पेड़ से टकराने से चार युवकों की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि यह हादसा सादुलशहर-हनुमानगढ़ राजमार्ग पर खेरूवाला गांव के पास रविवार रात हुआ। सादुलशहर थाने के सहायक उपनिरीक्षक एएसआई मनीराम ने बताया कि तेज गति से गुजर रही कार (एसयूवी) अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। उन्होंने कहा, दुर्घटना भीषण थी। वाहन के परखच्चे उड़ गए और तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। तीन अन्य को गंभीर हालत में जिला अस्पताल ले जाया गया जहां एक और युवक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। शुरुआती जानकारी के अनुसार कार में सवार सभी युवक दोस्त थे और कथित तौर पर वाहन के अंदर शराब पार्टी कर रहे थे। पुलिस को मिले वीडियो और सोशल मीडिया पोस्ट में घटना से कुछ देर पहले युवकों को शराब पीते और रील बनाते हुए दिखाया गया है। मृतकों की पहचान वजीर सिंह (30), सुखविंदर सिंह (21), बलविंदर सिंह (18) और कुलविंदर सिंह (23) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि दो युवकों सुरेंद्र कुमार (20) और गगनदीप सिंह (20) का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है और उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। ये दोनों कॉलेज में पढ़ते हैं। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना से कुछ समय पहले वजीर सिंह ने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी अपलोड की थी जिसमें वह शराब की बोतल हाथ में लिए गाड़ी चलाता दिख रहा है।

### झारखंड : मुठभेड़ में भाकपा (माओवादी) का पांच लाख रुपये का इनामी सदस्य मारा गया

**लातेहार :** झारखंड के लातेहार जिले में सोमवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी-माओवादी (भाकपा-माओवादी) का एक सदस्य मारा गया। उस पर पांच लाख रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि अभियान के दौरान एक अन्य माओवादी को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने कहा कि सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच सोमवार तड़के नेतरहाट थाना क्षेत्र में दौना के जंगल में मुठभेड़ हुई। पलामू के पुलिस उपमहानिरीक्षक वाई एस रमेश ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, 'सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में मनीष यादव मारा गया। उस पर पांच लाख रुपये का इनाम घोषित था। एक अन्य माओवादी कुंदन खेरवार को गिरफ्तार कर लिया गया।' पलामू के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) सुनील भास्कर ने बताया कि संगठन के स्वयंभू जोनल कमांडर कुंदन पर 10 लाख रुपए का इनाम घोषित है। उन्होंने बताया कि कुंदन के कब्जे से दो एक्स-95 ऑटोमेटिक राइफल और गोला-बारूद बरामद किया गया है। इससे दो दिन पहले झारखंड के लातेहार जिले में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में 'झारखंड जन मुक्ति परिषद' (जेजेएमपी) के शीर्ष नेता पप्पू लोहरा समेत दो नक्सली मारे गए थे। पप्पू पर 10 लाख रुपये का इनाम घोषित था।

### कोरोना संक्रमित पाए गए टीबी के रोगी की मौत: अधिकारी

**जयपुर :** कोरोना संक्रमित पाए गए तपेदिक (टीबी) के एक रोगी की जयपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि 26 साल के युवक का यहां पिछले दो महीने से इलाज चल रहा था और रविवार को उसकी मौत हो गई। शनिवार को उसकी जांच में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई थी। इस साल राज्य में कोरोना संक्रमित मरीज की यह पहली मौत है। इस बीच सोमवार को राज्य में कोरोना वायरस संक्रमण के आठ नए मामले सामने आए। इनमें जोधपुर में चार, जयपुर में तीन और उदयपुर में एक मामला सामने आया। अधिकारी के अनुसार, इस साल कोरोना वायरस से संक्रमित कुल 23 मरीज सामने आए हैं।

### वाराणसी में होमगार्ड जवान ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**वाराणसी (उप्र) :** वाराणसी में कैंट थाना क्षेत्र में स्थित पुलिस आयुक्त कार्यालय में एक होमगार्ड जवान ने कथित तौर पर फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। कैंट थाना के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) राजकुमार शर्मा ने बताया कि फूलपुर थाना क्षेत्र का निवासी होमगार्ड अमेरिका पटेल (42) पुलिस आयुक्त के कैम्प कार्यालय में तैनात था। उसके रविवार देर रात तक नहीं दिखाई देने पर साथी पुलिसकर्मियों ने तलाश शुरू की। पुलिस ने बताया कि काफी तलाश के बाद पुलिस आयुक्त कैम्प कार्यालय के एक कोने में उसका शव एक फंदे से लटका पाया गया। शर्मा के मुताबिक, मृतक के परिजनों ने बताया कि वह स्वास्थ्य कारणों से परेशान था, इसलिए हो सकता है कि उसने इसी वजह से यह कदम उठाया हो।

समीक्षा **धर्म-अध्यात्म**

## व्रत - त्योहार

**27.05.2025 : शनि जयन्ती**
**29.05.2025 : महाराणा प्रताप जयन्ती**
**30.05.2025 : गुरु अर्जुनदेव शहीद दिवस**
**01.06.2025 : जमाई षष्ठी बंगाल**

## शरीर पर भगवान के टैटू बनवाना सही या गलत, जानें प्रेमानंद जी महाराज ने क्या कहा

टैटू बनवाना आज के समय में फैशन बन गया है। लोग अपने शरीर के अलग-अलग अंगों पर कई तरह के टैटू बनवाते हैं। बहुत से लोग अपने प्रियजनों का नाम लिखवाना पसंद करते हैं, तो कुछ लोग आकर्षक डिजाइन बनवाते हैं। इतना ही नहीं अब लोग देवी देवताओं की तस्वीर या उनका नाम भी अपने शरीर पर गुदवा लेते हैं। यह धार्मिक दृष्टिकोण से कितना सही है, इस विषय पर हाल ही में प्रेमानंद महाराज ने चर्चा की है। शरीर पर भगवान के नाम या चित्रों को टैटू के रूप में बनवाने को लेकर महाराज ने अपनी प्रतिक्रिया दी है, उन्होंने बताया कि ऐसा करना क्यों अनुचित माना जाता है।

### भगवान के नाम और चित्र का शरीर पर असर

प्रेमानंद महाराज के अनुसार देवी-देवताओं के नामों में अत्यंत शक्ति होती है। यदि व्यक्ति नियमित रूप से भगवान का नाम जपता है, तो उसे अपने पापों से छुटकारा मिल सकता है। लेकिन जिस प्रकार नाम जप के लिए नियम होते हैं, उसी तरह उनके चित्रों को शरीर पर स्थायी रूप से अंकित करने यानी टैटू बनवाने को लेकर भी सावधानी जरूरी है।

### टैटू बनवाना क्यों अशुभ है?

महाराज ने बताया कि शरीर के किसी भी अंग पर देवी-देवताओं का चित्र या नाम टैटू के रूप में नहीं बनवाना चाहिए। जब व्यक्ति स्नान करता है, तो वह जल उस टैटू से होकर पैरों तक पहुंचता है, जिससे धार्मिक दृष्टि से भगवान का अपमान माना जाता है। इससे व्यक्ति पर पाप का प्रभाव भी पड़ता है।

साथ ही दिनभर में हम कई बार अपवित्र चीजों या स्थानों के संपर्क में आते हैं। ऐसे में शरीर पर बने धार्मिक टैटू भी अपवित्र हो सकते हैं, जिससे देवी-देवताओं के प्रति अनादर की स्थिति बन सकती है। यह न केवल उनके आशीर्वाद से वंचित कर सकता है, बल्कि क्रोध का कारण भी बन सकता है।

### मेहंदी में भी बरतें सावधानी

टैटू के साथ-साथ मेहंदी में कभी भी देवी-देवताओं के चित्र नहीं बनाने चाहिए। अगर ऐसा होता है, तो वह भी भगवान का अनादर माना जाता है। इससे भी दोष लग सकता है और ईश्वरीय कृपा की जगह विपरीत परिणाम सामने आ सकते हैं। सनातन धर्म में श्रद्धा और आस्था के साथ-साथ मर्यादा का भी विशेष महत्व है। इसलिए धार्मिक प्रतीकों को सम्मान देने के लिए उन्हें शरीर पर टैटू के रूप में अंकित करने से बचना चाहिए।

## किस दिन, क्या करें

**जे.के. शास्त्री**

ज्यादातर घरों में अक्सर देखा गया है कि जब बच्चों को नजर लग जाती है तो उनकी नजर विशेष रूप से मंगलवार या शनिवार के दिन उतारी जाती है। ऐसा क्यों? मंगलवार और शनिवार को चीढ़ा या फड़ा वार माना जाता है। तात्पर्य यह है कि प्रत्येक वार का अपना अलग महत्त्व है।

सप्ताह के इन वारों का सीधा संबंध विभिन्न ग्रहों से होता है, इस लिए जिस ग्रह को शांत करना हो, उससे संबधित उपाय विशेष वार को किए जाते हैं। प्रत्येक वार के अनुसार नीचे 'साई प्रेरणा' से साई प्रेरक श्री जे. के. शास्त्री द्वारा उपाय और टोटके दिए जा रहे हैं जिन्हें आजमा कर आप भी घर गृहस्थी में शांति का अनुभव कर सकते हैं।

**रविवार:–** यह वार अत्यधिक शुभ है। सभी तरह के शुभ कार्यों की शुरूआत की जा सकती है।

**उपाय:–** सूर्य को उच्च करने के लिए गुड़ और चावल जल में प्रवाहित करें। इस दिन गुड़ से पके चावल और दूध मिलाकर खाएं।

**सोमवार:–** सभी कार्यों के लिए यह वार उपयुक्त है। शादी, नामकरण, गृह-निर्माण, विद्याध्ययन के लिए स्कूल कॉलेज आदि में प्रवेश के लिए यह वार शुभ है।

**उपाय:–** यदि किसी व्यक्ति की कुण्डली में चंद्रमा नीच का है तो वह सफेद वस्त्रा पहने एवं श्वेत चंदन का तिलक करें।

**मंगलवार:–** यह कुछ मायनों में शुभ है तो कुछ में अशुभ।

इस वार को मकान क्रय-विक्रय ठीक है परन्तु नए वस्त्रा पहनना एवं सिलवाना उपयुक्त नहीं है।

**उपाय:–** कुण्डली में मंगल नीच का हो तो या मंगली हो तो वह व्यक्ति इस वार को मसूर की दाल एवं मंगल की वस्तुएं स्वयं के लिए उपयोग न करे एवं रेवड़ियां पानी में बहाएं।

**बुधवार:–** इस दिन नए वस्त्रा पहनने, नए निवास में प्रवेश पूर्व एवं पश्चिम की यात्रा में कोई व्यवधान नहीं।

उपाय:– कुण्डली में बुध नीच का हो तो वह साबुत मूंग न खाएं। हरे कपड़े न पहनें। घर की छत्त पर चौड़े पत्ते वाले पौधे, बांस के सामान, चक्की या चक्का के ऊपर का भाग नहीं रखें। मंगल की रात भिगोकर बुधवार को प्रातः मूंग जानवरों को खिलाएं।

जिस व्यक्ति का राहू नीच का हो, वह नीले या काले-कपड़े इस दिन न पहनें। जेब में हमेशा चांदी का चौकोर टुकड़ा डालकर रखें।

**गुरुवार (बृहस्पतिवार):–** इस वार को प्रारंभ होने वाले कार्य सफल होते हैं। इस दिन की गई यात्राएं सफलतादायक होती हैं।

**उपाय:–** कुण्डली में गुरू को उच्च बनाने के लिए ब्राह्मण को पीले वस्त्रादान करें। कढ़ी-चावल बांटें एवं स्वयं भी खाएं।

जिस व्यक्ति का केतु नीच का हो वह केसर खाए। कानों में सोना डालें और केले, गेहूं, गुड़ पीले वस्त्रा में बांधकर दान करें।

**शुक्रवार:–** सभी प्रकार के कार्यो के लिए शुभ है। इस दिन सायंकाल में यात्रा करना शुभ होगा।

**उपाय:–** कुण्डली में नीच शुक्र वाला व्यक्ति गाय की सेवा करे। दही, लाल जवार मन्दिर में चढ़ाए। सफेद रेशमी वस्त्रों का दान करे।



आलू, उबालकर, पीले कर काली गाय को खिलाए।

**शनिवार:–** इस वार को नए वस्त्रा पहनना एवं सिलवाना उपयुक्त नहीं होता। इस वार में नए कार्य आरम्भ न करें, न कोई यात्रा करें।

**उपाय:–** कुण्डली में शनि नीच का हो तो वह व्यक्ति शनिवार के दिन शराब, काले उड़द, मांस, अण्डे आदि का उपयोग न करें। दान करें। शनिवार को काला कपड़ा दान करें तथा तेल के पकौड़े निकालकर कौओं को खिलाएं।

जिस व्यक्ति का राहू नीच का हो, वह नीले या काले कपड़े इसदिन न पहनें। अपनी जेब में सदैव चांदी का चौकोर टुकड़ा रखें। नारियल, बादाम को जल में प्रवाहित करें। (उर्वशी)

## लोकप्रिय ही नहीं, एक अत्यंत उपयोगी ग्रंथ भी है रामचरितमानस

**सीताराम गुप्ता**

यदि मुझसे कोई मेरी सबसे प्रिय पुस्तकों के नाम पूछे तो मेरे लिए तत्क्षण इसका उत्तर देना सरल नहीं होगा। मैंने आज तक जो पुस्तकें पढ़ी हैं, उनमें से बहुत सी किताबें मुझे अच्छी लगीं इसमें संदेह नहीं लेकिन क्या कोई चीज़ हमारे अच्छे लगने मात्रा से ही अच्छी हो जाती है? कई बार अच्छी लगने वाली चीज़ें हमारे लिए हानिकारक भी हो सकती हैं।




प्रश्न उठता है कि अच्छी पुस्तकों का चुनाव कैसे किया जाए? विद्यार्थियों के लिए जहाँ अपने पाठ्यक्रम से संबंधित पाठ्य पुस्तकें पढ़ना ज़रूरी है वहीं विद्यार्थियों व अन्य पाठकों के लिए अपने समय और समाज को यथार्थ रूप में दर्शाने वाली पुस्तकें पढ़ना ज़रूरी है।

किसी भी चीज़ की तरह ही एक पुस्तक की अच्छाई भी उसकी उपयोगिता में निहित होती है। यहाँ उपयोगिता से तात्पर्य पुस्तक में पाठक को रूपांतरित करने के गुण से है। यदि कोई पुस्तक हमें विचारशील बनाती है अथवा हमारे विचारों को सकारात्मकता प्रदान कर हमारा रूपांतरण करने में सक्षम है, तभी वह उपयोगी की श्रेणी में आती है अन्यथा नहीं।

एक उपयोगी पुस्तक चाहे वह साहित्यिक हो अथवा साहित्येत्तर, वह प्रेरणास्पद होनी ही चाहिए। उसमें पाठक को जीवन जीने की कला सिखाने का गुण भी होना चाहिए। जो पुस्तकें हमारे जीवन को उत्कृष्टता प्रदान करने में सक्षम न हों, उन्हें पढ़ना समय की बर्बादी मात्रा है। आइए रामचरितमानस की लोकप्रियता के कारणों पर कुछ बात करें।

रामचरितमानस हिन्दी भाषा का श्रेष्ठ ग्रंथ है। इसमें सात काण्ड हैं: बाल काण्ड, अयोध्या काण्ड, अरण्य काण्ड, किष्किंधा काण्ड, सुंदर काण्ड, लंका काण्ड और उत्तर काण्ड। रामचरितमानस के रचनाकार हैं गोस्वामी तुलसीदास। राम नवमी के दिन अर्थात् चैत्रा राम नवमी, मंगलवार, संवत् 1631 में गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरितमानस की रचना प्रारंभ की। अंग्रेज़ी तारीख के अनुसार यह दिन तीस मार्च सन् पंद्रह सौ चौहत्तर (30:03:1574) था। रामचरितमानस के पूरा होने में 2 वर्ष, 7 मास तथा 26 दिन का समय लगा। यह संवत् 1633 में राम विवाह के दिन पूर्ण हुआ।

रामचरितमानस एक अत्यंत लोकप्रिय ग्रंथ है। हिन्दी के पाठ्यक्रम में प्राथमिक कक्षाओं से लेकर उच्च कक्षाओं तक रामचरितमानस के अंशों का समावेश मिलता है। साहित्यिक दृष्टि से ही नहीं धार्मिक व आध्यात्मिक दृष्टि से भी यह अत्यंत लोकप्रिय कृति है। राम एवं रामकथा के अन्य पात्रों के चरित्राचित्राण के माध्यम से तुल-सीदास ने इस कृति में न केवल भारतीय धर्म-दर्शन व अध्यात्म को सरल रूप में प्रस्तुत किया है अपितु भारतीय लोक-जीवन व लोक-संस्कृति की झाँकी भी प्रस्तुत कर दी है। इसकी लोकप्रियता का सबसे बड़ा कारण है इसका सरल लोकभाषा में लिखा जाना। तुलसीदास ने रामचरितमानस की रचना हिन्दी की एक बोली अवधी में की।

जब तुलसीदास ने अवधी में रामचरितमानस की रचना का प्रारंभ किया तो उस समय संस्कृत के विद्वानों ने उनका घोर विरोध किया और इस ग्रंथ को नष्ट करने के अनेक प्रयास भी किए गए। उनका जितना विरोध किया गया, यह रचना उतनी ही लोकप्रिय होती चली गई और आज तक कोई भी अन्य ग्रंथ इसकी लोकप्रियता का मुक़ाबला नहीं कर पाया है।

भारतीय संस्कृति के विभिन्न तत्वों को जानने-समझने के लिए रामचरितमानस से अच्छा कोई अन्य स्रोत नहीं, अतः जीवन के विभिन्न महत्त्वपूर्ण मोड़ों पर हर व्यक्ति को रामचरितमानस का अध्ययन व अनुशीलन अवश्य करना चाहिए क्योंकि इसमें हमारा मार्गदर्शन करने की अद्भुत क्षमता है। रामचरितमानस अकेले ही भारतीय संस्कृति का विश्वकोश कहा जा सकता है। ऐसी अद्भुत क्षमता अन्य किसी ग्रंथ में नहीं दिखलाई पड़ती। (उर्वशी)

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के दाहोद में 24,000 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और लोकार्पण किया

## प्रधानमंत्री ने पहले 9000 एचपी इलेक्ट्रिक इंजन को हरी झंडी दिखाई

**गुजरात :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज गुजरात के दाहोद में 24,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और राष्ट्र को समर्पित किया। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 26 मई का दिन विशेष महत्व रखता है, क्योंकि इसी दिन उन्होंने 2014 में पहली बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी। उन्होंने गुजरात के लोगों के अटूट समर्थन और आशीर्वाद को स्वीकार किया, जिन्होंने उन्हें देश का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी सौंपी। प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि इस विश्वास और प्रोत्साहन ने दिन-रात देश की सेवा के लिए उनके समर्पण को बढ़ावा दिया है। पिछले कुछ वर्षों में भारत ने ऐसे अभूतपूर्व और अकल्पनीय निर्णय लिए हैं, जो दशकों पुरानी बाधाओं से मुक्त हैं और हर क्षेत्र में आगे बढ़े हैं। उन्होंने कहा, आज देश निराशा और अंधकार के युग से निकलकर आत्मविश्वास और आशावाद के नए युग में प्रवेश कर चुका है।

मोदी ने कहा, 140 करोड़ भारतीय एक विकसित भारत के निर्माण में एकजुट हैं। उन्होंने भारत के भीतर आवश्यक वस्तुओं के विनिर्माण के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि आत्मनिर्भरता समय की मांग है। उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक विनिर्माण क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है और घरेलू उत्पादन और निर्यात दोनों में लगातार वृद्धि हो रही है। भारत अब स्मार्टफोन, ऑटोमोबाइल, खिलौने, रक्षा उपकरण और दवाओं सहित कई तरह के उत्पादों का निर्यात कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत न केवल रेल और मेट्रो तकनीक का विनिर्माण कर रहा है, बल्कि इसे वैश्विक स्तर पर निर्यात भी कर रहा है। इस प्रगति का एक प्रमुख उदाहरण दाहोद, जहां हजारों करोड़ रुपये की प्रमुख परियोजनाओं का उद्घाटन और शुभारंभ किया गया, को बताते हुए श्री मोदी ने दाहोद इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव फैक्ट्री को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में रेखांकित किया। उन्होंने तीन वर्ष पूर्व इसकी आधारशिला रखने को याद किया और गर्वपूर्वक कहा कि अब पहला इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव सफलतापूर्वक विनिर्मित किया गया है। उन्होंने लोकोमोटिव को झंडी दिखाकर रवाना किया, जो गुजरात और पूरे देश के लिए गौरव का क्षण था। इसके अतिरिक्त, उन्होंने घोषणा की कि गुजरात ने अपने रेलवे नेटवर्क का 100 प्रतिशत विद्युतीकरण हासिल कर लिया है। उन्होंने इसे एक उल्लेखनीय

उपलब्धि बताया और इसके लिए गुजरात के लोगों को बधाई दी।

पिछले 10-11 वर्षों में भारत के रेलवे क्षेत्र के त्वरित विकास को रेखांकित करते हुए, श्री मोदी ने मेट्रो सेवाओं के विस्तार और सेमी-हाई-स्पीड ट्रेनों की शुरुआत पर जोर दिया, जिससे पूरे देश में कनेक्टिविटी रूपांतरित हो रही है। उन्होंने कहा कि वंदे भारत ट्रेनें अब लगभग 70 रूटों पर चल रही हैं, जो भारत के परिवहन नेटवर्क को और सुदृढ़ बनाती हैं। उन्होंने अहमदाबाद और वेरावल के बीच एक नई वंदे भारत एक्सप्रेस की शुरुआत की घोषणा की। श्री मोदी ने यह भी कहा कि भारत में आधुनिक ट्रेनों का उदय देश की प्रौद्योगिकी में प्रगति की वजह से है। उन्होंने जोर देकर कहा कि कोच और इंजन अब घरेलू स्तर पर विनिर्मित होते हैं, जिससे आयात पर निर्भरता कम होती है। श्री मोदी ने कहा, भारत रेलवे उपकरणों के एक प्रमुख निर्यातक के रूप में उभरा है।




## न्यूज इन ब्रीफ

### कांग्रेस ने गौरव गोगोई को सौंपी असम इकाई की कमान

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस ने असम विधानसभा चुनाव से करीब एक साल पहले सोमवार को अपनी राज्य इकाई में बड़ा बदलाव करते हुए लोकसभा सदस्य गौरव गोगोई को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया। पिछले कुछ महीनों से अपनी ब्रिटिश मूल की पत्नी के कथित पाकिस्तानी संबंधों को लेकर मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के हमलों का सामना कर रहे गोगोई ने यह नई जिम्मेदारी मिलने के बाद पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया और कहा कि वह आने वाले दिनों में राज्य की जनता का आशीर्वाद मांगेंगे। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने गोगोई को असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त करने के साथ ही तीन नेताओं को कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है।

### सहमति से बने रिश्ते में खटास आना आपराधिक प्रक्रिया शुरू करने का आधार नहीं बन सकता : न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि सहमति से बने रिश्ते में खटास आना या प्रेमी जोड़े के बीच दूरी बन जाना आपराधिक प्रक्रिया शुरू करने का आधार नहीं हो सकता और यह ''न केवल अदालतों पर बोझ डालता है, बल्कि आरोपी के दामन को भी दागदार करता है।'' उच्चतम न्यायालय ने यह टिप्पणी जुलाई 2023 में महाराष्ट्र में एक व्यक्ति के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले को खारिज करते हुए की। व्यक्ति पर यह आरोप लगाया गया था कि उसने शादी का झूठा वादा कर एक महिला से बलात्कार किया था। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने कहा कि भले ही प्राथमिकी में लगाये गए आरोपों को सही माना जाए, लेकिन रिकॉर्ड से ऐसा नहीं लगता है कि शिकायतकर्ता की सहमति उसकी इच्छा के विरुद्ध और केवल शादी करने के वादे पर ली गई थी।

### दिल्ली में इस सप्ताह आंधी-तूफान और बारिश का अनुमान : आईएमडी

नयी दिल्ली : राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में इस महीने के आखिरी सप्ताह में आसमान में बादल छाये रहने, आंधी-तूफान और बारिश होने का अनुमान है। यह महीना पहले ही अब तक का सबसे अधिक बारिश वाला मई माना जा रहा है। यह जानकारी भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को दी। मौसम विभाग ने अपने साप्ताहिक मौसम पूर्वानुमान में कहा कि दिल्ली में बादल छाए रहने, मेघगर्जन और बारिश होने का अनुमान है। इसके साथ ही 30-50 किलोमीटर प्रतिघंटे की गति से तेज हवाएं चलने का भी अनुमान है, जो 60 किलोमीटर प्रतिघंटे तक भी पहुंच सकती हैं। पूर्वानुमान के अनुसार न्यूनतम तापमान 25 से 27 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है, जबकि अधिकतम तापमान 33 से 37 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है।

## जम्मू-कश्मीर में पाक गोलाबारी में 18 नागरिक मारे गए, करीब 2,000 इमारतें क्षतिग्रस्त : भाजपा

**जम्मू :** जम्मू-कश्मीर में सीमा पर सात मई से चार दिनों में पाकिस्तानी सेना की अंधाधुंध गोलाबारी में 18 नागरिकों की जान चली गई और रिहायशी घरों और व्यावसायिक भवनों सहित लगभग 2000 संरचनाएं क्षतिग्रस्त हो गईं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को यह बात कही। जम्मू-कश्मीर विधानसभा में विपक्ष के नेता सुनील शर्मा ने पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर चार विधायकों - पूर्व मंत्री शामलाल शर्मा और देविंदर कुमार मन्याल, नरिंदर सिंह और आर एस पठानिया - के साथ नियंत्रण रेखा और अंतरराष्ट्रीय सीमा के साथ सीमावर्ती क्षेत्रों का 10 दिवसीय दौरा किया और प्रभावित परिवारों के पुनर्वास के लिए सिफारिशों के साथ एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। शर्मा ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाताओं को बताया, पाकिस्तान अपनी कायराना हरकतों के लिए कुख्यात है और उसने हमारे नागरिक इलाकों को निशाना बनाया, जबकि हमारे सशस्त्र बलों ने 22 अप्रैल के पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में सात मई को सीमा पार आतंकी ढांचे को नष्ट करने के लिए ऑपरेशन सिंदूर चलाया था। उन्होंने कहा, पाकिस्तान की अंधाधुंध गोलाबारी में पुंछ में हमारे 14 नागरिकों की जान चली गई, राजौरी में दो और उरी (बारामूला जिला) और जम्मू में एक-एक नागरिक की जान चली गई।

## मणिपुर : विरोध मार्च को सुरक्षा बल ने रोका, राज्यपाल हेलीकॉप्टर से राजभवन पहुंचे

**इंफाल :** मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला के यहां लौटने से पहले सोमवार को इंफाल पश्चिम जिले में छात्रों और महिलाओं द्वारा निकाली जा रही रैली को सुरक्षा बलों ने रोक दिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह रैली राज्य परिवहन की बस पर से मणिपुर नाम हटाये जाने के विरोध में निकाली जा रही थी। पुलिस ने बताया कि प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े गए। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रदर्शनकारी टिडिम रोड के क्वाकेथेल इलाके में इकट्ठा हुए और तीन किलोमीटर की दूरी तय कर राजभवन तक पैदल रैली निकालना चाहते थे, लेकिन उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया गया। हालांकि, उन्होंने बताया कि छात्रों और महिलाओं ने इंफाल हवाई अड्डे से लेकर केसम्पात तक छह किलोमीटर लंबी मानव श्रृंखला बनाकर विरोध दर्ज कराया। यह जगह राजभवन से सिर्फ 200 मीटर दूर थी। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां पकड़ रखी थीं जिन पर लिखा था - 'मणिपुर की पहचान पर कोई समझौता नहीं हो सकता' और 'राज्यपाल को मणिपुर के लोगों से माफी मांगनी चाहिए'।



## गोगोई की पत्नी के पाक सरकार के वेतन पर काम करने का बोरा का बयान 'चौंकानेवाला कबूलनामा' : हिमंत

**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सोमवार को दावा किया कि कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने चौंकाने वाला कबूलनामा किया है कि उनकी पार्टी के सांसद गौरव गोगोई की ब्रिटिश मूल की पत्नी पाकिस्तान सरकार के वेतन पर काम करती थी। शर्मा ने कहा कि उन्हें इन विवरणों की पहले से जानकारी नहीं थी, (और) अब जब इस बात का खुलासा हुआ है तो कांग्रेस नेता रिपुन बोरा का बयान दर्ज किया जाएगा और मामले में कार्रवाई की जाएगी। असम के मुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), कांग्रेस नेता गोगोई पर उनकी पत्नी के पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी 'आईएसआई' से कथित संबंध को लेकर हमला कर रही है। शर्मा ने कहा कि गोगोई की पत्नी एलिजाबेथ कोलबर्न ने भारत और पाकिस्तान के बीच 19 बार यात्रा की थी। पूर्व राज्यसभा सदस्य बोरा ने रविवार को कहा था कि कोलबर्न एक अंतरराष्ट्रीय गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) में काम करती हैं, जिसका नेटवर्क पाकिस्तान और अन्य देशों में है। कांग्रेस की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में बोरा के हवाले से कहा गया था, ''इस (काम के) संबंध में उन्हें (कोलबर्न को) पाकिस्तान से वेतन मिला था और उन्होंने काम के लिए कई बार उस देश का दौरा किया था, लेकिन क्या यह किसी की देशभक्ति पर सवाल उठाने का आधार हो सकता है? कई भारतीय और पाकिस्तानी एक-दूसरे के देशों में कानूनी रूप से काम कर रहे हैं।''

## धामी ने कोटद्वार में मालन नदी पर पुनर्निर्मित पुल का उद्घाटन किया

**देहरादून :** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को कोटद्वार में मालन नदी पर पुनर्निर्मित पुल का उद्घाटन किया। यह पुल सिडकुल से कोटद्वार शहर को जोड़ता है और इसके पुनर्निर्माण पर 26 करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च हुए। वर्ष 2023 के मानसून में मालन नदी में आयी जबरदस्त बाढ़ में यह पुल क्षतिग्रस्त हो गया था। क्षतिग्रस्त पुल के 12 'पियर्स' या फाउंडेशन को हटाकर 'वेल फाउंडेशन' तकनीक द्वारा पुल का नवनिर्माण किया गया। पुल के 12 स्लैब ठीक अवस्था में थे इसलिए उन्हें उठाकर यथास्थान स्थापित कर दिया गया जबकि बाढ़ में क्षतिग्रस्त हुए एक स्लैब का



निर्माण फिर से किया गया। पुल के लिए पूर्व निर्मित स्लैब का प्रयोग करने से प्रति स्लैब 1.14 करोड़ रुपये अर्थात कुल 13 करोड़ रुपये की बचत हुई। वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल हुए धामी ने पिछले दो साल से पुल के पुनर्निर्माण के लिए प्रयास कर रहीं राज्य विधानसभा अध्यक्ष और स्थानीय विधायक ऋतु खंडूरी भूषण को बधाई दी। उन्होंने पुल निर्माण में पहली बार अभिनव तकनीक का उपयोग करने के लिए अभियंताओं को भी बधाई दी जिसके कारण यह पुल न केवल एक वर्ष की अल्पावधि में पूरा हो गया बल्कि इसके निर्माण में 13 करोड़ रुपये की बचत भी हुई। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि यह पुल न केवल क्षेत्रवासियों को सुगम आवागमन प्रदान करेगा बल्कि क्षेत्र के विकास को भी गति देगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और सहयोग से हमारा प्रदेश शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, सड़क, पेयजल, रेल और हवाई संपर्क सहित हर क्षेत्र में प्रगति के नए आयाम को छू रहा है।

### छत्तीसगढ़: मुठभेड़ में मारे गए बसवराजू समेत आठ नक्सलियों का अंतिम संस्कार प्रशासन ने कराया

**नारायणपुर :** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में मुठभेड़ में मारे गए प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के महासचिव बसवराजू समेत आठ नक्सलियों के शवों का अंतिम संस्कार सोमवार को पुलिस सुरक्षा के बीच प्रशासन ने कराया। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी देते हुए कहा कि अंतिम संस्कार नारायणपुर में किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बसवराजू समेत सात नक्सलियों के शवों के लिए कोई स्पष्ट कानूनी दावा नहीं किया गया था। वहीं एक महिला नक्सली के परिजनों ने संक्रामक रोग की आशंका के कारण जिला मुख्यालय में ही अंतिम संस्कार करने में सहयोग करने का स्थानीय प्रशासन से अनुरोध किया था।

## मुंबई में 75 साल में सबसे जल्द मानसून आया, एक्वा लाइन स्टेशन जलमग्न

**मुंबई :** देश की आर्थिक राजधानी में सोमवार को मानसून ने जोरदार तरीके से दस्तक दी। भारी बारिश के कारण मध्य रेलवे की हार्बर लाइन पर उपनगरीय ट्रेन सेवाएं स्थगित कर दी गईं, जबकि महानगर के कई इलाकों में जलभराव की खबरें आईं। पश्चिमी महाराष्ट्र और तटीय कोंकण क्षेत्र के कुछ हिस्सों में भी भारी बारिश की खबर है। एक अधिकारी ने बताया कि रायगढ़ जिले में बिजली गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। भारी बारिश के कारण भूमिगत स्टेशन में पानी भर जाने के बाद सोमवार को आचार्य अत्रे चौक और वर्ली के बीच मेट्रो लाइन 3 पर ट्रेन सेवा स्थगित कर दी गई। मौसम विभाग की वैज्ञानिक सुषमा नायर ने बताया, ''दक्षिण-पश्चिम मानसून ने 26 मई को मुंबई में दस्तक दी। पिछले 75 वर्षों में मानसून इतना शीघ्र पहुंचा है।'' नायर ने कहा कि दक्षिण-पश्चिम मानसून 1956 में 29 मई को मुंबई पहुंचा था। यह 1962 और 1971 में इसी तारीख को पहुंचा था। मुंबई में मानसून के आगमन की सामान्य तारीख 11 जून है। मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (एमएमआरसी) को भूमिगत आचार्य अत्रे चौक स्टेशन पर पानी भरने की सूचना मिलने के बाद परिचालन स्थगित करना पड़ा।



## सेलेबी अनुबंध: एमआईएएल के परिचालन सेवा निविदाओं पर जून तक निर्णय लेने पर लगी अदालती रोक

**मुंबई :** मुंबई उच्च न्यायालय ने 'मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड' (एमआईएएल) द्वारा यहां अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर परिचालन सेवाओं के वास्ते निविदाओं पर अंतिम निर्णय लेने पर सोमवार को अस्थायी रोक लगा दी। यह अस्थायी रोक सेवा अनुबंध को रद्द करने के विरूद्ध तुर्किये की कंपनी सेलेबी की याचिकाओं पर अदालत के जून में फिर खुलने पर सुनवाई होने तक प्रभावी रहेगी। न्यायमूर्ति सोमशेखर सुंदरेशन की अवकाशकालीन पीठ द्वारा जारी अंतरिम आदेश यह सुनिश्चित करता है कि निविदाओं पर तब तक कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी, जब तक कि सेलेबी की कानूनी चुनौतियों पर जून में न्यायालय के पुनः खुलने के बाद सुनवाई नहीं हो जाती। सेलेबी ने सुरक्षा मंजूरी के निरस्तीकरण और अनुबंध समाप्ति को अदालत में चुनौती दी है। 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान तुर्किये ने पाकिस्तान को समर्थन दिया था, जिससे उसके खिलाफ भारत में हुई तीखी प्रतिक्रिया के बीच, विमानन सुरक्षा नियामक बीसीएएस ने इस माह के प्रारंभ में राष्ट्रीय सुरक्षा के आधार पर 'सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया' की सुरक्षा मंजूरी तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दी थी। कंपनी ने पिछले हफ्ते उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था और सुरक्षा मंजूरी रद्द करने एवं एमआईएएल के साथ अनुबंध समाप्त करने को चुनौती दी थी। सेलेबी की याचिका न्यायमूर्ति सुंदरेशन के समक्ष प्रस्तुत की गई, जिसमें एमआईएएल द्वारा 17 मई को जारी निविदाओं पर किसी भी निर्णय के खिलाफ तत्काल राहत का अनुरोध किया गया है। उच्च न्यायालय ने कहा कि निविदाओं पर तबतक कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया जाए जबतक सेलेबी की याचिकाओं पर जून में अदालत के खुल जाने पर सुनवाई नहीं हो जाती है। तुर्किये की कंपनी सेलेबी की सहायक कंपनी ने पिछले हफ्ते उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था और सुरक्षा मंजूरी रद्द करने एवं एमआईएएल के साथ अनुबंध समाप्त करने को चुनौती दी थी।

## केरल: डूबे हुए लाइबेरियाई जहाज के कंटेनर बहकर तट पर पहुंचे, तेल रिसाव का खतरा

**कोल्लम/अलाप्पुझा (केरल) :** केरल अपतटीय क्षेत्र में लाइबेरियाई मालवाहक जहाज के डूबने के बाद उसमें रखे कंटेनर अब बहकर यहां तट पर आने लगे हैं और प्राधिकारियों ने जहाज से तेल रिसाव के कारण राज्य के तटीय क्षेत्र में 'हाई अलर्ट' जारी कर दिया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि दक्षिणी कोल्लम और तटीय अलाप्पुझा जिलों के तटों पर कुछ कंटेनर पाए गए हैं। केरल तट पर जहाज के डूबने की घटना के बाद स्थिति का आकलन करने के लिए मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने एक उच्च स्तरीय बैठक बुलाई। यहां तटीय क्षेत्र में रहने वाले लोगों और मछुआरों से सतर्क रहने का आग्रह करते हुए एक परामर्श जारी किया गया है। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, अब तक नौ कंटेनर बहकर तट पर आ चुके हैं। भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) के अनुसार, रविवार की सुबह मालवाहक जहाज पलट गया और समुद्र में डूब गया, जिससे काफी मात्रा में तेल रिसाव हो गया। डूबे हुए जहाज के टैंकों में 84.44 मीट्रिक टन डीजल और 367.1 मीट्रिक टन 'फर्नेस ऑयल' था। कुछ कंटेनर में कैल्शियम कार्बाइड जैसे खतरनाक पदार्थ रखे हुए थे, जो समुद्री जल के साथ प्रतिक्रिया करके अत्यधिक ज्वलनशील एसिटिलीन गैस उत्सर्जित करता है।



## प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में स्वास्थ्य संबंधी बुनियादी ढांचे को बहुत बढ़ावा मिला: शाह

**नागपुर :** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत के स्वास्थ्य संबंधी बुनियादी ढांचे को व्यापक पैमाने पर बढ़ावा मिला है, जबकि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारों ने इस क्षेत्र को नजरंदाज किया। शाह ने यहां राष्ट्रीय कैंसर संस्थान (एनसीआई) में कैंसर रोगियों और उनके तीमारदारों के लिए आवासीय सुविधा 'स्वस्ति निवास' की आधारशिला रखने के बाद स्वास्थ्य सेवा को बढ़ावा देने के सरकारी प्रयासों में सहायता के लिए निजी क्षेत्र की भी सराहना की। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा, ''प्रधानमंत्री मोदी के शासन में स्वास्थ्य क्षेत्र का बजट 1.35 लाख करोड़ रुपये है, जबकि मनमोहन सिंह सरकार के समय यह 37,000 करोड़ रुपये था।'' देश के प्रमुख कैंसर उपचार इकाइयों में से एक एनसीआई में आयोजित समारोह में शाह ने कहा कि दुनिया में मुंह के कैंसर के मरीजों का सबसे बड़ा प्रतिशत भारत में है। उन्होंने कहा कि देश में हर आठ मिनट में गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर से एक महिला की मौत होती है। उन्होंने कहा कि कुछ वर्ष पहले तक कैंसर का इलाज असंभव माना जाता था, लेकिन पिछले 15 वर्षों में इस घातक बीमारी से लड़ने के लिए कई अच्छे संस्थान खुले हैं। उन्होंने कहा कि एनसीआई ने न केवल राज्य, बल्कि पड़ोसी राज्यों जैसे मध्य प्रदेश, तेलंगाना और छत्तीसगढ़ के गरीबों को भी अनुकरणीय सेवा प्रदान की है। शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने देश के स्वास्थ्य परिदृश्य को बदल दिया है। उन्होंने कहा कि करीब 10 साल पहले गरीब लोग अत्यधिक खर्च के कारण इलाज नहीं कराना चाहते थे। उन्होंने कहा, ''मोदी सरकार के तहत 60 करोड़ गरीब लोगों को पांच लाख रुपये तक का इलाज निःशुल्क प्रदान किया जा रहा है। स्वतंत्रता के बाद जहां केवल सात अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) स्थापित किए गए थे, वहीं अब कुल 23 एम्स की स्वीकृति दी जा चुकी है।''




## भारत अब आतंकवाद को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेगा, प्रधानमंत्री ने दिया स्पष्ट संदेश: धनखड़

**नरसिंहपुर (मप्र) :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को कहा कि पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने सीमा पार स्थित आतंकी ठिकानों पर सटीक हमले करके करारा जवाब दिया और दुनिया को स्पष्ट संदेश दिया कि देश अब आतंकवाद को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेगा। यहां आयोजित तीन दिवसीय 'कृषि उद्योग समागम' का उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में धनखड़ ने किसानों को भारत के आर्थिक और सामाजिक विकास की रीढ़ बताया और विश्वास जताया कि देश जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बनेगा। पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले और उसके जवाब में भारत की ओर से चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए धनखड़ ने कहा कि आज पूरा देश राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत है। उन्होंने कहा, ''राष्ट्र आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पहलगाम का जवाब दिया गया और इसका लोहा दुनिया ने माना है। देश के इतिहास में ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। देश के प्रधानमंत्री ने बिहार से संदेश दिया था कि जिन्होंने सिंदूर मिटाया है, उनको धरती पर रहने का अधिकार नहीं है।'' उन्होंने कहा, ''अंतरराष्ट्रीय सीमा के अंदर घुसकर आतंकवादियों के ठिकानों पर क्या सटीक बमबारी हुई, नष्ट कर दिया गया उन्हें। अब कोई प्रमाण नहीं मांग रहा है। कारण यह है कि जब उनके शव ले जाए जा रहे थे तब उनकी फौज खड़ी थी, उनके नेता खड़े थे और आतंकवादी खड़े थे। सबूत की आवश्यकता नहीं रही। उन्होंने ही यह प्रमाण विश्व के सामने दे दिया।'' धनखड़ ने कहा कि देश की सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए हर भारतीय का सिर ऊंचा कर दिया है और हर कोई शान से कह रहा है कि ''हम भारतीय हैं।''



# पंजाब किंग्स क्वालिफायर-1 में पहुंचने वाली पहली टीम

## मुंबई इंडियंस खेलेगी एलिमिनेटर



**जयपुर :** जोश इंग्लिश और प्रियांश आर्या की अर्धशतकीय पारियों के दम पर पंजाब किंग्स ने मुंबई इंडियंस को सात विकेट से हराकर क्वालिफायर-1 में प्रवेश कर लिया। सोमवार को खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई ने 20 ओवर में सात विकेट खोकर 184 रन बनाए। जवाब में पंजाब ने 18.3 ओवर में तीन विकेट खोकर 187 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया।

### पंजाब ने शीर्ष पर रहकर किया लीग चरण का समापन

पंजाब किंग्स ने 10 साल बाद क्वालिफायर में प्रवेश किया है। इससे पहले टीम 2014 में क्वालिफायर मुकाबला खेला था। श्रेयस अय्यर की अगुआई वाली टीम ने लीग चरण का समापन 14 मैचों में नौ जीत और चार शिकस्त के साथ किया। उसने गुजरात टाइटंस को धकेल कर 19 अंक और 0.372 के नेट रन रेट के साथ पहला स्थान हासिल किया। वहीं, मुंबई आठ जीत और छह हार के साथ चौथे स्थान पर रही। फिलहाल तीसरे स्थान पर आरसीबी है जिसे मंगलवार को लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ मैच खेलना है। इस मैच में अगर रजत पाटीदार के नेतृत्व वाली आरसीबी जीत दर्ज करती है तो वह दूसरे स्थान पर पहुंच जाएगी और पंजाब के खिलाफ 29 मई को क्वालिफायर-1 मैच खेलेगी। वहीं, मुंबई 30 मई यानी शुक्रवार को एलिमिनेटर मैच खेलेगी।

### प्रियांश और इंग्लिश ने सुनिश्चित की पंजाब की जीत

185 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब को पहला झटका 34 के स्कोर पर लगा था। जसप्रीत बुमराह ने प्रभसिमरन सिंह को पवेलियन की राह दिखाई। वह सिर्फ 13 रन बना पाए। हालांकि, पंजाब के बल्लेबाजों ने हार नहीं मानी और प्रियांश आर्या ने जोश इंग्लिश के साथ मिलकर टीम को जीत के करीब पहुंचा दिया। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 59 गेंदों में 109 रनों की विशाल साझेदारी हुई। दोनों ने अर्धशतकीय पारियां खेलकर मुंबई के गेंदबाजों पर दबाव बनाए रखा। सलामी बल्लेबाज प्रियांश ने नौ चौके और दो छक्के की मदद से 62 रन बनाए। वहीं, इंग्लिश ने 42 गेंदों में 73 रनों की धमाकेदार पारी खेली। इसके बाद श्रेयस अय्यर ने टीम को जीत दिलाई। वह 16 गेंदों में 26 और नेहाल वढेरा दो रन बनाकर नाबाद रहे। मुंबई के लिए मिचेल सैंटनर ने दो और बुमराह ने एक विकेट लिया।

### मुंबई पर भारी पड़े पंजाब के गेंदबाज

इससे पहले, रोहित शर्मा और रेयान रिकेल्टन ने मुंबई को अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 45 रनों की साझेदारी हुई। मार्को यानसेन ने रिकेल्टन को श्रेयस अय्यर के हाथों कैच आउट कराया।

## दिल्ली की अदालत ने बृजभूषण के खिलाफ यौन उत्पीड़न मामले में पुलिस की 'क्लोजर रिपोर्ट' स्वीकार की

**नयी दिल्ली :** दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को दिल्ली पुलिस की 'क्लोजर रिपोर्ट' स्वीकार कर ली जिसमें भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने वाली एक पहलवान (जब वह अवयस्क थी) द्वारा दायर मामले को रद्द करने की मांग की गई थी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश गोमती मनोचा ने कहा, 'मामले को रद्द करना स्वीकार किया गया।' चैंबर के भीतर एक अगस्त 2023 को कार्यवाही के दौरान, 'नाबालिग' ने न्यायाधीश से कहा था कि वह मामले में दिल्ली पुलिस की जांच से संतुष्ट है और 'क्लोजर रिपोर्ट 'का विरोध नहीं करती है। दिल्ली पुलिस ने 15 जून 2023 को लड़की से जुड़े मामले को रद्द करने की मांग करते हुए रिपोर्ट दायर की थी , जब उसके पिता ने जांच के बीच में चौंकाने वाला दावा किया कि उसने लड़की के साथ कथित अन्याय का बदला लेने के लिए बृजभूषण के खिलाफ यौन उत्पीड़न की झूठी शिकायत की थी।

## भारत के पैरा एथलीट महेंद्र गुर्जर ने स्विट्जरलैंड में भाला फेंक एफ42 स्पर्धा में विश्व रिकॉर्ड बनाया



**नयी दिल्ली :** भारत के महेंद्र गुर्जर ने स्विट्जरलैंड में नॉटविल विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में पुरुषों की भाला फेंक एफ42 श्रेणी में 61.17 मीटर के प्रयास से विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। भारत के 27 वर्षीय खिलाड़ी ने 2022 में ब्राजील के रॉबर्टो फ्लोरियानी एडेनिलसन द्वारा बनाए गए 59.19 मीटर के पिछले विश्व रिकॉर्ड में सुधार किया। महेंद्र ने अपने तीसरे प्रयास में भाले को 61.17 मीटर की विश्व रिकॉर्ड दूसरी तक फेंका। उनके शुरुआती दो प्रयास 56.11 और 55.51 मीटर के रहे। रविवार को उनके अंतिम तीन थ्रो 58.54 मीटर, 57.25 मीटर और 58.07 मीटर के रहे। एफ42 वर्ग उन खिलाड़ियों के लिए है जिनके एक पैर की मूवमेंट मध्यम रूप से प्रभावित होती है। पैरालंपिक में दो बार स्वर्ण पदक जीतने वाले और विश्व रिकॉर्ड धारक सुमित अंतिल ने भी पुरुषों की भाला फेंक एफ64 स्पर्धा में 72.35 मीटर के प्रयास के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। एफ64 वर्ग उन एथलीटों के लिए है जिनके एक या दोनों पैरों में मामूली रूप से मूवमेंट प्रभावित होता है या अंग नहीं होता। महेंद्र ने एफ40, एफ57, एफ63 और एफ64 के पैरा एथलीटों के साथ संयुक्त स्पर्धा में भाग लिया। महेंद्र के कोच समरजीत सिंह माल्ही ने स्विट्जरलैंड से पीटीआई को बताया, 'यह एक संयुक्त स्पर्धा थी जिसमें अन्य वर्ग के पैरा एथलीटों ने भी भाग लिया। महेंद्र ने एफ42 में स्वर्ण पदक जीता और उसी वर्ग में विश्व रिकॉर्ड भी बनाया।' उन्होंने कहा, 'विभिन्न वर्ग के पैरा एथलीटों के लिए एक संयुक्त स्पर्धा में प्रतिस्पर्धा करना सामान्य बात है।' यह ग्रां प्री स्पर्धा में महेंद्र का दूसरा स्वर्ण है। उन्होंने 23 मई को 5.59 मीटर के प्रयास के साथ लंबी कूद टी42 स्पर्धा में भी पोडियम पर शीर्ष स्थान हासिल किया था। माल्ही ने कहा, 'भाला फेंक के अलावा, हमने लंबी कूद भी शुरू कर दी है। यह उनकी (महेंद्र की) लंबी कूद टी42 में पहली प्रतियोगिता है और इस स्वर्ण के बाद वह एशिया के नंबर एक खिलाड़ी बन जाएंगे।'

## आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप: तेजस्विनी को स्वर्ण, भारत पदक तालिका में शीर्ष पर



**सुहल (जर्मनी) :** भारतीय निशानेबाज तेजस्वनी ने सोमवार को यहां आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप में महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता जिससे चीन को पछाड़कर भारत तालिका में शीर्ष पर रहा। हरियाणा की 20 वर्ष की तेजस्विनी का यह विश्व कप में पहला पदक है। जूनियर निशानेबाजों के लिए दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में भारत तीन स्वर्ण, चार रजत और चार कांस्य सहित कुल 11 पदकों के साथ तालिका में शीर्ष पर है। तेजस्विनी ने आठ महिलाओं के फाइनल में पांच शॉट लगाकर कुल 31 अंक बनाए। व्यक्तिगत तटस्थ एथलीट के तौर पर भाग ले रही बेलारूस की एलिना नेस्टियारोविच ने 29 के साथ रजत पदक जीता जबकि हंगरी की मिरियम जाको ने 23 अंक बनाकर कांस्य पदक हासिल किया। तेजस्विनी इससे पहले क्वालिफिकेशन चरण में 575 अंक के साथ चौथे स्थान पर रही थी। चीन की ताओताओ झाओ इसमें 589 अंक के साथ शीर्ष पर थी। ताओताओ (18) हालांकि फाइनल में चीनी ताइपे की येन-चिंग चेंग (22) के बाद पांचवें स्थान पर रही। महिलाओं की 25 मीटर स्पर्धा में अन्य भारतीय रिया शिरीष थट्टे, नाम्या कपूर और दिवांशी क्वालिफिकेशन में क्रमशः 15वें, 18वें और 24वें स्थान पर रहीं। भारत ने पिछले पांच में से चार आईएसएसएफ जूनियर स्पर्धाओं में शीर्ष स्थान हासिल किया है। इससे पहले भारत सुहल में 2023 विश्व कप और पिछले साल पेरू के लीमा में संयुक्त जूनियर विश्व चैम्पियनशिप में शीर्ष पर रहा था।

## सात्विक-चिराग से दमदार वापसी की उम्मीद; प्रणय, लक्ष्य, सिंधू भी सिंगापुर ओपन में चुनौती पेश करेंगे



**सिंगापुर :** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष जोड़ी फिटनेस संबंधी चिंताओं को दूर करने के बाद मंगलवार से यहां शुरू हो रहे सिंगापुर ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में सितारों से सजी भारतीय चुनौती की अगुवाई करेगी। विश्व की पूर्व नंबर एक जोड़ी ने पिछली बार मार्च में ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में चुनौती पेश की थी। यह जोड़ी हालांकि चिराग की पीठ की चोट के कारण दूसरे दौर में ही हट गई थी। सात्विक की स्वास्थ्य समस्याओं के कारण वे सुदीरमन कप से भी नहीं खेल सके थे। इस साल की शुरुआत में मलेशिया ओपन और इंडिया ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे वाली यह भारतीय जोड़ी यहां मलेशिया के चूंग होन जियान और मुहम्मद हाइकल के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। पिछले सप्ताह मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में पहुंचकर किदांबी श्रीकांत ने खुद की और पिछले कुछ महीनों में भारतीय बैडमिंटन पर छाई निराशा को दूर करने में कामयाबी हासिल की। उन्होंने पिछले कुछ महीनों से भारत के एकल खिलाड़ियों के टूर्नामेंट में सप्ताह दर सप्ताह अच्छा प्रदर्शन करने में विफल रहने की परिपाटी को तोड़ा। श्रीकांत हालांकि इस सप्ताह प्रतिस्पर्धा नहीं करेंगे लेकिन वह अपने हमवतन खिलाड़ियों को 10 लाख डॉलर पुरस्कार राशि वाले टूर्नामेंट में अच्छा करने के लिए प्रेरित जरूर करेंगे। विश्व चैंपियनशिप (2023) के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय ने कुआलालंपुर में श्रीकांत के शानदार प्रदर्शन को करीब से देखा था। वह डेनमार्क के रासमस गेम्के के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करते समय इसी तरह का दमदार प्रदर्शन करना चाहेंगे। प्रणय पिछले साल चिकनगुनिया से जूझने के बाद लय हासिल करने की कोशिश में हैं।

## टी20 विश्व कप मेरे दिमाग में है : केएल राहुल



**नयी दिल्ली :** भारत के सीनियर बल्लेबाज केएल राहुल अगले साल भारत में होने वाले विश्व कप के जरिये टी20 टीम में वापसी करना चाहते हैं और उन्होंने कहा कि इस प्रारूप से दूर रहने से उन्हें सफेद गेंद के प्रारूप में अपने खेल में सुधार का मौका मिला। राहुल पिछले तीन साल से भारत के लिये टी20 क्रिकेट नहीं खेले हैं। उन्होंने आखिरी बार आस्ट्रेलिया में 2022 टी20 विश्व कप में खेला था जब भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में हार गई थी। राहुल ने स्काय स्पोटर्स से कहा, 'मैं टी20 टीम में वापसी करना चाहता हूं और विश्व कप मेरे जेहन में है। लेकिन इस समय मैं सिर्फ अपने खेल का मजा लेना चाहता हूं।' मौजूदा टी20 चैम्पियन भारत 2026 में श्रीलंका के साथ विश्व कप की मेजबानी करेगा। आईपीएल में राहुल की दिल्ली कैपिटल्स टीम प्लेआफ के लिये क्वालीफाई नहीं कर सकी लेकिन उन्होंने 13 मैचों में 149.72 की स्ट्राइक रेट से 539 रन बनाये। राहुल ने छह सत्र में पांचवीं बार 500 से अधिक रन बनाये हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे सफेद गेंद के प्रारूप में अपने खेल पर काम करने का मौका मिला। मैं अपने प्रदर्शन से खुश हूं लेकिन 12 या 15 महीने पहले मुझे अहसास हुआ था कि खेल बदल रहा है और तेज होता जा रहा है। इसमें वही टीम जीत रही है जो अधिक चौके छक्के लगा रही है।' राहुल ने कहा, 'मैं पिछले कुछ साल से टी20 टीम का हिस्सा नहीं हूं। इससे मुझे इस प्रारूप में अपने खेल पर विचार करने का मौका मिला।' उन्होंने कहा, 'मैने बैठकर सोचा कि कहां बेहतर हो सकता हूं और मुझे खेल की रफ्तार पकड़ने के लिये क्या करना होगा। टी20 टीम में वापसी करने और वनडे तथा टी20 प्रारूप में टीम का महत्वपूर्ण हिस्सा बनने के लिये क्या करना होगा।' अपने एक दशक के कैरियर में राहुल का भारतीय टीम में बल्लेबाजी क्रम स्थिर नहीं रहा लेकिन उन्होंने कहा कि टीम की जरूरत के अनुसार अपने खेल में बदलाव करके उन्हें खुशी मिलती है। उन्होंने कहा, 'अगर आपने मेरा कैरियर देखा हो तो मुझे नहीं लगता कि मेरे पास विकल्प थे और मैं वह खिलाड़ी नहीं रहा हूं जो चयनकर्ताओं से बात करे या कप्तान से बोले कि मैं ऐसा करना चाहता हूं।' राहुल ने कहा, 'मैं बस टीम में रहना चाहता हूं और हर चुनौती का सामना करना चाहता हूं।'' भारत को पिछली दो टेस्ट श्रृंखलाओं में न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया ने हराया। राहुल ने कहा, 'हम पिछली दो श्रृंखलाओं में बेहतर बल्लेबाजी कर सकते थे। घरेलू हालात में हमने तीन टेस्ट गंवाये। हमें रन बनाने पर मेहनत करनी होगी। निर्णायक क्षणों में नाकाम रहने का खामियाजा हमें आस्ट्रेलिया में भुगतना पड़ा और हमने वही गलतियां दोहराई।'



## इंडिगो में 3.4 प्रतिशत हिस्सेदारी बेच सकते हैं राकेश गंगवाल, पारिवारिक ट्रस्ट



**नयी दिल्ली :** इंटरग्लोब एविएशन के प्रवर्तक राकेश गंगवाल और उनका पारिवारिक ट्रस्ट मंगलवार को एयरलाइन में कम से कम 6,831 करोड़ रुपये में 3.4 प्रतिशत हिस्सेदारी बेच सकते हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी। इंडिगो के सह-संस्थापक गंगवाल दूसरे सह-संस्थापक राहुल भाटिया के साथ तीखे विवाद के बाद चरणबद्ध तरीके से अपनी हिस्सेदारी बेच रहे हैं। सूत्रों ने कहा कि गंगवाल के अलावा चिंकरपू फैमिली ट्रस्ट देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो में 3.4 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचेगी। चिंकरपू फैमिली ट्रस्ट की न्यासी शोभा गंगवाल और डेलावेयर की जेपी मॉर्गन ट्रस्ट कंपनी हैं। उन्होंने कहा कि निवेश बैंकिंग फर्म गोल्डमैन सैक्स (इंडिया) सिक्योरिटीज प्राइवेट लिमिटेड, मॉर्गन स्टेनली इंडिया कंपनी और जे पी मॉर्गन इंडिया हिस्सेदारी बिक्री के लिए नियोजन एजेंट हैं। इस समय गंगवाल और पारिवारिक ट्रस्ट के पास इंडिगो में कुल मिलाकर लगभग 13.5 प्रतिशत हिस्सेदारी है। पीटीआई-भाषा को मिले दस्तावेजों के अनुसार, 27 मई को होने वाले प्रस्तावित लेनदेन के तहत 5,175 रुपये प्रति शेयर के निचले मूल्य पर 1.32 करोड़ इक्विटी शेयर बेचे जाएंगे। यह निचला मूल्य सोमवार के बंद भाव की तुलना में 4.5 प्रतिशत कम है।

# शेयर बाजार में लगातार दूसरे सत्र तेजी, सेंसेक्स 455 अंक चढ़ा



**मुंबई :** भारत के दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने और यूरोपीय संघ पर लगाए गए अमेरिका के 50 प्रतिशत सीमा शुल्क को नौ जुलाई तक टालने से सोमवार को स्थानीय शेयर बाजारों में तेजी रही और सेंसेक्स 455 अंक चढ़ गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 148 अंक की बढ़त में रहा। बीएसई का 30 शेयर पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 455.37 अंक यानी 0.56 प्रतिशत चढ़कर 82,176.45 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 771.16 अंक चढ़कर 82,492.24 अंक पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी 148 अंक यानी 0.60 प्रतिशत चढ़कर 25,001.15 अंक पर बंद हुआ। यह शेयर बाजार में तेजी का लगातार दूसरा सत्र रहा। शुक्रवार को भी सेंसेक्स में 769.09 अंक और निफ्टी में 243.45 अंक की बढ़त दर्ज की गई थी। विशेषज्ञों ने कहा कि मानसून के समय से पहले आने और भारतीय रिजर्व बैंक की तरफ से सरकार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए रिकॉर्ड 2.69 लाख करोड़ रुपये का लाभांश देने की घोषणा ने भी बाजारों में सकारात्मक धारणा को बल दिया। सेंसेक्स की कंपनियों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयरों में सर्वाधिक 2.17 प्रतिशत की तेजी रही। इसके अलावा एचसीएल टेक, टाटा मोटर्स, नेस्ले, आईटीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर, लार्सन एंड टुब्रो और टेक महिंद्रा भी बढ़त में रहीं। दूसरी तरफ, इटर्नल (पूर्व में जोमैटो), अल्ट्राटेक सीमेंट, पावर ग्रिड, टाटा स्टील और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर में गिरावट आई। इटर्नल में सर्वाधिक 4.51 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। जियोजीत इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'यूरोपीय संघ पर घोषित आक्रामक शुल्क की समयसीमा बढ़ाने पर विचार करने के अमेरिकी निर्णय के साथ डॉलर सूचकांक में गिरावट ने भी स्थानीय शेयर बाजारों में उछाल को गति दी।' नायर ने कहा कि दक्षिण-पश्चिम मानसून के शुरुआती रुझान और घरेलू बॉन्ड प्रतिफल में गिरावट ने भी निवेशकों को जोखिम से भरी परिसंपत्तियों पर अपना ध्यान बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया है।

## जियोस्टार ने भारतीय क्रिकेट टीम के इंग्लैंड दौरे के लिए सोनी पिक्चर्स से हाथ मिलाया




**नयी दिल्ली :** प्रमुख प्रसारक जियोस्टार और सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया ने 2025 और 2026 में भारतीय क्रिकेट टीम के इंग्लैंड दौरे के लिए सहयोग समझौते की सोमवार को घोषणा की। इसके तहत जियोस्टार के पास स्ट्रीमिंग अधिकार होंगे, जबकि सोनी पिक्चर्स के पास टेलीविजन प्रसारण अधिकार होंगे। इस साझेदारी व्यवस्था के मुताबिक, जियोस्टार अपने ओटीटी मंच जियोहॉटस्टार पर भारत के इंग्लैंड दौरे के सभी मैचों (टेस्ट, वनडे और टी20) को खास तौर पर दिखाएगा, जबकि सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर इनका टीवी प्रसारण किया जाएगा। जियोस्टार के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (खेल एवं सजीव अनुभव) संजोग गुप्ता ने कहा कि यह साझेदारी भारत के इंग्लैंड दौरे तक सार्वभौमिक पहुंच सुनिश्चित करेगी। सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) गौरव बनर्जी ने इसे क्रिकेट कवरेज को फिर से परिभाषित करने वाली 'अपनी तरह की पहली साझेदारी' बताया। भारत-इंग्लैंड की टेस्ट सीरीज 20 जून को हेडिंग्ले, लीड्स में पहले टेस्ट के साथ शुरू होगी और ओवल में 31 जुलाई को समाप्त होगी। इस साझेदारी में 2026 की सीमित ओवरों के मुकाबले भी शामिल होंगे जिसमें तीन वनडे और पांच टी20 मैच खेले जाएंगे।

## एसबीआई आसानी से बढ़ाया जा सकने वाला ढांचा तैयार करने में जुटाः चेयरमैन



**नयी दिल्ली :** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन सी एस शेट्टी ने कहा है कि बैंक अनुशासित लागत प्रबंधन, कम लागत वाली जमाराशियों और शुल्क आधारित आय के विस्तार के आधार पर स्थायी रिटर्न के लिए एक ऐसा ढांचा विकसित कर रहा है जिसे आसानी से बढ़ाया जा सके। शेट्टी ने बैंक के शेयरधारकों को भेजे संदेश में कहा, 'चालू खाते और बचत खाते (कासा) में मजबूत वृद्धि, डिजिटल क्रॉस-सेलिंग क्षमताओं और मार्जिन के लिहाज से संवेदनशील परिसंपत्ति आवंटन के साथ हम स्थायी रिटर्न के लिए एक आसानी से बढ़ाया जा सकने वाला मॉडल तैयार कर रहे हैं।' उन्होंने वित्त वर्ष 2024-25 की सालाना रिपोर्ट में कहा, 'एक साथ ये रणनीतिक कदम हमें न केवल भारत के सबसे बड़े बैंक के रूप में, बल्कि ग्राहकों और निवेशकों दोनों के लिए दीर्घकालिक मूल्य प्रदान करने के लिए विश्वास, पैमाने और नवाचार को संतुलित करते हुए सबसे आगे की ओर देखने वाले बैंक के रूप में स्थापित करते हैं।' एसबीआई ने वित्त वर्ष 2024-25 में 70,901 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया है जो वित्त वर्ष 2023-24 के 61,077 करोड़ रुपये से 16 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने कहा कि बैंक सतत और जोखिम-समायोजित वृद्धि हासिल करने के लिए ऋण क्षमता मूल्यांकन, पोर्टफोलियो निगरानी और प्रारंभिक चेतावनी का पता लगाने के लिए उन्नत विश्लेषण तरीकों का फायदा उठा रहा है। उन्होंने कहा कि देश के सबसे बड़े बैंक के रूप में एसबीआई का रणनीतिक ध्यान परिचालन दक्षता में सुधार, ग्राहक अनुभव को बढ़ाने, बाजार नेतृत्व कायम रखने, मानव संसाधन क्षमताओं को मजबूत करने, जोखिम-समायोजित वृद्धि का समर्थन करने और लाभप्रदता में सुधार करने पर है।

## अंतरिम व्यापार समझौते पर बातचीत के लिए अमेरिकी अधिकारियों के भारत आने की उम्मीद

**नयी दिल्ली:** अमेरिकी अधिकारियों का एक दल आने वाले हफ्तों में भारत आ सकता है, जो दोनों देशों के बीच प्रस्तावित अंतरिम व्यापार समझौते पर अगले दौर की चर्चा करेगा। सूत्रों ने यह जानकारी दी। यह दौरा इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत और अमेरिका नौ जुलाई से पहले अंतरिम व्यापार समझौते पर सहमत हो सकते हैं। अभी तक हुई बातचीत में भारत ने घरेलू वस्तुओं पर 26 प्रतिशत जवाबी शुल्क से पूरी छूट देने पर जोर दिया है। सूत्रों में से एक ने कहा, 'व्यापार वार्ता के लिए अमेरिकी दल के भारत आने की उम्मीद है। बातचीत तेज गति से आगे बढ़ रही है।'भारत के मुख्य वार्ताकार, वाणिज्य विभाग में विशेष सचिव राजेश अग्रवाल ने पिछले सप्ताह वाशिंगटन की अपनी चार दिवसीय यात्रा पूरी की।

## न्यूज अपडेट

### सोना 550 रुपये चढ़ा, चांदी में 1,170 रुपये की तेजी

**नयी दिल्ली:** आभूषण विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं की सतत लिवाली से सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 550 रुपये बढ़कर 99,300 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत शुक्रवार को 98,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। पिछले सप्ताह बुधवार से सोने की कीमतों में 2,760 रुपये प्रति 10 ग्राम की तेजी आई है। सोमवार को 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 500 रुपये बढ़कर 98,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया।साथ ही, चांदी की कीमत 1,170 रुपये बढ़कर 1,00,370 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 99,200 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। इस बीच, विदेशी बाजारों में हाजिर सोना 24.83 डॉलर प्रति औंस या 0.74 प्रतिशत गिरकर 3,332.59 डॉलर प्रति औंस रह गया। मेहता इक्विटीज लिमिटेड के उपाध्यक्ष-जिंस राहुल कलंत्री ने कहा, ''राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा यूरोपीय संघ के सामान पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाने की समयसीमा को नौ जुलाई तक टालने के बाद सुरक्षित-निवेश विकल्प माने जाने वाले सर्राफा की मांग कमजोर पड़ने से अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोने की कीमतों में गिरावट आई।'

### 'रुपया 35 पैसे की बढ़त के साथ 85.10 प्रति डॉलर पर

**मुंबई :** घरेलू शेयर बाजारों के सकारात्मक रुख और विदेशों में डॉलर के कमजोर होने से अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को रुपया लगातार दूसरे सत्र में तेजी के साथ 35 पैसे बढ़कर 85.10 पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, विदेशी कोषों का प्रवाह बढ़ने तथा भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सरकार को 2.69 लाख करोड़ रुपये का रिकॉर्ड लाभांश देने की घोषणा से रुपये को मजबूती मिली। हालांकि, कच्चे तेल की कीमतों में मामूली सुधार ने रुपये के लाभ को सीमित कर दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.02 पर खुला और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले दिन के कारोबार के उच्चस्तर 84.78 और निचले स्तर 85.18 के बीच घूमता रहा। कारोबार के अंत में रुपया 85.10 प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 35 पैसे की तेजी है।

### सरकार ने कुछ चमड़ा उत्पादों पर बंदरगाह प्रतिबंध हटाए

**नयी दिल्ली :** सरकार ने सोमवार को तैयार, गीले नीले और 'ईआई टैन्ड' सहित कुछ खास प्रकार के चमड़े के निर्यात पर बंदरगाह प्रतिबंध हटा दिए। इस कदम का क्षेत्र के निर्यातकों ने स्वागत किया है। सरकार ने तैयार चमड़े, गीले नीले चमड़े, क्रस्ट चमड़े और 'ईआई (पूर्वी भारत) टैन्ड' चमड़े के लिए केंद्रीय चमड़ा अनुसंधान संस्थान (सीएलआरआई) द्वारा परीक्षण और प्रमाणन की आवश्यकता को भी समाप्त कर दिया है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने अधिसूचना में कहा, 'अधिसूचना इन चमड़ा उत्पादों के निर्यात पर बंदरगाह प्रतिबंधों को तत्काल प्रभाव से हटाती है।' चमड़ा निर्यातकों ने कहा कि इस कदम से निर्यात को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।

### मझोले उद्यमों में कौशल अंतराल दूर करने में तुर्किये से सीख सकते हैं तौर-तरीकेः नीति आयोग

**नयी दिल्ली :** नीति आयोग की एक रिपोर्ट में तुर्किये को उन देशों में से एक बताया गया है जहां से भारत अपने मझोले उद्यमों में कौशल अंतराल को दूर करने के लिए वैश्विक सर्वोत्तम व्यवहार को अपना सकता है। सरकारी शोध संस्थान नीति आयोग की 'मझोले उद्यमों के लिए नीति बनाना' शीर्षक रिपोर्ट में मझोले उद्यमों को प्रोत्साहित करने के लिए कनाडा, सिंगापुर और ऑस्ट्रेलिया के अलावा तुर्किये में संचालित कार्यक्रमों को भी सूचीबद्ध किया गया है। रिपोर्ट कहती है कि तुर्किये का 'कोसजेब' संगठन उद्यमिता पर दूरस्थ प्रशिक्षण प्रदान करता है, ई-अकादमी कार्यक्रम के जरिये समय और स्थान की बाधाओं के बिना एक प्रभावी, आसान और लचीला उद्यमिता प्रशिक्षण देता है और महिलाओं, युवाओं एवं दिव्यांग उद्यमियों के लिए तरजीही उपचार का भी प्रावधान करता है।' रिपोर्ट में कहा गया, 'ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम सब्सिडी दर पर और हाशिये पर मौजूद समूहों के लिए निःशुल्क मुहैया कराए जा सकते हैं (जैसा कि तुर्किये की ई-अकादमी में प्रदान किया गया है)।

वर्ष 10, पूर्णांक 4248 अंक 058, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in